Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

Page 09

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



खेल

**'टीम इंडिया में जल्द दिखेगा जलवा', वैभव की फैन हुई शेफाली, रिकॉर्ड्स से भरा करियर**

देश

**महिला आरक्षण पर बीएसपी चीफ मायावती ने कांग्रेस और सपा पर जमकर साधा निशाना**



शुक्ल पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शनिवार • 18 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 136 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,41,350 | ₹ 2,65,000 |

## आज का इतिहास

**1853 :** भारत में पहली ट्रेन मुंबई और ठाणे (अब छत्रपति शिवाजी टर्मिनल) के बीच चली। यह 36 किमी का सफर था। भारत में उस समय ट्रेन की शुरूआत देश की एक बड़ी उपलब्धि थी।

**2005 :** भारत मुंबई स्थित 'जिन्ना हाउस' पाकिस्तान को देने पर सहमत।

**1994 :** 98 वाँ बोस्टन मैराथन केन्या के कोस्मस नडेती ने जीता था। उन्होंने सिर्फ 2 घंटे 7 मिनट 15 सेकंड में मैराथन पूरी की।

सोनपुर हरिहरनाथ मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जनता दरबार में सुनीं शिकायतें, कहा

# समस्याओं का त्वरित मिलेगा समाधान शासन-प्रशासन की जवाबदेही होगी तय

• लोगों ने उठाए भ्रष्टाचार और अफसरशाही के मुद्दे, नई सरकार के फैसलों पर भी तेज हुई चर्चा

निज संवाददाता | पटना/सोनपुर



बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को सोनपुर स्थित हरिहरनाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, वहीं आम श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित रखा गया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पटना में जनता दरबार लगाकर आम लोगों की समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जहां सुरक्षा जांच और पंजीकरण के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सरकार का कहना है कि 'जनता दरबार' के माध्यम से शासन-प्रशासन की जवाबदेही तय होगी और लोगों को त्वरित समाधान मिल सकेगा।

जनता दरबार में दूर-दराज से आए लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे उनकी समस्याओं का समाधान आसान होगा। मसौढ़ी से पहुंचे एक बुजुर्ग ने राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार और अफसरशाही पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान में स्थिति चरम पर है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में अपराधियों में भय उत्पन्न होगा और व्यवस्था में सुधार आएगा। वहीं बाढ़ से आई मीता देवी ने रोजगार की मांग रखते हुए कहा कि वह मैट्रिक पास हैं और किसी भी प्रकार की नौकरी करने को तैयार हैं। इधर, नई सरकार के फैसलों को लेकर राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। जदयू विधायक अनंत सिंह ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान मोकामा क्षेत्र में अस्पताल निर्माण की मांग की और शराबबंदी समाप्त करने की वकालत की। उनका कहना है कि वर्तमान में भी अवैध शराब का सेवन जारी है, जिससे नीति की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े होते हैं। वहीं आरएलएम विधायक माधव आनंद ने भी शराबबंदी नीति की समीक्षा की आवश्यकता जताई और कहा कि इससे राज्य को राजस्व का नुकसान हो रहा है। गौरतलब है कि राज्य में अभी मंत्रिमंडल का पूर्ण विस्तार नहीं हुआ है।

### टीआरई-4 की प्रक्रिया शुरू

इधर, नई सरकार बनते ही टीआरई-4 की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथे चरण (टीआरई-4) की तैयारी में जुट गया है। 20 अप्रैल तक इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। परीक्षा की तिथि 22 से 27 सितंबर निर्धारित की गई है।

नारी शक्ति रन का आयोजन

## सीएम ने रैली को दिखाई हरी झंडी

**पटना (नि.सं.)।** पटना में शुक्रवार को जेपी गंगा पथ पर "नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन" का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएम सम्राट चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रन जेपी गंगा पथ गोलंबर से शुरू होकर एलसीटी घाट तक आयोजित की गई, जिसमें सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी प्रतिभागी शामिल हुईं। आयोजन में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरे कार्यक्रम का माहौल ऊर्जा और उत्साह से भर गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना देश का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था।

बिहार में जनगणना 2027 की शुरुआत, पहली बार पूरी प्रक्रिया होगी डिजिटल

# सीएम सम्राट चौधरी ने किया शुभारंभ, एक मई तक ऑनलाइन स्व-गणना का मौका

निज संवाददाता | पटना



बिहार में जनगणना 2027 की प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ शुक्रवार को हो गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में स्व-गणना की शुरुआत करते हुए इसे डिजिटल युग की ओर एक बड़ा कदम बताया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी ऑनलाइन पंजीकरण कर अभियान में भागीदारी की। जिला प्रशासन ने इसे देश का सबसे व्यापक प्रशासनिक अभियान बताते हुए कहा है कि इसे समयबद्ध, सटीक और त्रुटिरहित तरीके से पूरा करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनगणना 2027 दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में 'मकान सूचीकरण एवं आवास गणना' के तहत घरों की स्थिति, सुविधाएं और संसाधनों की जानकारी जुटाई जाएगी, जबकि दूसरे चरण में 'जनसंख्या गणना' के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित विवरण जैसे नाम, आयु, शिक्षा, व्यवसाय और अन्य सामाजिक-आर्थिक जानकारी दर्ज की जाएगी। इस बार जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना के लिए आधिकारिक पोर्टल पर मोबाइल नंबर के जरिए पंजीकरण कर ओटीपी के माध्यम से लॉग-इन करना होगा। इसके बाद मांगी गई सभी जानकारियां भरकर फॉर्म जमा करने पर एक रेफरेंस नंबर प्राप्त होगा, जिसे प्रगणक के आने पर दिखाना होगा। इससे प्रक्रिया सरल और तेज हो जाएगी। जो लोग ऑनलाइन माध्यम का उपयोग नहीं कर पाएंगे, उनके लिए पारंपरिक व्यवस्था भी जारी रहेगी। प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल ऐप या टैबलेट के जरिए जानकारी दर्ज करेंगे। इसके लिए आमतौर पर किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन सही जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है।

फॉर्म में घर की बनावट, कमरों की संख्या, पानी, बिजली और ईंधन की व्यवस्था जैसी जानकारियों के साथ-साथ व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, लिंग, जन्म तिथि, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा, रोजगार और प्रवासन से जुड़ी सूचनाएं मांगी जाएंगी। प्रशासन के अनुसार 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके बाद 2 मई से 31 मई तक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य किया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से इस बार डेटा संग्रहण अधिक पारदर्शी, तेज और सटीक होगा। प्रगणक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सीधे डेटा अपलोड करेंगे, जिससे त्रुटियों की संभावना कम होगी। जनगणना कार्य के सफल संचालन के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को डेटा संग्रहण, प्रपत्र भरने और डिजिटल उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पटना जिले में ही हजारों कर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि हर घर तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान प्राप्त सभी आंकड़े पूरी तरह गोपनीय रहेंगे और उनका उपयोग केवल सरकारी नीतियों और योजनाओं के निर्माण में किया जाएगा।

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

• शरीर में पानी की कमी
• उल्टी, तेज बुखार
• कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
• हृदयाघात, मस्तिष्काघात
• कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग

* साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
* तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्म्च से लू प्रभावित व्यक्ति को देते रहें
* बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें

इनका नियमित सेवन करें :-

नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है

• गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
• घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
• लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
• ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोंछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
• लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव।

हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें

PR. No.- 377740/IPRD/2025-26

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

104 चिकित्सा सलाह — 24x7 Health Information Helpline

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार


### कौआकोल में फरार अभियुक्त के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई

**कौआकोल।** कौआकोल थाना कांड संख्या-480/25 के फरार अभियुक्त रीना देवी,पति उमेश साव के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर पुलिस द्वारा कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई। अपर थानाध्यक्ष एसआई अविनाश कुमार ने बताया कि मामले की नामजद अभियुक्त व लालपुर गांव निवासी रीना देवी हत्या के एक मामले में काफी दिनों से फरार चल रही थी तथा नोटिस एवं गिरफ्तारी प्रयास के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रही थी। इसके बाद न्यायालय से कुर्की-जब्ती का आदेश प्राप्त होने पर पुलिस टीम ने दंड प्रक्रिया संहिता के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त के घर पहुंचकर संपत्ति की कुर्की की प्रक्रिया पूरी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घर में मौजूद सामानों की सूची तैयार कर जब्ती की औपचारिकता पूरी की तथा आसपास के लोगों की मौजूदगी में कार्रवाई संपन्न कराई गई।

### ज्ञान भारतम मिशन के तहत प्राचीन पांडुलिपियों के संकलन एवं डिजिटलीकरण का विशेष अभियान

**नवादा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत नवादा जिले में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों के संकलन एवं उनके डिजिटलीकरण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 15.04.2026 को उप विकास आयुक्त, नवादा श्रीमती नीलिमा साहु द्वारा रजौली संगत, रजौली का दौरा किया गया। इस दौरान पांडुलिपियों के सर्वेक्षण में लगभग 1400 पृष्ठों की 400 वर्ष पुरानी गुरुमुखी लिपि में हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब की महत्वपूर्ण पांडुलिपि प्राप्त हुई, जिसे ज्ञान भारतम ऐप पर सफलतापूर्वक निबंधित किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि ज्ञान भारतम मिशन का मुख्य उद्देश्य देश की समृद्ध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना है। ताड़पत्र, भोजपत्र, कपड़े अथवा पुराने कागजों पर लिखी पांडुलिपियों में प्राचीन ज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, खगोल विज्ञान एवं स्थानीय इतिहास का महत्वपूर्ण भंडार निहित है, जो समय के साथ नष्ट होने के कगार पर हैं। इस मिशन के माध्यम से इन अमूल्य धरोहरों को आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से डिजिटल रूप में संरक्षित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पांडुलिपियों का स्वामित्व संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था के पास ही सुरक्षित रहेगा तथा जिला प्रशासन द्वारा केवल उनका वैज्ञानिक विधि से डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिससे उन्हें राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी का हिस्सा बनाया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें तथा अपने पास उपलब्ध अथवा जानकारी में आने वाली प्राचीन पांडुलिपियों की सूचना संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी अथवा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं।

### दिल्ली सेन्ट्रल स्कूल के बच्चों ने पाई शत- प्रतिशत सफलता विद्यालय प्रबंधन ने दिया शुभकामना




**नवादा।** शहर के कोनिया पर स्थित दिल्ली सेन्ट्रल स्कूल के बच्चों ने इस बार भी सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। इस स्कूल के शत प्रतिशत बच्चे मैट्रिक परीक्षा में उतीर्ण हुए हैं। विद्यालय के सन्नी दयाल 93प्रतिशत, रीया कुमारी 83,बिक्रम 80,मानस 78,रोशनी 74,अंकित 74एवं राखी ने 70प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रेम सिन्हा एवं प्राचार्य अर्चना सिन्हा ने कहा की विद्यालय के शत प्रतिशत छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। सभी छात्र -छात्राओं को शुभकामना देतें हुए कहा की सभी छात्र उच्च शिक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। परीक्षाफल प्रकाशित होते ही विद्यालय के छात्रों में खुशी ली लहर दौड़ गयी।कम प्रदर्शन करने बालों छात्रों का हौसला अफजाई करते हुए उन्होंने कहा की निराश होने की जरूरत नही है, मेहनत करें आगे आप निश्चित तौर पर सफल होंगे। मौके पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें मौजूद थे।

### सोलर प्लेट लगाते युवक की सांप काटने से मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



**कौआकोल।** जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बन्दैली के पास सोलर प्लेट लगाने आए एक 27 वर्षीय युवक गोलू कुमार की विषैले सांप काट लेने से मौत हो गई। वे नालंदा जिले के परवलपुर गांव निवासी विक्रम केवट के इकलौते पुत्र थे। जानकारी के अनुसार गोलू कुमार निजी कंपनी के माध्यम से सौर ऊर्जा प्लेट लगाने का काम कर रहे थे। पोल पर चढ़ने के दौरान सांप ने उनके पैर में डंस लिया। साथी अमित कुमार ने तुरंत उन्हें नीचे उतारकर प्राथमिक उपचार कराया और नवादा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है। स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता देने की मांग की है।

### नामांकन अभियान को लेकर छात्र, छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली, अभिभावकों में दिखा उत्साह



रैली में शामिल स्कूली बच्चे एवं शिक्षकगण

**नरहट (नवादा)।** नरहट प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, दाय बिगहा में शुक्रवार को नामांकन अभियान के तहत छात्रों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य क्षेत्र के अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना था। रैली की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. प्रभात कुमार तथा मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने संयुक्त रूप से की। छात्र-छात्राओं ने अपने पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और बच्चों का नामांकन कराने की अपील की।

इस अवसर पर शिक्षकगण में चंदन कुमार, आशुतोष उपाध्याय, अजीत कुमार, सरोज पाठक, टुटू कुमार, अशोक कुमार, पंकज कुमार, संजय कुमार, मनीष कुमार सहित शिक्षिकाओं में प्रियंका कुमारी, राधा कुमारी, रानी कुमारी, निशा सिंह, कुमारी श्वेता, वंदना कुमारी, नेहा कुमारी, भारती कुमारी, सिंधु कुमारी एवं आसन बानो सक्रिय रूप से शामिल रहीं। रैली के दौरान छात्रों ने विभिन्न नारों के माध्यम से शिक्षा के महत्व को बताया। इस पहल से अभिभावकों में सकारात्मक संदेश गया और कई बच्चे नामांकन के लिए उत्साहित नजर आए। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि इस अभियान से नामांकन में वृद्धि होगी और शिक्षा का स्तर और सुदृढ़ होगा।

## नरहट पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# बदलपुर बधार में गला काटकर हत्या मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

◆ **रजौली एसडीपीओ ने प्रेस कांफ्रेंस कर हत्यारोपी की गिरफ्तारी एवं हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद की दी जानकारी**

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**नवादा (नवादा)।** करीब एक माह पूर्व थाना क्षेत्र के बदलपुर बधार में गला काटकर की गई हत्या के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड में मृतक का ही रिश्ते में भतीजा मुख्य आरोपी निकला, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

मामले का खुलासा करते हुए रजौली के एसडीपीओ गुलशन कुमार और नवादा सदर के डीएसपी राजन कुमार ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बनायाबिगहा गांव निवासी स्व. महावीर प्रसाद के पुत्र अनुज प्रसाद की हत्या कर शव को बदलपुर बधार में फेंक दिया गया था।

इस संबंध में मृतक की पत्नी अंशु देवी ने नरहट थाने में कांड संख्या 95/26 दर्ज कराते हुए संजय प्रसाद पिता अंक्षु महतो को नामजद आरोपी बनाया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संजय प्रसाद को उसी दिन गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।


गिरफ्तार आरोपी के साथ प्रेस कांफ्रेंस करते एसडीपीओ रजौली

हालांकि, आगे की तकनीकी जांच के दौरान नए तथ्य सामने आए। इसके आधार पर पुलिस ने मृतक के भतीजे पप्पू कुमार पिता-सुनील प्रसाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस के अनुसार, आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया कुट्टी काटने वाला छुरा बरामद किया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी और मृतक के बीच रास्ते और पुराने विवाद को लेकर लंबे समय से तनाव था। हाल ही में गृह प्रवेश के दौरान हुए विवाद ने इस घटना का कारण बना। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपी ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया था। खून के छींटे कपड़ों पर न पड़ें, इसके लिए उसने घटना के समय केवल जांघिया पहन रखा था। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## जनगणना 2027 प्रशिक्षण का प्रारंभ, प्रगणकों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश




सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के तहत नगर परिषद सभागार, बिक्रमगंज में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रथम बैच का प्रशिक्षण शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चार्ज अधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी, बिक्रमगंज तथा सिटी मैनेजर आनंद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।प्रशिक्षण में नगर क्षेत्र के चयनित प्रगणक एवं पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं। उन्हें जनगणना कार्य को सुचारु, सटीक एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञ फील्ड ट्रेनर विकास कुमार पांडेय एवं आशीष कुमार पाठक ने प्रतिभागियों को जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने घर-घर जाकर आंकड़ों के संकलन, डिजिटल ऐप के माध्यम से डेटा एंट्री तथा सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया पर विशेष बल दिया। साथ ही, प्रगणकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि वे फील्ड में आने वाली समस्याओं का प्रभावी समाधान कर सकें।कार्यपालक पदाधिकारी ने संबोधन के दौरान कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं। अतः सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सजगता एवं ईमानदारी के साथ करें।सिटी मैनेजर आनंद कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का प्रथम बैच तीन दिनों तक चलेगा। इसके उपरांत अन्य दो बैचों का प्रशिक्षण भी चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम में तकनीकी सहायक के रूप में कार्यपालक सहायक संतोष कुमार सिंह, प्रदीप राणा सहित अंजनी कुमार सिंह, संजय तिवारी, राजू कुमार, शशिकांत तिवारी,संगीता कुमारी, वर्षा पटेल, जुली कुमारी ,जाकिर हुसैन समेत अन्य प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में ग्यारहवीं में नामांकन के लिए मेधावी विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर

**बारहवीं बोर्ड के साथ -साथ होती है मेडिकल ,आईआईटी और एनडीए की तैयारी**

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**नवादा।** सीबीएसई बोर्ड की दसवीं परीक्षा परिणाम पिछले बुधवार को जारी किया गया। परिणाम आने के बाद पूरे मगध क्षेत्र में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉडर्न इंग्लिश स्कूल ने अपना दबदबा बनाए रखा। दसवीं की परीक्षा हो या 12वीं की नवादा जिले को पिछले कई वर्षों से टॉपर देने का काम विद्यालय किया है ।इस वर्ष भी दसवीं बोर्ड परीक्षा में भव्या भारती ने 98% अंक लाकर पूरे प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। साथ ही साथ 77 से अधिक विद्यार्थियों ने भी 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। अपने शैक्षणिक प्रदर्शन से संतुष्ट होकर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा 11वीं में नामांकन के लिए जिला भर के मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस वर्ष दसवीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए किसी भी विद्यालय के विद्यार्थी रहे,अगर वे 11वीं में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में नामांकन करवाना चाहते हैं नवादा में ही रहकर पटना, कोटा की तरह बारहवीं बोर्ड और मेडिकल और आईआईटी की तैयारी करना चाहते हैं तो दसवीं की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ट्यूशन फीस (शिक्षण शुल्क) में आकर्षक छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह छूट सीमित समय के लिए रखा गया है। मीडिया को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ अनुज सिंह ने बताया कि विद्यालय के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 11वीं में नामांकन प्रारंभ हो चुका है।

नए सत्र 2026-28 के लिए विशेष सुविधा के अंतर्गत— सीमित समय के लिए ट्यूशन फीस (शिक्षण शुल्क) में आकर्षक छूट प्रदान की जा रही है। जहां 95% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 75% छूट, 90% से 94% अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 50% छूट, एवं 75% से 89% अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 25% छूट दी जाएगी। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ अनुज सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य कम खर्चे में विद्यार्थियों को उचित शिक्षा प्रदान करना है। हमारे विद्यालय में कुशल शिक्षकों के नेतृत्व में अध्ययन अध्यापन का कार्य करवाया जाता है,जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। नवादा के बच्चे अपने माता-पिता के साथ रहकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करें इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय ने यह फैसला लिया है। यहां छात्रों को पढ़ाई के लिए बेहतर कक्षाएं, स्वच्छ परिसर और अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। नवादा के अभिभावकों से अपील है कि आप अपने बच्चों का नामांकन करवाकर छूट का लाभ उठा सकते हैं। विद्यालय आपके बच्चों की भविष्य की उज्जवल कामना करता है। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है कि आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर विद्यार्थी विद्यालय में पढ़कर बारहवीं बोर्ड के साथ साथ आईटी मेडिकल और एनडीए जैसे प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करें।

## 119-ए एक्सप्रेसवे भूमि अधिग्रहण पर किसानों का तीसरे दिन भी उग्र प्रदर्शन, फिर भी निर्माण कार्य शुरू

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**काराकाट / रोहतास।** काराकाट नगर पंचायत क्षेत्र में ग्रीनफील्ड 119-ए एक्सप्रेसवे के लिए अधिगृहित भूमि के मुआवजे को लेकर किसानों ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी जोरदार प्रदर्शन किया। भू-अर्जन पदाधिकारियों और एनएचएआई टीम के पहुंचते ही सैकड़ों किसान मौके पर जुट गए और सीमांकन व खुदाई का विरोध करने लगे। किसानों का मुख्य आरोप है कि उनकी आवासीय-व्यावसायिक भूमि को नोटिस में कृषि भूमि दिखाकर 2013 के बाजार मूल्य पर कम मुआवजा तय किया जा रहा है। उनका कहना है कि क्षेत्र 2021 के बाद पूरी तरह विकसित हो चुका है, इसलिए 2021 के बाद के बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा मिलना चाहिए। मुआवजा न मिलने के कारण मामला आर्बिट्रेटर आयुक्त के पास लंबित है। प्रदर्शनकारियों ने जेसीबी से काम शुरू होने पर भारी नाराजगी जताई। प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर स्थिति संभाली।



एसडीएम प्रभात कुमार ने किसानों को समझा-बुझाकर काम शुरू कराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भू-अर्जन व एनएचएआई टीम काराकाट में कैंप लगाकर किसानों की शिकायतें सुनेगी। इसके बाद झंडी दिखाकर जेसीबी से खुदाई शुरू हो गई। स्थल पर एनएचएआई के रवि रंजन, भू-अर्जन अधिकारी के अलावा किसान नेता अनंत तिवारी, दीपक कुमार तिवारी, संजय कुमार तिवारी, मंगलेश पांडे, अजय कुमार तिवारी, अशोक कुमार तिवारी, राजकुमार शर्मा, शिव शंकर प्रसाद, रामजग तिवारी, कुमार गौतम, सुशील ओझा, भगवती शरण तिवारी, दिनेश यादव, रूपेश कुमार गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। किसानों ने निर्माण शुरू होने पर दुख जताया, लेकिन प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया। यह प्रदर्शन एक्सप्रेसवे परियोजना में किसानों की लंबित मांगों को उजागर करता है। प्रशासन ने कैंप के माध्यम से समाधान का भरोसा दिया है, लेकिन किसान उचित मुआवजे तक आंदोलन जारी रखने पर अड़े हैं।

## रजौली में नामांकन बढ़ाने को लेकर छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सहयोग से निकाली प्रभातफेरी, गूंजे जागरूकता के नारे

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय एवं अमावां मध्य विद्यालय में शुक्रवार को धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने पोषक क्षेत्र में शिक्षकों के साथ प्रभातफेरी निकालकर लोगों को नामांकन के लिए जागरूक किया। बिहार विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन बढ़ाने के लिए 1 से 30 अप्रैल तक विशेष नामांकन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान बच्चों को शिक्षित करने और स्कूलों में सुविधाएं सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता रानी ने बताई कि विद्यालय में प्रवेश लिए नए छात्रों को चंदन टीका लगाकर एवं फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही नामांकित छात्रों के बीच निःशुल्क पुस्तक का वितरण किया गया। विद्यालय में नामांकन बढ़ाने को लेकर छात्रों एवं शिक्षकों के सहयोग से प्रभातफेरी निकाली गई।


प्रभातफेरी के दौरान छात्र एवं शिक्षण

प्रभातफेरी के दौरान छात्रों द्वारा "स्कूल चले हम", "आधी रोटी खाएंगे, फिर भी स्कूल जाएंगे", और "पढ़ेगा बच्चा, बढ़ेगा बिहार" जैसे प्रेरक नारे लगाए गए। प्रभातफेरी विद्यालय से निकलकर बजरंगबली चौक होते हुए बीआरसी तक पहुंची,फिर बीआरसी से बजरंगबली चौक होते हुए प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय,मनोकामना धाम एवं पोषक क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों से गुजरते हुए पुनः विद्यालय परिसर आई। वहीं दूसरी ओर अमावां मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि 6 वर्ष की उम्र के सभी बच्चों का नजदीकी विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने के लिए नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझा रहे हैं। साथ ही उन्हें विद्यालय में सरकारी सुविधाओं, जैसे पोशाक, छात्रवृत्ति और मध्याह्न भोजन की जानकारी दी जा रही है। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका संगीता कुमारी,कविता झा, तनुजा कुमारी, रजनी शर्मा, शबनम परवीन , शिल्पी रानी व नीलम कुमारी, शिक्षक सुनील कुमार, शेषांग कुमार, सुबोध कुमार, नीलेंद्र कुमार, सुमन सौरभ, अमित कुमार समेत सैकड़ों बच्चे शामिल थे।

## डीएम की अध्यक्षता में जनसुनवाई, शिकायतों का ऑन द स्पॉट समाधान




सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

नवादा बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 25 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना-नवादा सदर, ग्राम-गोनावा के अमरेंद्र कुमार सिंह द्वारा नली एवं रास्ता अवरुद्ध करने के संबंध में, थाना-नवादा सदर, ग्राम-गोडधोवा के नवल पासवान द्वारा दाखिल-खारिज पर रोक लगाने के संबंध में, थाना-सिरदला, ग्राम-सिंघौल के सोनू यादव द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में तथा थाना-कौआकोल, ग्राम-उखड़िया टोला की अनोखी कुमारी द्वारा नल-जल से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं।

जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा सदर/रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

## बिजवन के पशुपालकों को मिली बड़ी राहत,एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर का सफल आयोजन

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**रजौली।** पशुपालकों की समस्याओं के समाधान एवं पशुधन उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय अंधरवारी के तत्वावधान में शुक्रवार को लेंगुरा पंचायत के बिजवन गांव में एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार, डॉ. रेषु कुमार एवं डॉ. नीरज कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में पशु चिकित्सालय से उमेश चौधरी, धीरज कपूर, राजू कुमार, लालू कुमार एवं सुजीत कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर की अध्यक्षता वार्ड सदस्य मंटु कुमार ने की। इस अवसर पर रजौली प्रखंड की मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की टीम डॉ. बिपिन बिहारी प्रसाद, पप्पू कुमार एवं विद्यासागर कुमार की विशेष सहभागिता रही,जिससे शिविर की सेवाएं और अधिक प्रभावी एवं सुलभ बन सकी। शिविर के दौरान मैत्री व टीका कर्मी रमभज्जू कुमार, संजय कुमार, विनोद कुमार, सुधांशु रंजन सहित अन्य सहयोगी कर्मियों की उपस्थिति में पशुपालकों को पशु बांझपन से संबंधित समस्याओं का वैज्ञानिक तरीके से निदान किया गया।


शिविर में किसानों को सलाह देते कर्मी

इस शिविर में कुल 53 पशुपालकों के 146 पशुओं का निःशुल्क उपचार किया गया, जिसमें गाय, भैंस एवं अन्य दुधारू पशुओं की जांच, आवश्यक दवाओं का वितरण तथा उपचार किया गया। पशु चिकित्सकों द्वारा पशुपालकों को पशु बांझपन के प्रमुख जैसे असंतुलित पोषण, समय पर गर्भाधान न होना, हार्मोनल असंतुलन, परजीवी संक्रमण एवं उचित प्रबंधन की कमी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पशुओं की प्रजनन क्षमता बढ़ाने हेतु संतुलित आहार, खनिज मिश्रण, समयबद्ध टीकाकरण, कृमिनाशक दवाओं के नियमित उपयोग तथा स्वच्छ प्रबंधन अपनाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पशुपालकों ने इस प्रकार के शिविरों को ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया तथा भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की निरंतरता की मांग की। शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र के पशुपालकों में उत्साह देखा गया और उन्होंने पशु पालन विभाग के इस प्रयास की सराहना की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### फल दुकानदार के बंद घर से 9.50 लाख की चोरी, गृह प्रवेश में ससुराल गया था परिवार



**नालंदा**। नालंदा में फल दुकानदार के बंद घर से करीब 9.50 लाख चोरी हुई है। गुरुवार देर रात चोर ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे। गहने और कैश लेकर फरार हो गए। घटना नूरसराय थाना क्षेत्र के साहसराय टोला की है। पीड़ित सत्येंद्र कुमार ने बताया कि 15 अप्रैल को ससुराल हरनौत में गृह प्रवेश का कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने के लिए परिवार के साथ गया था। शुक्रवार सुबह जब करीब 8:00 बजे वापस लौटा। देखा कि घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। कमरे के अंदर पूरा सामान बिखरा हुआ था। दुकान की बिक्री और अन्य जमा पूंजी मिलाकर करीब 6.5 लाख रुपए नगद, 3 लाख के जेवरात पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। वारदात से पहले चोरों ने घर की रेकी की होगी, इसके बाद मौके का फायदा उठाकर अहले सुबह इस वारदात को अंजाम दिया है। वहीं, मामले की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ह्रदयगंज,कोसी कॉलोनी के दीक्षा रानी ने 91.8 प्रतिशत अंक लाकर कटिहार वासियों का मान बढ़ायी

**कटिहार**। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा में कटिहार के ह्रदय गंज,कोसी कॉलोनी,वार्ड संख्या एक के निवासी राजू कुमार मिश्रा की पुत्री दीक्षा रानी ने 91.8 प्रतिशत अंक लाकर कटिहार जिले वासी का मान बढायी है।दीक्षा रानी को का रिजल्ट आते ही माता आरती देवी, पिता राजू कुमार मिश्रा,भाई ऋषभ राज,बड़े पापा अनिल कुमार मिश्रा,नाना विद्या कर ठाकुर ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। दीक्षा रानी के पिता राजू कुमार मिश्रा व्यवसायी हैं। माता आरती देवी कुशल गृहणी है। भाई ऋषभ राज आईआईटी,जे.ई.ई. की पढ़ाई राजस्थान के कोटा में कर रहे हैं। माता आरती देवी,पिता राजू कुमार मिश्रा ने बताया कि दीक्षा रानी बचपन से ही पढ़ने लिखने में मेधावी रही है।पढ़ाई लिखाई के अलावे संगीत तथा कबड्डी खेल में अग्रणी भूमिका निभाते आ रही है। दीक्षा रानी को कुल अंक 459 प्राप्त हुआ है,जो 91.8% है। अंग्रेजी में 95, संस्कृत में 96, गणित में 87, विज्ञान में 94, सोशल साइंस में 87 अंक प्राप्त हुआ है। माता आरती देवी, पिता राजू कुमार मिश्रा कहते हैं कि दीक्षा रानी का जन्म 16 दिसंबर 2011 को हुई है। दीक्षा रानी की पठन-पाठन कराने में हम लोग समर्पण की भावना रखते हुए इन्हें आगे बढ़ाने के लिए नियमित रूप से प्रेरित करते आ रहा हूं। और आगे भी करुंगा। माता-पिता का कहना है कि दीक्षा रानी डॉक्टर बनना चाहती है और इस दिशा में हम लोग इन्हें भरपूर सहयोग करेंगे। दीक्षा रानी डॉक्टर बनकर समाज के गरीब तबके के लोगों की सेवा करुंगी। दीक्षा रानी नर्सरी से वर्ग 5 तक ग्लेनहिल स्कूल में पठन-पाठन की है।वर्ग 6 से मैट्रिक तक की पढ़ाई जयमाला शिक्षा निकेतन कटिहार में की है।

दीक्षा रानी ने कहा कि मेरी कामयाबी का श्रेय मेरे माता-पिता,भाई के साथ-साथ जयमाला शिक्षा निकेतन के निदेशक डॉक्टर सुशील कुमार सुमन, घरेलू शिक्षक अजय कुमार चौधरी, जयमाला शिक्षा निकेतन के प्रिंसिपल अजय कुमार निराला, शिक्षक मिथिलेश झा, मिथिलेश सिंह, सौरभ मिश्रा,अमित मिश्रा को जाता है। मुझे जयमाला शिक्षा निकेतन में पठन-पाठन कराने का तौर तरीका एवं सिस्टम बहुत अच्छा लगा। यहां का माहौल शैक्षणिक माहौल बना रहता है। जिसके कारण इस माहौल का मुझे लाभ मिला। दीक्षा रानी मेडिकल क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती है।यह मेडिकल आफिसर बनना चाहती है। दीक्षा रानी विद्यालय स्तरीय कई प्रतियोगिता में भाग लेकर अव्वल स्थान प्राप्त करती रही है। 2021 में विद्यालय स्तरीय वाद विवाद, म्यूजिक प्रतियोगिता में प्रथम श्रेणी में आई और इन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। 2022 में कटिहार टाउन हॉल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत में प्रथम स्थान प्राप्त की और इन्हें मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। 2024 में विद्यालय में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आई और विद्यालय की ओर से इन्हें सम्मानित किया गया। दीक्षा रानी कहती है कि मैं मेडिकल ऑफिसर बनकर समाज के हर वर्ग की सेवा करूंगी।खास कर गरीब तबके की लोगों का सेवा भर चढ़कर करूंगी। इसलिए मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं, और माता-पिता का सपना को सरकार करूंगी। दीक्षा रानी ने आने वाले मैट्रिक परीक्षा में छात्र-छात्राओं के लिए संदेश देते हुए कहा है कि छात्र-छात्राओं को कांसेप्ट को जरूर पढ़ना चाहिए और नियमित रूप से रिवाइज करने से सफलता जरूर मिलेगी।

### आद्रिशा अधिकारी ने 484 अंक लाकर कटिहार जिला वासियों को किया गौरवान्वित

**कटिहार**। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित मैट्रिक की परीक्षा में बिनोदपुर वार्ड संख्या 31 के निवासी सुब्रतो अधिकारी की पुत्री आद्रिशा अधिकारी ने 484 अंक लाकर कटिहार जिला वासियों को गौरवान्वित की है।आद्रिशा अधिकारी 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त की है। जिसमें अंग्रेजी में 90, संस्कृत में 96, गणित में 97, विज्ञान में 97, सोशल साइंस में 94 तथा पेंटिंग में 100 अंक प्राप्त की है। इनके अच्छे रिजल्ट आने से उनके माता रूबी अधिकारी, पिता सुब्रतो अधिकारी,दादी डोली अधिकारी,बुआ सुरभि अधिकारी ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। माता रूबी अधिकारी, पिता सुब्रतो अधिकारी, दादी डोली अधिकारी ने कहा कि अद्रिशा अधिकारी पढ़ने लिखने के साथ-साथ स्कूल में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में निरंतर भाग लेकर अव्वल स्थान पर आती रही है। 2023 में विद्यालय स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर आयी। 2024 में दूसरे स्थान पर आयी। पुनः 2024 में पहले स्थान प्राप्त की है। तीन ऑन प्रतियोगिता में इन्हें ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आद्रिशा अधिकारी का जन्म 2 अप्रैल 2010 में हुई है।यह नर्सरी से छःह तक ए.भी.एम पब्लिक स्कूल अमला टोला में पठन-पाठन की है। 7 से मैट्रिक तक स्कोटिश पब्लिक स्कूल कटिहार में पढ़ाई की है। इनका शौक पेंटिंग और लेखन में है।अद्रिशा अधिकारी वैज्ञानिक बनना चाहती है। आद्रिशा अधिकारी ने कहा कि मैं वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करूंगी।

### जयमाला शिक्षा निकेतन की छात्रा कल्पना भारती ने मैट्रिक परीक्षा में 94% अंक से उत्तीर्ण कर लहरायी परचम

**कटिहार**। जयमाला शिक्षा निकेतन कटिहार की छात्रा कल्पना भारती ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा में 467 यानी 94% अंक से उत्तीर्ण की है। कल्पना भारती के पिता मनीष कुमार राज, माता मुन्नी देवी ने बताया कि कल्पना भारती बचपन से ही पढ़ाई लिखाई के अलावे पेंटिंग सहित अन्य विधाओं में अव्वल आती रही है। यह मूल निवासी मधेपुरा जिला के शंकरपुर प्रखंड के बसंतपुर गांव के हैं।लेकिन इन्होंने कटिहार के जयमाला शिक्षा निकेतन के हॉस्टल में रहकर पठन-पाठन करती आ रही है। इनके पिता मनीष कुमार राज रेलवे सिविल इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत हैं। माता मुन्नी देवी कुशल गृहणी है। ये तीन बहन है। बड़ी बहन रीमा भारती जो 12वीं में पढ़ती है। छोटी बहन प्रीति प्रभा जो नवीं कक्षा में पढ़ती हैं। इन्हें अंग्रेजी में 92, संस्कृत में 93, गणित में 93,विज्ञान में 90, सोशल साइंस में 93 पेंटिंग में 99 अंक प्राप्त हुआ है।

# जेल में रेड, पुलिस ने बैरक-टॉयलेट की तलाशी ली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। बिहार में नई सरकार बनते ही पुलिस एक्शन मोड में हैं। शुक्रवार की सुबह नालंदा में एक साथ रेड पड़ी। इस दौरान पुलिस ने जेलों में बैरक की सघन जांच की है। बड़े अपराधियों की बैरक तक भी पुलिस पहुंची। टॉयलेट, किचन इन जगहों की भी तलाशी ली गई है। छापेमारी को लेकर अभी पुलिस कोई जानकारी नहीं दे रही है, लेकिन बताया जा रहा है कि CM की सख्ती के बाद ये कार्रवाई की गई है।

**नालंदा में सुबह 4 बजे पहुंची 100 पुलिस वालों की टीमः** नालंदा में जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने बिहारशरीफ मंडल कारा में सुबह 4 बजे छापेमारी की। अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस की टुकड़ियां जेल के अंदर दाखिल हुई। एक-एक वार्ड की बारीकी से तलाशी ली गई। अचानक हुई इस दस्तक से जेल कर्मियों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लगभग तीन घंटे तक चली छापेमारी के बीच सुबह करीब साढ़े छह बजे डीएम कुंदन कुमार और एसपी भारत सोनी भी मंडल कारा पहुंचे। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लगभग 20 मिनट तक जेल के अंदर रहने के बाद दोनों वहां से रवाना हो गए। छापेमारी के बाद जब मीडिया ने बरामदगी को लेकर अधिकारियों से सवाल किए, तो उन्होंने फिलहाल कुछ भी बोलने से परहेज किया और सीधे अपनी गाड़ी में बैठकर निकल गए। हालांकि, आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, करीब 100 से अधिक पुलिस जवानों की मौजूदगी में चली इस सघन तलाशी



के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है। वर्तमान में इस मंडल कारा में 925 के करीब बंदी है, जिनकी सुरक्षा और जेल के अंदर की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के उद्देश्य से यह ऑपरेशन चलाया गया था।

**जेल के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था** : छापेमारी अभियान में एडीएम, सदर एसडीओ, अपर पुलिस अधीक्षक समेत साइबर, लॉ एंड ऑर्डर, हेडक्वार्टर और सुरक्षा डीएसपी जैसे कई वरीय अधिकारी शामिल थे। साथ ही दीपनगर, बिहार, लहेरी और नालंदा समेत कई थानों की पुलिस और पुलिस लाइन के जवानों को भी इसमें तैनात किया गया था। अधिकारी और जवान चार बड़ी बसों और एक दर्जन से अधिक छोटी गाड़ियों के काफिले के साथ जेल पहुंचे थे। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई को राज्य में कानून-व्यवस्था की सख्ती से जोड़कर देखा जा रहा है।

**मुजफ्फरपुर में 4.30 बजे DM-SSP के साथ रेडः** मुजफ्फरपुर की शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में शुक्रवार सुबह जिलाधिकारी (DM) सुब्रत कुमार सेन और वरीय पुलिस अधीक्षक (SSP) कांतेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी की गई। यह तलाशी अभियान सुबह करीब 4:30 बजे शुरू हुई। डीएम और एसएसपी के साथ दर्जनों थानों की पुलिस और पुलिस लाइन के बड़ी संख्या में जवानों ने जेल परिसर को चारों ओर से घेर लिया। अधिकारियों ने जेल के सभी वार्डों की बारीकी से जांच की। सर्च ऑपरेशन के दौरान जेल में बंद कई कुख्यात अपराधियों के हाई सिक्योरिटी वार्ड पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस टीम ने कैदियों के बिस्तरों, शौचालयों और वार्ड के हर कोने की तलाशी ली। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जेल के भीतर से संचालित होने वाले संभावित आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त करना और मोबाइल फोन, सिम कार्ड या मादक पदार्थों जैसी आपत्तिजनक सामग्री बरामद करना था। करीब 3 घंटे चली इस सघन तलाशी के बावजूद जेल के अंदर से कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

# नालंदा में शादी के लिए अब एसडीओ दिलाएंगे गैस सिलेंडर, कार्ड के साथ देना होगा आवेदन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा जिले में शादी के सीजन के बीच रसोई गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय मोड में नजर आ रहा है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने स्पष्ट किया है कि जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 9000 से अधिक घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध है। हालांकि, शादियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत न हो, इसके लिए एक विशेष व्यवस्था लागू की है। अब जिन घरों में मांगलिक कार्य निर्धारित हैं, उन्हें अपने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी(एसडीओ) के पास शादी के कार्ड और एक आवेदन के साथ अपनी जरूरत बतानी होगी। इस आवेदन में कार्यक्रम में शामिल होने वाले मेहमानों की संभावित संख्या और आवश्यक सिलेंडरों का ब्यौरा देना अनिवार्य है, ताकि सत्यापन के बाद उन्हें सीधे कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराए जा सकें।

**सिलेंडर भिजवाया जा रहा हैः** सदर एसडीओ क्रिषलय श्रीवास्तव ने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत अब तक 70 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिनमें से अधिकांश का निस्तारण



कर एमओ के माध्यम से सिलेंडर भिजवाए जा रहे हैं। प्रशासन की यह सख्ती और प्रक्रिया इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि नालंदा का मैरिज कल्चर राजधानी पटना से काफी अलग है। जिले के लगभग 90 प्रतिशत मैरिज हॉलों में 'प्लेट सिस्टम' के बजाय 'स्वयं हलवाई' रखने की परंपरा है, जिससे गैस से लेकर राशन तक का सारा इंतजाम सीधे तौर पर वर या वधू पक्ष को ही करना पड़ता है। मैरिज हॉल संघ के अध्यक्ष पंकज सिंह ने भी स्वीकार किया है कि इस अनूठी परंपरा के कारण सिलेंडर जुटाने की सीधी जिम्मेदारी परिवारों पर आ गई है, जो इस सीजन में एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

**लोगों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबरः**

♦ **कालाबाजारी पर जिला प्रशासन सख्त**

प्रशासनिक सख्ती और प्रक्रियागत जटिलताओं को देखते हुए जिले के कई परिवारों ने अब सुरक्षित विकल्प के तौर पर पारंपरिक साधनों की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। बिहार शरीफ जैसे इलाकों में लोग अब कोयले और लकड़ी के चूल्लों की व्यवस्था को प्राथमिकता दे रहे हैं। ताकि शादी के ऐन मौके पर गैस की कमी के कारण उत्सव में कोई बाधा न आए। वहीं दूसरी ओर, जिलाधिकारी ने एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए पाइपलाइन गैस (PNG) के उपयोग पर भी जोर दिया है। बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव के कई वार्डों में पीएनजी पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। अब तक 1500 से अधिक कनेक्शन दिए जा चुके हैं। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी भी दी है कि घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग या जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए टोल-फ्री नंबर 06112-233168 पर शिकायत दर्ज कराने का भी विकल्प दिया गया है।

### सेंट्रल जेल में रात 2 बजे रेड, पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे एसडीएम



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। बिहार में नई सरकार बनते ही गयाजी पुलिस एक्शन मोड में हैं। शुक्रवार आधी रात करीब 2 बजे के बाद सेंट्रल जेल में छापेमारी हुई है। एसडीएम अनिल कुमार रमन के नेतृत्व में पुलिस टीम जेल पहुंची। एक साथ सभी वार्ड को घेरा गया। हर कोने की तलाशी ली गई। सेंट्रल जेल में कुल 28 वार्ड है। खास बात यह रही कि सभी वार्ड की जांच एक ही समय पर शुरू की गई। किसी को भनक तक नहीं लगी। टीम ने कैदियों के बैरक, सामान और आसपास की हर चीज को खंगाला। लंबी जांच के बाद भी कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ, लेकिन अचानक हुई इस कार्रवाई से जेल के अंदर देर रात तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

**शेरघाटी में भी रेडः** इसके अलावा शेरघाटी उपकारागार में भी छापेमारी की गई। एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने सघन तलाशी अभियान चलाया। हर बैरक और वार्ड को बारीकी से चेक किया गया। लेकिन यहां भी कोई संदिग्ध सामान हाथ नहीं लगा। भले ही इस रेड में कुछ बरामद नहीं हुआ, लेकिन अचानक बदले समय पर हुई इस छापेमारी ने कैदियों के साथ-साथ जेल कर्मियों को भी सतर्क कर दिया है। एसडीएम अनिल कुमार रमन ने बताया कि छापेमारी पूरी तरह योजनाबद्ध थी। आधी रात का समय इसलिए चुना गया ताकि किसी तरह की गतिविधि छिपाई न जा सके। दोनों जेलों में एक साथ कार्रवाई की गई।

# अल्पसंख्यक हॉस्टल में पानी किल्लत, शौचालय भी गंदे, भवन भी हो रहा जर्जर, स्टूटेंड्स बोले- हम कैसे पढ़ाई करें, आयुक्त ने दिए जांच के आदेश



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी शहर में अल्पसंख्यक छात्रावास बदहाल हो चुका है। लगातार शिकायतें मिलने के बाद मामला ऊपर तक पहुंचा है। अब मगध प्रमंडल के आयुक्त एसएम शफिना ने जांच के आदेश दिए हैं। इसके अलावा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की भूमिका भी जांच के दायरे में है। हॉस्टल करीमगंज में है। दरअसल, छात्रों की शिकायतें छोटी नहीं हैं। छात्रावास में पानी की किल्लत है। शौचालय गंदे पड़े हैं। साफ-सफाई की हालत बेहद खराब है। रोजमर्रा की बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रहीं। छात्रावास में रहने वाले छात्र इन हालात में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। सबसे बड़ा खतरा भवन की हालत को लेकर है।

छात्रावास की इमारत जर्जर हो चुकी है। कभी भी हादसा हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद अब तक न मरम्मत हुई और न कोई ठोस पहल। इसके अलावा जिस काम को अधिकारी को करना चाहिए, वे स्टूडेंट से करवाया जा रहा लड़कों ने मेस के लिए कुक की डिमांड की थी, पर कल्याण विभाग ने ये काम स्टूडेंट्स को ही करने को कह दिया।

**अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी करेंगे जांचः** छात्रों की समस्या को लेकर जिला परिषद सदस्य गुलिस्ता खातून और सह-निवेदक मोहम्मद औरंगजेब ने शुक्रवार को आयुक्त को आवेदन देकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की। आवेदन में आरोप लगाया गया कि बार-बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। न समय पर निरीक्षण हुआ, न ही सुधार की दिशा में पहल दिखी। यही वजह है कि अब प्रशासन हरकत में आया है। आयुक्त ने अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी को खुद छात्रावास जाकर स्थिति की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है, ताकि आगे की कार्रवाई तय हो सके। छात्रों का कहना है कि इस लापरवाही का सीधा असर उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई पर पड़ रहा है। गंदगी और पानी की कमी से परेशानी बढ़ रही है। ऐसे माहौल में पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। वहीं, जर्जर भवन में रहना खुद को जोखिम में डालने जैसा है।

# 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा पारा 19 अप्रैल के बाद चलेगी पछुआ हवा

## दो दिन तक उमस भरी गर्मी करेगी परेशान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में तापमान बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अब हालात ऐसे हैं कि 19 अप्रैल के बाद पछुआ हवा चलेगी, फिर गर्मी और बढ़ जाएगी। अगले 7 दिन में पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम का यह बदला मिजाज आम लोगों के साथ किसानों के लिए भी परेशानी है। फिलहाल पुरवा हवा चल रही है। इस वजह से उसम भी है। मौसम विशेषज्ञ एसके पटेल के मुताबिक, अभी दो-तीन दिन तक यही उमस भरी गर्मी रह सकती है। इसके बाद जैसे ही पछुआ हवा लौटेगी, लू शुरू हो जाएगा।

**बुधवार को पारा 40 के पार गया थाः** गुरुवार को अधिकतम पारा 39.4 डिग्री और न्यूनतम 23.4 डिग्री दर्ज किया गया था। इससे एक दिन पहले बुधवार इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। उस दिन पारा 40.7 डिग्री तक पहुंच गया था। अब अनुमान है कि 19-20 अप्रैल के बाद गर्म पछुआ हवा चलेगी। इसकी वजह से मौसम का



मिजाज ओर भी गर्म होगा। अभी फिलहाल गर्मी का 'डबल अटैक' देखने को मिल रहा है। पछुआ की जगह पुरवैया हवा चल रही है। इससे लू जैसी गर्मी से थोड़ी राहत तो मिली है लेकिन उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है। नमी का स्तर 70-80 फीसदी तक पहुंच गया। पंखा भी बेअसर, कूलर-एसी की जरूरत महसूस होने लगी है।

**दिन में सड़कें रहती खाली, सुबह-शाम रहती भीड़ः** गर्मी का असर अब शहर की दिनचर्या पर साफ दिखने लगा है। तेज धूप के बीच दोपहर में मुख्य मार्ग को छोड़कर सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। लगन का सीजन होने के बावजूद लोग धूप में निकलने से बच रहे हैं। सुबह और शाम को ही बाजारों में हलचल दिख रही है। बेल का शरबत, सत्तू, आइसक्रीम और ठंडे पेय के ठेलों पर भीड़ बढ़ गई है। गर्मी का सबसे ज्यादा असर खेतों पर पड़ रहा है। गरमा फसल के साथ साग-सब्जियां सूखने लगी हैं। किसानों को हर दो दिन पर सिंचाई करनी पड़ रही है। पुरवैया हवा नमी लेकर आ रही है, लेकिन इससे फसलों को राहत नहीं मिल रही। उल्टे सब्जियों के दाम बढ़ने लगे हैं।

# 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' नीति का दिख रहा असर, रग्बी के रण में गोल्ड पर बिहार की नजर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। राजगीर के अत्याधुनिक खेल परिसर में आयोजित 13वीं सीनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में मेजबान बिहार की बेटियों ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर प्री-क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस शानदार प्रदर्शन के बीच मैदान पर खिलाड़ियों और कोच के उत्साह ने यह साफ कर दिया है कि बिहार में खेल संस्कृति अब एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है।

**तैयारी और सरकार का साथः** बिहार महिला टीम के कोच और अंतरराष्ट्रीय रग्बी खिलाड़ी सौरभ कुमार ने सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और सरकारी सुविधाओं को दिया। उन्होंने कहा कि हमारी टीम पिछले एक महीने से कैंप में पसीना बहा रही है। बिहार सरकार खिलाड़ियों को हर छोटी-बड़ी सुविधा तुरंत उपलब्ध करा रही है, जिससे प्रदर्शन में निखार आया है। अंडर-20 इंटरनेशनल और अब नेशनल रग्बी जैसे आयोजनों से स्थानीय बच्चों में जागरूकता बढ़ी है। जब अपनी जमीन पर बड़े मुकाबले होते हैं, तो खेल संस्कृति और कॉम्पिटिशन लेवल दोनों में सुधार होता है।

**खिलाड़ियों का संकल्पः**



♦ कोच ने कहा- पिछले 1 महीना से पसीना बहा रही टीम

**बिहार में मैच, तो गोल्ड भी बिहार काः** विगत चैंपियन बिहार टीम की कप्तान काजल कुमारी ने जीत के बाद आत्मविश्वास से लबरेज होकर कहा कि पिछली बार हमने लीग से लेकर फाइनल तक का सफर तय कर गोल्ड जीता था। इस बार भी हमारा लक्ष्य बिहार की धरती पर बिहार को गोल्ड दिलाना ही है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुड़िया कुमारी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि बिहार का दबदबा रग्बी में हमेशा से रहा है। दर्शकों से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि टीम एक बार फिर चैंपियन बनने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना बनी संजीवनीः** मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों ने राज्य सरकार की नीतियों की जमकर सराहना की। कप्तान ने कहा कि मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ सुरक्षित भविष्य की गारंटी मिल रही है। यही कारण है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों से भी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर नौकरी पाने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतर रहे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### करियवा बाल उपकारा में शुक्रवार की सुबह प्रशासन द्वारा सघन किया गया छापेमारी अभियान

**बिक्रमगंज/ रोहतास:** रोहतास जिले के बिक्रमगंज स्थित करियवा बाल उपकारा में शुक्रवार की सुबह प्रशासन द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया गया । यह कार्रवाई बिक्रमगंज एसडीएम प्रभात कुमार के नेतृत्व में की गई । छापेमारी के दौरान एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह, उपकारा अधीक्षक मोहम्मद तारिक अनवर समेत उपकारा के अन्य अधिकारी और बिक्रमगंज अनुमंडल के सभी थानों की पुलिस टीम मौजूद रही । प्रशासन की टीम ने उपकारा परिसर के विभिन्न वार्डो और बैरकों की गहन तलाशी ली । हालांकि इस दौरान कोई भी आपत्तिजनक या प्रतिबंधित सामान बरामद नहीं हुआ । अधिकारियों ने बताया कि जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इस तरह की छापेमारी समय- समय पर की जाती है । प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे,ताकि जेल परिसर में अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे । इसकी जानकारी बिक्रमगंज उपकारा अधीक्षक मोहम्मद तारिक अनवर ने दी ।

### अक्षय तृतीया का पावन पर्व इस वर्ष 19 अप्रैल 2026 दिन रविवार को पूरे अनुमंडल के सभी प्रखंडों मनाया जाएगा

**बिक्रमगंज / रोहतास :** अनुमंडल क्षेत्र एक बार फिर आस्था और परंपरा के रंग में सराबोर होने जा रहा है । अक्षय तृतीया का पावन पर्व इस वर्ष 19 अप्रैल 2026 दिन रविवार को पूरे अनुमंडल के सभी प्रखंडों में भव्यता, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा । इसको लेकर ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक व्यापक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं । धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया को "अक्षय पुण्य" देने वाली अत्यंत शुभ तिथि माना जाता है । इस दिन किए गए दान,जप,तप,विवाह,गृह-प्रवेश एवं नए कार्यो की शुरुआत को विशेष फलदायी और स्थायी शुभता प्रदान करने वाला माना जाता है । यही कारण है कि लोग इस दिन को लेकर लंबे समय से तैयारियों में जुटे रहते हैं । अनुमंडल क्षेत्र के बाजारों में भी पर्व की रौनक साफ दिखाई दे रही है । सोना-चांदी,वस्त्र,पूजा सामग्री की दुकानों पर खरीदारी को लेकर भीड़ बढ़ने की संभावना है । वहीं घर-घर में पूजा-अर्चना और पारिवारिक आयोजनों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं । विभिन्न प्रखंडों के मंदिरों में विशेष पूजा,हवन,कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा,जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाएगा । ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सामूहिक रूप से पर्व मनाने की परंपरा इस वर्ष भी देखने को मिलेगी । पूरा बिक्रमगंज अनुमंडल 19 अप्रैल को आस्था,संस्कृति और सामाजिक एकता के अद्भुत संगम का साक्षी बनेगा,जहां हर ओर धार्मिक उल्लास और उत्सव की अनूठी छटा बिखरती नजर आएगी ।

### लू का कहर: आइसक्रीम बेचने निकला युवक नहीं लौटा घर, रास्ते में हुई मौत

**करगहर (रोहतास):** भीषण गर्मी और लू का असर अब जानलेवा साबित होने लगा है। बभनी बाजार में गुरुवार की शाम एक आइसक्रीम विक्रेता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक बाजार में ही अचानक गिर पड़ा, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, शिवसागर थाना क्षेत्र के कोनार गांव निवासी बहादुर राम का 25 वर्षीय पुत्र राजू कुमार राम बभनी स्थित एक आइसक्रीम फैक्ट्री में वेंडर के तौर पर काम करता था। वह रोजाना की तरह गुरुवार को भी गांव-देहात में आइसक्रीम बेचकर शाम के समय बभनी बाजार पहुंचा था। बताया जाता है कि बाजार में ठेला लगाने के दौरान ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उसने आसपास के दुकानदारों को बताया कि तेज धूप और गर्म हवा के कारण उसे चक्कर आ रहा है। इसके बाद वह बचा हुआ आइसक्रीम लौटाने फैक्ट्री चला गया। फैक्ट्री में काम खत्म कर जैसे ही वह बाहर निकला, कुछ ही दूर चलने पर वह अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत एक निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने लू लगने से मौत की आशंका जताई है और पोस्टमार्टम की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों क्षेत्र में पड़ रही तेज धूप और लू ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी लोगों को सतर्क रहने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की जा रही है।

### ब्राह्मण महासभा रोहतास के तत्वावधान में 19 अप्रैल 2026 को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी जोर शोर से चल रही है



**सासाराम / रोहतास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रोहतास के तत्वावधान में 19 अप्रैल 2026 को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के आयोजन की तैयारी जोर शोर से चल रही है। तैयारी की समीक्षा करते हुए महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर के एन तिवारी जी एवं महासचिव संतोष मिश्रा ने जिला के समस्त विप्र बंधुओं को इस आयोजन में आमंत्रित करते हुए अपील किया है कि जो विप्र बंधु भगवान परशुराम में आस्था रखते हैं ,आप सभी इस पुनीत अवसर पर सादर आमंत्रित हैं ।जैसा की पूर्व से कार्यक्रम तय है, 18 अप्रैल 2026 के सुबह 8:00 बजे से ही भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएगा। तत्पश्चात श्री रामचरितमानस अखंड पाठ का प्रारंभ होगा जो 24 घंटे के अनुष्ठान के उपरांत 19 अप्रैल को हवन के साथ संपन्न होगा। तदुपरांत भव्य भंडारे का भी आयोजन है। आज के बैठक में तैयारी की समीक्षा की गई जिसमें महासचिव संतोष मिश्रा के द्वारा अवगत कराया गया की भंडारे के लिए अपेक्षित व्यवस्था हो चुकी है। इसके अलावा साफ सफाई, भव्य पंडाल की स्थापना ,लाइट साउंड की व्यवस्था एवं मानस पाठ के लिए योग्य अनुभवी विप्र के आगमन की सहमति प्राप्त हो गई है। 18 अप्रैल को सुबह 8:00 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएगा।

### नगर में अग्नि सेवा सप्ताह के अवसर पर अग्नि सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बिक्रमगंज / रोहतास :** नगर में अग्नि सेवा सप्ताह के अवसर पर अग्नि सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम न्यू मयूर होटल में अनुमंडलीय अग्निशमन अधिकारी अवध कुमार दास एवं जेईई के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को आग लगने की स्थिति में सतर्कता बरतने,प्राथमिक उपाय अपनाने और समय रहते सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । अधिकारियों ने बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर बड़ी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है । इस अवसर पर अग्निशमन विभाग की टीम ने आग बुझाने के उपकरणों के सही उपयोग के बारे में भी जानकारी दी और लोगों को जागरूक रहने की अपील की । कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भागीदारी रही,जिन्होंने इस पहल की सराहना की । अधिकारियों ने कहा कि अग्नि सेवा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य लोगों को आग से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षा के प्रति सजग बनाना है,ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में जान- माल की हानि को कम किया जा सके ।

नेशनल हाईवे 120 (ए) पर एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया

# सड़क किनारे पैदल जा रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचला

◆ **टक्कर इतनी भयावह थी कि स्वामीनाथ पासी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास:** शुक्रवार की अहले सुबह जब गांव की पगडंडियों पर सन्नाटा था और लोग अपने रोजमर्रा के कामों की शुरुआत भी नहीं कर पाए थे, तभी नेशनल हाईवे 120 (ए) पर एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया । काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोथा मुख्य द्वार के पास सड़क किनारे पैदल जा रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचल दिया,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । मृतक की पहचान जयश्री गांव निवासी 55 वर्षीय स्वामीनाथ पासी उर्फ बउल पासी के रूप में हुई है,जो स्वर्गीय बलूंदर पासी उर्फ यमुना पासी के पुत्र थे । बताया जाता है कि स्वामीनाथ रोज की तरह सुबह करीब 5 बजे अपने घर से बगीचे की ओर निकले थे । लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा । जैसे ही वे मोथा द्वार के समीप पहुंचे,उसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें बेरहमी से रौंद डाला और चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया ।



टक्कर इतनी भयावह थी कि स्वामीनाथ पासी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया ।घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए । देखते ही देखते सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और करीब 2 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई । सूचना मिलने पर काराकाट,नासरीगंज,कछवां और राजपुर थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया । काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन और चालक की पहचान के लिए जांच तेज कर दी गई है । इस दर्दनाक हादसे ने एक परिवार को पूरी तरह तोड़ दिया है । स्वामीनाथ पासी अपने पीछे एक असहाय पत्नी को छोड़ गए हैं । उनकी कोई संतान नहीं थी । गांव में इस घटना के बाद मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और हर आंख नम है ।

## ऐप से स्व गणना जानकारी के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर।** भारत की जनगणना 2027 में ऐप के माध्यम से स्व गणना कार्य को किये जाने का प्रशिक्षण एवं प्रचार प्रसार को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ जिला विकास पदाधकारी प्रमोद कुमार ने बैठक की.

जानकारी देते हुए बीडीओ रविराज ने बताया कि बरांव, रोतवा पड़रिया एवं सियांवक पंचायत के सभी निर्वाचित मुखिया, उप मुखिया, बीडीसी सदस्य, वार्ड सदस्य, पंच एवं सरपंच आदी प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके जनगणना कार्य 2027 में ऐप के माध्यम से स्व गणना किये जाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया.साथ हीं सभी प्रतिनिधियों को सूचित किया गया कि अगर उनके निर्वाचित क्षेत्र अंतर्गत कोई ऐसा व्यक्ति अथवा परिवार है ,जो बाहर है.जनगणना कार्य में सम्मिलित होने से वंचित है.उसे ऐप के माध्यम से स्व गणना के माध्यम से जनगणना में शामिल होने के बारे में बतायेंगे.

बरना, राजनडिह, मंगरवलिया एवं राजपुर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक शनिवार को रखा गया है. मौके पर जनगणना कार्य के नोडल पदाधिकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अखिलेश कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्राण रंजन प्रसाद, सहकारिता पदाधिकारी जनार्दन कुमार, बरांव पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजू कुमार, सरपंच मिथलेश राय, बीएलओ अशोक कुमार सेठ, जनगणना कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे कर्मी शिक्षक धीरेन्द्र कुमार, राजबली प्रसाद, सचिता कुमार समेत कई अन्य मौजूद रहे.

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र घायल, अस्पताल रेफर






सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)** बृहस्पतिवार देर शाम करीब 8:00 बजे रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव के समीप मुख्य सड़क पर एक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल संख्या BR44 L6390 पर सवार होकर राजू कुमार सिंह अपने पिता रामेश्वर सिंह के साथ मकराइन से बहुआरा जा रहे थे। इसी दौरान बलभद्रपुर के पास मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

घायलों की पहचान राजू कुमार सिंह और उनके पिता रामेश्वर सिंह, निवासी ग्राम पटखौलिया टोला, धनसोई, बक्सर के रूप में हुई है। इस संबंध में दरिहट थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को थाने ले आया गया है। घायलों को इलाज के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गांव की मिट्टी से निकला होनहार, अंकित कुमार बने डॉक्टर, अब एमएस कर ग्रामीणों की करेंगे सेवा

**डॉक्टर बन करेंगे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सेवा :डॉक्टर अंकित**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अकोढ़ी गोला( रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के छोटे से गांव केशो बिगहा से निकलकर एक बेटे ने माता-पिता का सपना साकार कर दिया है। योगेंद्र सिंह के पुत्र अंकित कुमार ने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर की उपाधि हासिल की है। गांव लौटने पर माता-पिता, सामाजिक कार्यकर्ताओं और रिश्तेदारों ने मिठाई खिलाकर अंकित कुमार को आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अंकित कुमार का परिवार मध्यम वर्ग से आता है। उनके पिता योगेंद्र सिंह औरंगाबाद सदर अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर हैं, जबकि माता सुनीता देवी बी.एससी. नर्सिंग उत्तीर्ण हैं। माता-पिता ने बताया, हमारा सपना था कि बेटा डॉक्टर बनकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सेवा करे। आज अंकित ने हमारा सपना पूरा कर दिया। डॉ. अंकित कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव से ही पूरी की। माता-पिता के सपनों को पूरा करने और ग्रामीणों की सेवा के जज्बे के साथ उन्होंने डॉक्टरी की राह चुनी। उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। उनका बैच 2020 का था और 2021 से 2026 तक के सत्र में उन्होंने पढ़ाई के साथ इंटर्नशिप भी पूरी की। डॉ. अंकित ने आगे बताया कि उनका लक्ष्य एमएस (ऑर्थोपेडिक्स) करना है, ताकि वे हड्डी रोग के विशेषज्ञ बनकर गांव-देहात के मरीजों को बेहतर इलाज दे सकें। मौके पर मिठाई खिलाकर गोलू कुमार, विकास कुमार, रीता कुमारी बबिता कुमारी ने शुभकामना दी।

## डी ए वी पब्लिक स्कूल, सेमरा की रिया कुमारी बनी जिला टॉपर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास।** डी ए वी पब्लिक स्कूल (10+2)CBSE, सेमरा बिक्रमगंज की छात्रा रिया कुमारी ने सीबीएसई 10वीं परीक्षा में 98.4% अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ विद्यालय परिवार द्वारा रिया को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ एवं बधाई दी गई। विद्यालय की प्राचार्या प्रमिला सिंह ने रिया का उत्साहवर्धन करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह सफलता रिया की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस वर्ष सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के कुल 210 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें सभी छात्र-छात्राएँ सफल रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) रहा, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉपर स्थान भी प्राप्त किया।रिया कुमारी आनंदनगर, बिक्रमगंज की निवासी हैं। उनके पिता संतोष कुमार सिंह, जो एक सेवानिवृत आर्मी ऑफिसर हैं, एवं माता सीमा सिंह अपनी पुत्री की इस उपलब्धि से अत्यंत गौरवान्वित हैं। रिया की इस सफलता में विद्यालय के शिक्षक बी.एन. सिंह, एस.बी. द्विवेदी, सोनू कुमार , संदीप पांडे, लालबाबू पांडे, आशीष चौबे,प्रमोद कुमार चौबे,अब्दुल माजिद एवं संयोग कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।अपनी सफलता का श्रेय रिया ने अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। रिया का लक्ष्य 12वीं के बाद एनडीए (NDA) में शामिल होकर देश सेवा करना चाहती है।

# विद्युत विभाग की पहल: समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए लगाए गए विशेष शिविर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम / रोहतास।** बिजली से जुड़ी समस्याओं से परेशान उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निवारण हेतु 72 घंटे की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को लंबी प्रतीक्षा से राहत मिल सके। इसी क्रम में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के अंतर्गत सभी अवर प्रमंडल एवं प्रशाखा कार्यालयों में शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लेकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निष्पादन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिससे उपभोक्ताओं को जल्द राहत मिल सके। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. सुजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि अप्रैल माह में आगामी शिविर 20, 24 एवं 27 अप्रैल 2026 को आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर का समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित है। ये शिविर सभी विद्युत कार्यालयों में, विशेषकर कनीय विद्युत अभियंता स्तर तक आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में बिजली बिल से संबंधित त्रुटियों का तत्काल सुधार किया जाएगा। साथ ही झुके हुए पोल, ढीले तार, कम वोल्टेज, खराब ट्रांसफार्मर जैसी तकनीकी समस्याओं पर मौके पर ही कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि नए विद्युत कनेक्शन, नाम परिवर्तन एवं स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी शिकायतों का समाधान भी शिविर स्थल पर ही किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रक्रियाओं में भटकना न पड़े। इसके अतिरिक्त, कृषि कनेक्शन प्राप्त करने के इच्छुक किसानों के लिए भी यह शिविर उपयोगी सिद्ध हो रहा है। उन्हें आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य औपचारिकताओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं, पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर कनेक्शन लेने के इच्छुक उपभोक्ताओं को भी मौके पर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जिससे योजना का लाभ उठाना सरल हो सके। यह पहल उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है, ताकि उन्हें छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। विद्युत विभाग का उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं त्वरित बनाना है, जिससे उपभोक्ताओं को इसका सीधा लाभ प्राप्त हो सके।




**इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निवारण हेतु 72 घंटे की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को लंबी प्रतीक्षा से राहत मिल सके**

# पुरानी पांडुलिपियों को संरक्षित करने के लिए अधिकारी पहुंचे बरदराज मठ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर।** पुरानी पांडुलपियों को संरक्षित करने हेतु स्थानिय प्रशासन जिला विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने नेतृत्व में शुक्रवार को पकड़ी बरदराज मठ एवं भगवान जगन्नाथ जी मठ अमरपुर पहुंचकर जानकारी प्राप्त किया. बीडीओ रविराज ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा क्षेत्र अन्तर्गत सामाजिक, धार्मिक अथवा ऐतिहासिक,ग्रह नक्षत्र,घटनाएं आदी किसी भी प्रकार के 75 वर्षों से अधिक पुरानी पांडुलपियों को संरक्षित करने उदेश्य से एक योजना लाया गया है.सरकार इन पांडूलिपियों के मूल तत्व को डिजिलाइजेशन करके संरक्षित कर रही है.जिससे आने वाले समय में उस पांडुलिपियों के संरक्षित जानकारी का सदुपयोग हो सके.साथ हीं उक्त स्थल अगर धार्मिकता एवं ऐतिहासिकता को प्रमाणित तौर पर प्रदर्शित करता है तो उसके विकास को दिशा दिया जा सके. उन्होंने बताया कि प्रखंड अंतर्गत भगवान जगन्नाथ जी मठ अमरपुर एवं पकड़ी गांव स्थित भगवान बरदराज मठ में कुछ पुरानी पांडुलपियों को पाया गया है.सम्बन्धित मठाधिश्वर ने शेष अन्य प्रमाणिक पांडुलिपियों को उपलब्ध कराये जाने का अश्वासन दिया है.



उन्होंने कहा कि क्षेत्र अंतर्गत अगर किसी के पास इस तरह की पुरानी पांडुलिपि है तो वे उनके सरकारी नम्बर पर सम्पर्क करके बतायेंगे.उसे संरक्षित करने के लिए वे उनके घर तक पहुंचेगे. मौके पर पकड़ी मठाधिश्वर सूर्यकांताचार्य जी महाराज भगवान जगन्नाथ जी मठ के पीठाधीश्वर सुदर्शनाचार्य जी महाराज, सियाशरण दुबे,मदनमोहन तिवारी,अंजनी स्वामी,राम नारायण तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे.

## प्रिया कुमारी ने 94% अंक लाकर नाम किया रोशन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)** सीबीएसइ 10वीं परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही रोहतास पब्लिक स्कूल,कोचस के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गयी.इस वर्ष परीक्षा में शामिल 31 परिक्षार्थियों में सभी ने सफलता हासिल कर शत-प्रतिशत रिजल्ट दर्ज किया है.स्कूल के निदेशक सीमा सिंह और प्राचार्य शशिकांत सिंह ने इसे विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम बताते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की.उन्होंने छात्रों को आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया. इडी अजीत कुमार ने बताया कि इस परीक्षा में प्रिया कुमारी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया.वहीं,रोहित राज ने 92 प्रतिशत और उत्कर्ष आनंद व मो फुरकान अंसारी ने 90 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे.अन्य प्रमुख



छात्रों में अंकिता सिंह (89%),माया कुमारी मौर्य (88%),सोनाली कुमारी (83%) और सृष्टि तिवारी (82%) शामिल हैं.उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के घोषित परिणाम में स्कूल के 25 छात्रों ने प्रथम श्रेणी,5 छात्रों ने द्वितीय और एक छात्र ने तृतीय स्थान हासिल किया है.इस बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया है.

## संक्षिप्त समाचार

### 209 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त, 3 आरोपी अरेस्ट, मोबाइल फोन बरामद; पुलिस को देख कर भाग रहे थे बदमाश

**भागलपुर।** भागलपुर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है। जगदीशपुर और बरारी थाना क्षेत्रों में अलग-अलग छापेमारी कर पुलिस ने कुल 209 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई SSP प्रमोद कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। मामले पर आज सिटी SP शैलेन्द्र सिंह प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि जगदीशपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान 200 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नवीन कुमार साह और अर्जुन कुमार के रूप में हुई है। दोनों सन्हौला थाना क्षेत्र के अलीगंज मंडी के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इनके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। इधर, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जगदीशपुर थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने जगदीशपुर-सन्हौला मार्ग के समीप छापेमारी की, जहां पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे। सशस्त्र बल की मदद से उन्हें खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया गया। इसी क्रम में बरारी थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बादल यादव के रूप में हुई है, जो बड़ी खंजरपुर बरारी थाना क्षेत्र का निवासी है। उसके पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। यह गिरफ्तारी डीवीसी कॉलोनी के पास की गई, जहां आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था। SP ने बताया कि बरारी थाना को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### सीबीएसई परीक्षा में प्रखर का कमाल, 91 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया जिले का मान

**गोपालगंज।** जिले के लिए गौरव की खबर है। जिला मत्स्य पदाधिकारी अविलंब नारायण मिश्र एवं मिथिला पेंटिंग के क्षेत्र में कई पुरस्कार प्राप्त कर चुकीं अर्चना मिश्र के पुत्र प्रखर मिश्रा ने सीबीएसई हाई स्कूल परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। प्रखर मिश्रा ने परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्हें कुल 500 अंकों में 400 अंक मिले हैं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं शुभचिंतकों और परिचितों द्वारा लगातार बधाई दी जा रही है। प्रखर ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर यह सफलता अर्जित की है। बताया जाता है कि वह शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहे हैं और नियमित अध्ययन को प्राथमिकता देते रहे हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। प्रखर की माता अर्चना मिश्र मिथिला पेंटिंग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखती हैं और कई सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं। पिता अविलंब नारायण मिश्र प्रशासनिक सेवा में रहते हुए जिले में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे परिवार से आने वाले प्रखर ने शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर नई मिसाल पेश की है। जिले के कई अधिकारियों, शिक्षकों और गणमान्य लोगों ने प्रखर मिश्रा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। लोगों ने कहा कि यह सफलता जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। प्रखर की इस उपलब्धि से यह साबित हुआ है कि मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। अब परिवार और शुभचिंतकों को उम्मीद है कि वह आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।

### बिहार कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने दोहरे हत्याकांड को लेकर किया जांच, पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**अररिया।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के आठ सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को फारबिसगंज में हुए दोहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिला और घटना के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। मौके पर प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे प्रदेश कांग्रेस नेता मिन्नत रहमानी ने कहा कि बिहार सरकार की क़ानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। अपराधियों को क़ानून का डर नहीं है यही वजह है कि अपराधी बेलगाम हैं। रहमानी ने कहा कि हमारा समाज भी आज अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम है।जिस तरह से समाज में सूखे नशा का प्रचलन चरम पर है वो बहुत चिंताजनक है। सरकार को इस पर ठोस कदम उठाने चाहिए।उन्होंने कहा कि फारबिसगंज हत्याकांड की न्यायिक जांच होनी चाहिए और पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए । कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष मासूम रेज़ा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस ने अररिया के इस घटनाक्रम का जिस तरह से स्वतः संज्ञान लिया है हम पार्टी के प्रति एवं अध्यक्ष राजेश राम का आभार प्रकट करते हैं।अररिया कांग्रेस पर्यवेक्षक असगर अली पीटर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के दुख के साथ खड़ी है।

### 40 हजार लेते रंगे हाथ दबोचे गए राजस्व कर्मी

**पूर्णिया।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच पूर्णिया पूर्व अंचल से एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने राजस्व कर्मचारी लाल बाबू रजक और उनकी सहयोगी रूमी कुंडू को 40 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद पूरे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है और कर्मचारियों के बीच खौफ का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार, मामला गुलाबबाग वार्ड संख्या-35 की निवासी ललिता देवी से जुड़ा है, जिनकी जमीन के दस्तावेज को सही कराने के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग की गई थी। आरोप है कि बिना रिश्वत दिए उनका काम जानबूझकर लटकाया जा रहा था। परेशान होकर उन्होंने निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पूरे मामले का सत्यापन किया गया और आरोप सही पाए गए।

निगरानी टीम ने डीएसपी के नेतृत्व में जाल बिछाया और योजना के तहत पीड़िता को रिश्वत देने के लिए भेजा गया। जैसे ही 40 हजार रुपये की पहली किस्त सहयोगी रूमी कुंडू को दी गई, पहले से सादे लिबास में मौजूद टीम ने दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। बताया जा रहा है कि कुल सौदा 50 हजार रुपये में तय हुआ था, जिसमें बाकी रकम बाद में दी जानी थी। फिलहाल दोनों आरोपितों से पूछताछ जारी है और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# सीएम को धमकी देने वाला आरोपी अरेस्ट, पुलिस ने अहमदाबाद से पकड़ा, एसपी बोले-तनाव-पारिवारिक कलह में उठाया कदम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंगेर।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को धमकी देने के मामले में मुंगेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गुजरात से अरेस्ट कर लिया है। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन को सतर्क कर दिया है, हालांकि शुरुआती जांच में किसी संगठित साजिश के संकेत नहीं मिले हैं। शुक्रवार को मुंगेर पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि आरोपी शेखर यादव को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री को धमकी से जुड़ा ऑडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तेजी से कार्रवाई की।

**स्पेशल टीम ने छापेमारी कर धर दबोचाः** पुलिस के अनुसार, पहले आरोपी की पहचान और पते का सत्यापन किया गया, जिसके बाद एक विशेष टीम गुजरात भेजी गई। टीम ने अहमदाबाद में छापेमारी कर शेखर यादव को पकड़ लिया। फिलहाल उसे मुंगेर लाया जा रहा है, जहां उससे गहन पूछताछ की जाएगी।

**आरोपी अहमदाबाद में ट्रक चालता थाः** गिरफ्तार आरोपी बांका जिले के बेलहर थाना क्षेत्र स्थित खरौधा गांव का रहने वाला है। वह कृष्ण यादव का पुत्र है और अहमदाबाद में ट्रक चालक के रूप में काम कर रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि वह पिछले करीब डेढ़ साल से अपने परिवार से दूर रह रहा था। पूछताछ में शेखर ने बताया कि उसे एक अज्ञात नंबर से फोन आया था, जिसके दौरान उसकी दूसरे व्यक्ति से कहासुनी हो गई। इसी दौरान उसने आवेश में आकर आपत्तिजनक और धमकी भरी भाषा का इस्तेमाल किया। पुलिस का कहना है कि अब तक की जांच में यह घटना अचानक गुस्से में हुई प्रतीत होती है, न कि किसी पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा।

**5 अप्रैल को रिकॉर्डिंग पुलिस के पास पहुंचीः** बताया गया कि जिस व्यक्ति से उसकी बातचीत हुई थी, उसने कॉल रिकॉर्ड कर ली और बाद में यह ऑडियो अन्य लोगों तक पहुंच गया। 15 अप्रैल को यह रिकॉर्डिंग संग्रामपुर थाना पुलिस के पास पहुंची, जिसके बाद मामले की



जानकारी तुरंत वरीय अधिकारियों को दी गई। एसपी के निर्देश पर तारापुर डीएसपी के नेतृत्व में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। संग्रामपुर थानाध्यक्ष की निगरानी में कार्रवाई आगे बढ़ी और जांच की जिम्मेदारी सब-इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी को सौंपी गई। पुलिस टीम ने आरोपी के गांव पहुंचकर उसके परिजनों से भी पूछताछ की, जहां से उसके अहमदाबाद में होने की पुष्टि हुई।

**आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास नहींः** पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, आरोपी का कोई गंभीर आपराधिक इतिहास नहीं है। केवल मारपीट का एक पुराना मामला सामने आया है। वहीं परिजनों ने उसकी मानसिक स्थिति को लेकर भी चिंता जताई है और बताया कि पिछले कुछ समय से उसका व्यवहार असामान्य और गुस्सैल रहा है। इस पहलू की भी जांच की जा रही है। मुंगेर पुलिस का कहना है कि आरोपी को बिहार लाने के बाद उससे विस्तृत पूछताछ की जाएगी। साथ ही यह भी जांच होगी कि ऑडियो किस तरह वायरल हुआ, किन-किन लोगों तक पहुंचा और इसमें किसी अन्य की भूमिका है या नहीं। इस घटना के सामने आने के बाद मुंगेर और आसपास के इलाकों में चर्चा का माहौल है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की हर एंगल से जांच में जुटी हुई है।

**एसपी बोले- आरोपी को अहमदाबाद से डिटेन कियाः** मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को धमकी देने और अपशब्द कहने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी की पहचान शेखर यादव के रूप में की है, जिसे गुजरात के अहमदाबाद से डिटेन किया गया है। आरोपी मूल रूप से बेलहर थाना क्षेत्र के खलौद गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, 15 अप्रैल को संग्रामपुर थाना को एक ऑडियो क्लिप मिली थी। इसमें एक व्यक्ति मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए धमकी दे रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल केस दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

**ऑडियो क्लिप के आधार पर दर्ज हुआ केसः** मुंगेर एसपी ने बताया कि वायरल ऑडियो क्लिप मिलने के बाद संग्रामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। कांड के अनुसंधानकर्ता संग्रामपुर थाना प्रभारी को बनाया गया। जांच के दौरान तकनीकी और स्थानीय इनपुट के आधार पर आरोपी की पहचान शेखर यादव के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस टीम उसके गांव पहुंची, जहां पता चला कि वह पिछले डेढ़ साल से गुजरात के अहमदाबाद में रहकर ट्रक चलाने का काम कर रहा है। वह गांव बहुत कम आता था।

**अहमदाबाद पुलिस के सहयोग से पकड़ा गयाः** मुंगेर पुलिस ने गुजरात पुलिस से संपर्क किया और समन्वय के बाद अपनी टीम अहमदाबाद भेजी। वहां आरोपी को आवश्यक पूछताछ के लिए डिटेन किया गया। अब उसे बिहार लाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि आरोपी का मोबाइल भी जब्त किया जाएगा, ताकि यह पता चल सके कि उसने किस नंबर से कॉल किया और किन लोगों से संपर्क में था। मोबाइल डेटा और कॉल रिकॉर्ड की भी जांच होगी।

## मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा, कासिमबाजार पुलिस ने पिता-बेटे को किया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर के कासिम बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुरानीगंज कोयरी टोला स्थित एक घर में चल रही इस फैक्ट्री से भारी मात्रा में अर्ध-निर्मित और तैयार हथियार, साथ ही हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। सदर एसडीपीओ अभिषेक आनंद ने बताया कि कासिम बाजार थाना पुलिस को पुरानीगंज मोहल्ले में अवैध मिनी गन फैक्ट्री संचालित होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद कासिम बाजार थाना पुलिस और एक टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया।

**पुलिस ने 2 संचालक को किया गिरफ्तारः** छापेमारी के दौरान मौके से फैक्ट्री का संचालन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।



इनकी पहचान पुरानीगंज निवासी अमर राम और उनके पुत्र विक्रम कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने एक अर्ध-निर्मित देसी कट्टा, एक अर्ध-निर्मित पिस्टल, एक ग्राइंडिंग मशीन और कटर सहित हथियार बनाने के अन्य उपकरण बरामद किए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने में भी जुटी है। पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

## तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, एक शख्स की मौत

**भागलपुर।** भागलपुर में तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई। घर लौटते समय हादसा हुआ है। मृतक की पहचान धर्मपुर निवासी पप्पू शाह(45) के तौर पर हुई है। घटना भवानीपुर थाना क्षेत्र नवोदय विद्यालय के पास की है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 11 बजे नगरपारा से अपने गांव भ्रमपुर लौट रहा था। पार्टी, फंक्शन में खाना बनाने का काम करता था। पार्टी में खाना बनाने का ऑर्डर लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में अचानक बैलेंस बिगड़ने से सड़क किनारे पेड़ से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही जमीन पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय)**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय–नालंदा, कैमूर, कटिहार, जमुई एवं मुजफ्फरपुर में नामांकन हेतु सूचना**

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–1228 दिनांक 25.03.2026 द्वारा बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजना अन्तर्गत विभागीय ज्ञापांक–1228 दिनांक–25.03.2026 के आलोक में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय नालंदा, कैमूर, कटिहार, जमुई एवं मुजफ्फरपुर में नामांकन हेतु शैक्षणिक सत्र 2026–27 में वर्ग–09वीं से वर्ग–12वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) में छात्र/छात्राओं के प्रवेश परीक्षा के उद्देश्य से ऑनलाईन minoritywelfare/CitizenHome.html के माध्यम से आवेदन की तिथि 01 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 तक निर्धारित है।

अतः औरंगाबाद जिले अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदायों के यथा (मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, जैन एवं बौद्ध) के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय कटिहार, जमुई नालंदा, मुजफ्फरपुर एवं कैमूर में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते है।

**पात्रता :–**
- बिहार के अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, जैन एवं बौद्ध)
- वर्ग–9 के लिए नामांकन हेतु अधिकतम आयु सीमा 16 वर्ष एवं वर्ग–11 के लिए 18 वर्ष
- परिवारिक वार्षिक आय अधिकतम 6 लाख रूपये
- चयन : 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा (2 घंटे)
- नामांकन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेधा सूची के अनुसार होगा

**आरक्षण :–**
- 50% बालिकाओं के लिए आरक्षित
- 75% ग्रामीण विद्यार्थीयों के लिए आरक्षित
- वर्तमान आरक्षण नीति लागू

**नोटः**–अधिक जानकारी के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद के **दूरभाष संख्या–06186 – 295017** पर संपर्क कर सकते है।

**सहायक निदेशक,**
**अल्पसंख्यक कल्याण, औरंगाबाद**

PR- 001121 ( Minority Welfare ) 2026-27

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1312-2025-26, दिनांक 16.04.2026, कार्य का विवरणः** रानाघाट में मालगाड़ी परीक्षण सुविधाओं के लिए विद्युतीय एवं संबंधित सुविधाएँ। **निविदा मूल्यः** रु. 1,11,79,798.00। **बयाना राशिः** रु. 2,23,600। **समापन अवधिः** 08 महीने। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1314-2025-26, दिनांक 16.04.2026, कार्य का विवरणः** बालीगंज (बीएलएन) में मालगाड़ी परीक्षण सुविधा का विकास। **निविदा मूल्यः** रु. 1,45,13,703.00। **बयाना राशिः** रु. 2,90,300। **समापन अवधिः** 08 महीने। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1315-2026-27, दिनांक 16.04.2026, कार्य का विवरणः** एसएसई/ई/जी/सियालदह-II के अधिकार क्षेत्र के अधीन न्यू अलीपुर ब्लॉक सं. 1 से 5 में पैसेंजर लिफ्टों (निर्माता-ओटिस) का तीन (03) वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु. 15,78,988.20। **बयाना राशिः** रु. 31,600। **समापन अवधिः** 36 महीने। **क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1316-2025-26, दिनांक 16.04.2026, कार्य का विवरणः** बिशरपाड़ा कोदालिया से पेट्रापोल अनुभागों में वर्तमान विद्युतीय सामान्य सम्पत्तियों के लिए विकास/उन्नयन/सुधार कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 31,26,950.00। **बयाना राशिः** रु. 62,500। **समापन अवधिः** 12 महीने। **आईआरईपीएस पर निविदा प्रकाशन तिथिः** क्रमांक 1 से 4 के लिए दिनांक 15.04.2026। **बोली शुरू होने की तारीखः** क्रमांक 1 से 4 के लिए दिनांक 24.04.2026। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** क्रमांक 1 से 4 के लिए 08.05.2026 को अपराह्न 02.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-10/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


## करंट लगने से महिला की मौत, बिजली तार के संपर्क में आने से लगा झटका

### पुतला फूंक आंदोलन की दी चेतावनी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। घर में खाना बनाते समय हादसा हुआ है। मृतका की पहचान चंचल जायसवाल की पत्नी बेबी जायसवाल(35) के तौर पर हुई है। घटना इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के छोटी परबत्ता की है। मृतका के बेटे प्रेम ने मैं और मेरी बहन शुक्रवार सुबह के समय घर से बाहर थे। मां किचन में खाना बना रही थी। इस दौरान किचन का बल्ब फ्यूज हो गया। अंधेरा होने के कारण वह बिजली के तार के संपर्क में आ गई। झटका लगते ही जमीन पर गिर पड़ी। चिल्लाने का आवाज सुनकर मौके पर पहुंचा। बेहोशी की हालत में पड़ी थी। ग्रामीणों के सहयोग से बिजली को कटवाया गया। सबसे पहले ग्रामीण डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। वहां से जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल(मायागंज) लगा गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहरामः** मृतका का पति आलू व्यापारी है, जबकि बेटे करते हैं। मौत की सूचना पर बरारी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की छानबीन की जा रही है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


**Public Health Engineering Department**
**Public Health Engineering Division, Aurangabad**
**TENDER NIT No –02/2026-27/O&M-PHED/Aurangabad**
**National Competitive Bidding**
**(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)**

Govt. of Bihar

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer, P. H. Division, Aurangabad. |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 13.04.2026 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 20.04.2026 to 11.05.2026 up to 15:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 27.04.2026 at 12:00 hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P. H. Division |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 11.05.2026 up to 17:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Date and time of opening of technical bid | 11.05.2026 at 17:30Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7 | Date and time of opening of financial bid | To be informed later after the approval of technical bid. |

**8. Details of works:**

| Group No | Name of Work | Estimated Cost ( in Lakh) | Amount of Earnest Money ( in Lakh) | Cost of Tender Document (non-refundable) in Rs. | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs.) | Completion Period (in months) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Comprehensive operation and maintenance, routine repairs and Special repairs of i.) Rural Piped Water Supply Scheme (PWS-10 Schemes), ii.) Ward level Piped Water Supply Schemes in quality affected wards (WLS_Quality-70 Schemes) and iii.) Ward level Piped Water Supply Schemes in non quality affected wards(WLS_N on Quality-359 Schemes ) based on item rates; constructed by the Public Health Engineering Department including payment to the pump operators, electricity bills for five years. | 3948.804 | 49.49 | 10000.00 | 5900.00 | 60 Month |

**Executive Engineer**
**Public Health Division, Aurangabad**

This information is available on **www.state.bihar.gov.in/prdbihar also**

**PR. No. 001142 (PHED) 2026-27**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: 17_2026-27, दिनांक 16.04.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **सीनि.डीईएन/सी/हावड़ा** के अधीन नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरणः** (i) एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे के रीलिविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 11ए/1 के स्थान पर नए सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। (ii) एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे के रीलिविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 12ए के स्थान पर नए सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। (iii) एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे के रीलिविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 12ए/3 के स्थान पर नए सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। (iv) एईएन/कटवा के अधीन रेलवे के रीलिविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 21/1/सी/ई (एमएल) के स्थान पर नए सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। (v) एईएन/कटवा के अधीन बी.के. अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 17/सी/ई के स्थान पर नए सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। **अनुमानित लागतः** रु. 32,40,18,905.10; **बयाना राशिः** रु. 64,80,400; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 11.05.2026 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-25/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया प्रोटेस्ट लव जिहाद-जमीन कब्जा पर नाराजगी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर में शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन शहर के कचहरी चौक से शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग शामिल हुए। विरोध विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले जताया गया। प्रदर्शन के दौरान पूरे इलाके में नारेबाजी और बैनर-पोस्टरों के जरिए प्रदर्शनकारियों ने अपनी बातें सबके सामने रखी। प्रदर्शनकारियों ने देश में बढ़ रही कथित जिहादी घटनाओं को लेकर नाराजगी जाहिर की। बैनरों और पोस्टरों पर लिखे संदेशों में 'लव जिहाद', अवैध भूमि कब्जा, खान-पान में अपवित्रता, हिंदू परिवारों और जनजातीय समुदायों के उत्पीड़न जैसे मुद्दों को उठाया गया। प्रदर्शन में शामिल विश्वजीत सिंह ने कहा कि यह विरोध-प्रदर्शन केवल एक चेतावनी है। यदि समय रहते इन मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**प्रशासन-सरकार से कार्रवाई की मांगः** प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ता बिशु मंडल में बताया कि इस तरह की घटनाएं समाज में



असंतुलन पैदा कर रही हैं और इससे सामाजिक ताने-बाने पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने इन मामलों में सरकार और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।

**प्रदर्शन के दौरान पुलिस रही तैनातः** विरोध मार्च के दौरान कार्यकर्ता कचहरी चौक से निकलकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर घूमते हुए आगे बढ़े। इस दौरान सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ, हालांकि पुलिस प्रशासन की सक्रियता के कारण स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे और कई स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-AUCTION) किया जाना है। **ऑक्शन कैटलॉग नम्बर BSB04PAYnUSE26. कार्य का विवरणः** बेल्थरा रोड स्टेशन पर पे एंड यूज शौचालय का ठेका; **ई नीलामी का समयः** 10:00 बजे से 10:30 बजे तक; **कार्य का विवरणः** करीमुद्दीन स्टेशन पर पे एंड यूज शौचालय का ठेका; **ई नीलामी का समयः** 10:00 बजे से 10:40 बजे तक; **कार्य का विवरणः** छपरा जं. स्टेशन पर पे एंड यूज शौचालय का ठेका; **ई नीलामी का समयः** 10:00 बजे से 10:50 बजे तक; **कार्य का विवरणः** सीवान जं. स्टेशन पर पे एंड यूज शौचालय का ठेका; **ई नीलामी का समयः** 10:00 बजे से 11:00 बजे तक। **अवधिः** उपरोक्त सभी के लिए **03 वर्ष। ई–नीलामी की तिथिः** उपरोक्त सभी के लिए **01.05.2026.** • ई–नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। • ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ₹10,000/– (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार (One time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया) में करेंट खाता हो, जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। • ई–नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल **www.ireps.gov.in** के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,**
**मुजाधि/वाणिज्य–13 वाराणसी**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## संक्षिप्त समाचार

### जॉब कैंप 18 को, फ्लिपकार्ट में डिलीवरी बॉय के लिए भर्ती

**आरा।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला नियोजनालय, भोजपुर द्वारा आगामी 18 अप्रैल शनिवार को एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप जिला नियोजनालय परिसर, आरा में आयोजित होगा, जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनी फ्लिपकार्ट के लिए डिलीवरी बॉय के पद पर भर्ती की जाएगी। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस जॉब कैंप में कुल 30 पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 15,000 से 20,000 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास निर्धारित की गई है, जबकि आयु सीमा 18 से 45 वर्ष रखी गई है। यह भर्ती केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि योग्य अभ्यर्थियों का चयन ऑन द स्पॉट साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को नियोजनालय में निबंधन कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं। इस जॉब कैंप में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा।

### स्नातक सेमेस्टर-टू परीक्षा को ले 26 तक भरें फॉर्म

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक सेमेस्टर-2 सत्र, 2025-29 की परीक्षा को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सत्र को नियमित बनाए रखने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छात्र-छात्राएं 26 अप्रैल तक ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय का आधिकारिक पोर्टल खोल दिया गया है, जहां अभ्यर्थी आसानी से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।

### एमएलसी चुनाव को लेकर मतगणना हॉल व वज्रगृह का डीएम ने किया स्थल निरीक्षण

**आरा।** भोजपुर सह बक्सर स्थानीय प्राधिकारी उप निर्वाचन 2026 की प्रशासनिक तैयारी तेज है। उप निर्वाचन को लेकर मतगणना हॉल और वज्रगृह के निर्माण संबंधी तैयारी की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने राजकीय कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, आरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतगणना हॉल व वज्रगृह की सुरक्षा, संरचना, प्रवेश-निकास व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर, नोडल पदाधिकारी व्रजगृह कोषांग, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भूमि अधिग्रहण के पैसा के लिए भटक रहे हैं किसान

**चरपोखरी|** आरा-सासाराम (एन एच-119ए) फोरलेन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजे की प्रक्रिया की गति धीमी होने से किसान परेशान हैं। प्रशासन भू अधिग्रहण और किसानों से कागज़ात की मांग कर रहा है। लेकिन वही दूसरी ओर राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव के हड़ताल पर चले जाने के कारण किसानों को बंशावली, एनओसी सहित अन्य कागजात बनाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर प्रखंड के सोनवर्षा, इटौर, रेपुरा सहित अन्य गांवों के किसान अंचल कार्यालय सहित पंचायती राज कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।पंचायत सचिव के हड़ताल पर चले जाने पर अंचलाधिकारी को बंशावली बनाने का जिम्मा सौंपा गया है लेकिन अब तक इस पर कोई कार्य नहीं हो रहा है।

### अनुपयोगी और जर्जर सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कर बनेगा डिजिटल लाइब्रेरी

**पीरो।** स्थानीय पीरो नगर परिषद के इब्राहीमपुर में स्टेट हाइवे के किनारे अवस्थित सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कर इसमें अनुमंडल डिजिटल लाइब्रेरी खुलेगा। इसके लिए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की पहल पर पीरों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के लिए गुरुवार को कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र संगठन,अनुमंडल पदाधिकारी और अन्य पदाधिकारी स्थल निरीक्षण व सर्वे के लिए पहुंचे थे। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया पीरो में इसकी कमी महसूस की जा रही थी। पिछले अगस्त महीने में ही निर्देशित किया गया था। स्थल की खोज के बाद अंचलाधिकारी ने इब्राहीमपुर में अनाबाद बिहार सरकार के खाता 227,खेसरा-917 रकवा 11 डिसमिल जमीन को चिह्नित कर रिपोर्ट दिए। साथ ही बताया गया था इस जमीन पर सामुदायिक भवन निर्मित है। भवन जर्जर है और यह अनुपयोगी भी। ऐसे में इस भवन का जीर्णोद्धार कर अब इसका सदुपयोग होगा।शीघ्र ही पीरो के तैयारी करने वाले छात्रों को डिजिटल लाइब्रेरी तैयार होगा। पीरो में है निजी एक दर्जन डिजिटल लाइब्रेरी-अनुमंडल मुख्यालय होने और सुविधाओं तथा तैयारी को लेकर यहां करीब एक दर्जन डिजिटल लाइब्रेरी वर्तमान समय में हैं। इन लाइब्रेरियों में दो शिफ्टों में छात्र तैयारी करने पहुंचते हैं। इसके लिए उन्हें अच्छा खासा शुल्क देना पड़ता है। आर्थिक रुप से कमजोर छात्र चाहकर भी तैयारी करने नहीं पहुंच पाते। सीधे कहें तो ज्ञान पर सबका हक है, और डिजिटल लाइब्रेरी वो हक घर-घर पहुंचाती है। गाँव-शहर, गरीब-अमीर, सभी को एक जैसी किताबें, रिसर्च पेपर, अखबार बिना पैसे के मिल जाते हैं। स्कूल/कॉलेज बंद हो तो भी पढ़ाई नहीं रुकती। शिक्षा में बराबरी लाती है। दूर-दराज के छात्रों को भी दिल्ली-मुंबई जैसी सुविधाएं मिल जाती हैं।यूपीएससी,एनसीईआर टी,नीट, जेईई की किताबें, पुराने प्रश्नपत्र सब एक जगह मिल जाते हैं।

### ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**आरा।** ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, बामपाली के छात्र कृषांक नर्सीरिया ने सीबीएसई दसवीं परीक्षा में 98.4% अंक प्राप्त किया है। इन्होने संस्कृत में 100 में 100 अंक प्राप्त कर अपने अभिभावकों के साथ साथ अपने स्कूल तथा अपने गुरुजनों का मान भी बढ़ाया है। कुल 172 विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा दी थी। 14 परीक्षार्थियों ने 90% से ऊपर अंक प्राप्त किया है। इनमें कृषांक नर्सीरिया ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान पर दीपशिखा 95.8 प्रतिशत और तृतीय स्थान अराध्या गुप्ता को मिला है इन्होंने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। अभिनव कुमार (94.2), आदित्य राज (93.8), रौशन तिवारी (93.4), हर्षित ओझा (92.8), अवनी (92.2), आर्यन राज (91.8), रिद्धिमा सिंह (91.4), रितिका सिंह (91.4), पंखुडी नारूला (91.2) और आलेख आदित्य (90.6) सहित कुल चौदह बच्चों ने नब्बे प्रतिशत से ऊपर अंक लाया है। 80 से 90 प्रतिशत अंकों के बीच साठ छात्र छात्राएं रहे है। शेष सभी बच्चे 60 से 80 प्रतिशत के बीच रहे। प्राचार्या डॉ सीपी जैन ने विद्यालय के बच्चों की शत प्रतिशत सफलता पर हर्ष जताया और जिला टॉपर के साथ साथ सभी बच्चों के परीक्षाफल पर खुशी जाहिर की। निदेशक डॉ. आदित्य विजय जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के लिए यह परीक्षाफल शिक्षकों की मेहनत और छात्र-छात्राओं के लगन तथा उनके अनुशासन का परिणाम है। धन्यवाद ज्ञापन डिप्टी डायरेक्टर और अकादमिक एडवाइजर सिद्ध बिजय जैन ने किया। खुशबू बनी डीएवी टॉपर आरा। डीएवी पब्लिक स्कूल, धनुपरा के 439 बच्चों में 38 बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया है। 173 बच्चों ने 75% से 90% तक अंक प्राप्त किया और 218 बच्चों ने सफलता प्राप्त की। खुशबू कुमारी 97.7% अंकों के साथ प्रथम, मोहम्मद मुदाब्बीर 93.6% अंकों के साथ द्वितीय और परी कुमारी 95.4 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय की प्राचार्या निशु जायसवाल ने परीक्षा में भाग लेने वाले सभी परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को डीएवी परिवार की तरफ से बधाई व शुभकामना दी। माउंट लिट्रा जी विद्यालय में मना सम्मान समारोह आरा। माउंट लिट्रा जी विद्यालय, बामपाली के प्रांगण में सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में सफल हुए छात्र- छात्राओं के लिए एक सम्मान समारोह हुआ। सफल छात्रों में प्रियांशु सिंह (97.2 %) ,अनु अनामिका (96%), मिहिर भारद्वाज और खुशी गुप्ता(95.6% ),इत्यादि प्रमुख थे।

# बॉयफ्रेंड के लिए मोबाइल टावर पर चढ़ी प्रेमिका, 4 दिन पहले प्रेमी संग भागी थी, 30 मिनट समझाने के बाद उतरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिहार में 41 दिनों में 11वां मामला**



**आरा।** आरा के बहियारा गांव में प्रेमी से शादी की जिद पर नाबालिग लड़की 200 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। तपती धूप में टावर की सबसे ऊंची चोटी पर बैठी लड़की को देखने के लिए नीचे सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। यह किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था, लेकिन हकीकत में पुलिस और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया। घटना 14 अप्रैल की है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**4 दिन पहले प्रेमी के घर भाग गई थीः** लड़की की एक ही मांग थी उसकी शादी उसके प्रेमी से कराई जाए। परिजन और ग्रामीण काफी देर तक उसे समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रही। चार दिन पहले घर से भागकर अपने प्रेमी के पास सनदिया गांव चली गई थी, जहां से परिजन उसे वापस ले आए थे। इसके बाद भी जब उसकी बात नहीं मानी गई, तो उसने यह खतरनाक कदम उठा लिया।

**आधे घंटे की मशक्कत के बाद नीचे उताराः** सूचना मिलते ही चांदी पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष राकेश रौशन और महिला एसआई मधु कुमारी ने टीम के साथ मोर्चा संभाला। लड़की को सुरक्षित नीचे उतारना आसान नहीं था, क्योंकि वह ऊंचाई पर बैठकर किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी। ऐसे में महिला पुलिस अधिकारी ने सूझबूझ और मनोवैज्ञानिक तरीके का सहारा लिया। उन्होंने लड़की को भरोसा दिलाया कि उसकी बात उसके प्रेमी से कराई जाएगी और उसकी समस्या का समाधान निकाला जाएगा। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत और समझाइश के बाद आखिरकार लड़की को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। इस दौरान नीचे खड़ी भीड़ सांसें थामे पूरे घटनाक्रम को देखती रही। पुलिस ने बाद में लड़की को समझा-बुझाकर उसके परिजनों के हवाले कर दिया। हालांकि समय रहते पुलिस की सक्रियता और समझदारी से एक बड़ी अनहोनी टल गई।

**ऐसा करना दंडनीय हैः** टावर पर चढ़ने से सड़क जाम होना, भीड़ जुटना और सार्वजनिक सेवाओं(बिजली या संचार) का बाधित होना पब्लिक न्यूसेंस माना जाता है, जिसके लिए पुलिस मामला दर्ज कर सकती है। मोबाइल टावर राष्ट्रीय संपत्ति और संचार नेटवर्क का हिस्सा है। बिना अनुमति इन पर चढ़ना कानून का उल्लंघन है। हाई-वोल्टेज लाइनों या बिजली के पोल से छेड़छाड़ करना या उन पर चढ़ना बिजली आपूर्ति बाधित करने और जान-माल को खतरे में डालने के तहत दंडनीय है।

**टावर पर चढ़कर जिद मनवाने का नया ट्रेंडः** वैशाली की एक घटना में 900 मेगावाट बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। बिजली सप्लाई काटने से ऐसा हुआ। एनटीपीसी पावर ग्रिड, बाढ़ से गोरखपुर तक की सप्लाई बाधित होने के कारण लगभग 5 घंटे तक 900 मेगावाट बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई थी। विभाग की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था से बिजली सप्लाई की गई, अन्यथा 3 करोड़ तक का नुकसान हो सकता था।

**बिहार में 40 दिनों में 10 मामले**

- 06 मार्चः गोपालगंज के बनकटा जागीरदारी गांव में युवती प्रेमी की रिहाई के लिए टावर पर चढ़ गई।
- 16 मार्चः वैशाली जिले के बिदुपुर में एक युवक प्रेमिका से शादी रचाने करने की जिद में टावर पर चढ़ गया था।
- 01 अप्रैलः मुजफ्फरपुर जंक्शन के पास युवक टावर पर चढ़ गया और प्रेमिका को बुलाने की मांग करने लगा।
- 06 अप्रैलः पूर्वी चंपारण के पशुरामपुर गांव में एक युवती ने प्रेमी के शादी से इनकार करने पर टावर पर चढ़ गई।
- 06 अप्रैलः महनार के स्टेशन रोड में एक युवती बिजली टावर पर चढ़ गई। प्रेमी से शादी की जिद कर रही थी।
- 07 अप्रैलः वैशाली जिले के माधोपुर गजपति गांव में साली से शादी रचाने की जिद में एक युवक टावर पर चढ़ गया।
- 08 अप्रैलः गगौर थाना क्षेत्र में एक युवक टावर पर चढ़ गया, क्योंकि उसकी प्रेमिका ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया था।
- 08 अप्रैलः समस्तीपुर के ररियाही में युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। विधायक रणविजय साहू के समझाने पर नीचे उतरा।
- 14 अप्रैलः सीवान में दो चचेरी बहनें टावर पर चढ़ गईं। शादी की जिद कर रही थीं।
- 14 अप्रैलः भोजपुर के चांदी थाने के बहियारा में एक किशोरी मोबाइल टावर पर चढ़ गई।
- 16 अप्रैलः भागलपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में प्रेमिका से शादी नहीं कराने पर एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया।

# आंबेडकर जयंती में चीफ गेस्ट बना दिखाया जेल का रास्ता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बावनबांध गांव में 70 महिलाओं का खाता खुलवाकर साइबर फ्रॉड गैंग को देने वाली ममता को महिलाओं ने ही जेल का रास्ता दिखा दिया। इसके लिए आंबेडकर जयंती के बहाने प्लान बनाया। गैंग की लोकल एजेंट ममता कुमारी को चीफ-गेस्ट बनाकर गांव में बुलाया और बंधक बना लिया। यहां उससे 36 घंटे पूछताछ की गई और सारे राज खुलवाए गए। उसके बाद पुलिस बुलाकर सौंप दिया। गुरुवार को साइबर थाना पुलिस ने सिमरिया की ममता को जेल भेज दिया।

'विवाह योजना' के नाम पर पूरे गांव की महिलाओं का खाता खुलवाकर साइबर फ्रॉड के लिए इस्तेमाल करने के मामले में उस पर केस दर्ज कर लिया गया। बावनबांध की निधि को जब हजारीबाग साइबर थाने के इंस्पेक्टर की नोटिस मिली, तो उसके गांव की महिलाओं को आभास हो गया कि वे किसी बड़े स्कैण्डल का शिकार बन चुकी हैं। ममता कुमारी को पकड़ने का प्लान बना।

14 अप्रैल को उसे खबर दी गई कि बावनबांध में आंबेडकर जयंती मनाई जा रही है, वहां आपको मुख्य अतिथि बनाया गया है। बाबा साहब को माला पहनाने के लिए आ जाइए। ममता आई। पर न बाबा साहब की तस्वीर थी, न माला। धनसोईं थाना पुलिस के पहुंचने तक उसे 36 घंटे गांव में रखा गया। बाद में पुलिस के सामने कोई झूठ न रच दे, इसलिए चार महिलाएं उसके साथ रहीं।

इधर, ममता ने बावनबांध के उमाशंकर की पत्नी व बेटी का नाम लिया। पुलिस ने दोनों को साइबर थाना बुलाकर पूछताछ की। फिर छोड़ दिया। दोनों को इस मामले में सरकारी गवाह बनाया जा सकता है।

बोली- करोड़ों रुपए दिलाउंगी, छोड़ दो गैंग की लोकल कोऑर्डिनेटर ममता कुमारी यह भी बताया कि जब उससे गांव में पूछताछ की जा रही थी तो उसने खुद को छोड़ देने के लिए दो-तीन लोगों को चार लाख रुपए देने की पेशकश भी की। उसने खुद कबूला कि उसे इस काम के लिए एक लाख रुपए मिले हैं। वहीं एक शख्स से तो यह कहा कि मेरे साथ हजारीबाग चलिए 2 से 5 करोड़ तक दिलवाउंगी।

# पेड़ से उल्टा लटकाकर युवक की पिटाई में बवाल, गिरफ्तारी के बाद सड़क जाम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गुरुदास मठिया गांव में युवक को पेड़ से उल्टा लटकाकर पीटने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा आरोपी पक्ष के लोगों की गिरफ्तारी के बाद गुरुवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और बक्सर-इटाढ़ी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया। करीब एक घंटे तक चले इस जाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक के पिता बसावन सिंह के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात छापेमारी कर आरोपी पक्ष के लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद आरोपी पक्ष के लोगों में आक्रोश फैल गया। गुरुवार को आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेश आजाद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और बक्सर-इटाढ़ी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि असली दोषियों को बचाया जा रहा है।

सड़क जाम के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया और यातायात को सामान्य कराया।

# बक्सर सेंट्रल जेल में छापेमारी, 2 घंटे तक चली सघन जांच, कुछ भी बरामद नहीं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर।** बक्सर सेंट्रल जेल में जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के नेतृत्व में अहले सुबह व्यापक छापेमारी की गई। जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने लगभग दो घंटे तक चले इस अभियान के दौरान जेल के सभी वार्डों और बैरकों की सघन तलाशी ली। हालांकि, जांच में कोई भी आपत्तिजनक या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई इस कार्रवाई में भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। छापेमारी के दौरान टीम को कई हिस्सों में बांटा गया, जिसने बंदियों के सामान, बिस्तर और अन्य उपयोग की वस्तुओं की भी बारीकी से जांच की। अचानक हुई इस कार्रवाई से जेल परिसर में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया था।

**संदिग्ध वस्तु न मिलने से प्रशासन रिलैक्सः** प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जेल के अंदर किसी भी प्रकार की अवैध या प्रतिबंधित सामग्री मौजूद न हो। सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करते हुए हर गतिविधि पर विशेष नजर रखी गई। सघन जांच के बावजूद किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु न मिलने से प्रशासन ने राहत की सांस ली।

छापेमारी के बाद डीएम और एसपी ने जेल की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और जेल प्रशासन को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जेल के भीतर सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नियमित अंतराल पर ऐसी औचक छापेमारी जारी रखने और सुरक्षा को और मजबूत बनाने पर जोर दिया।

**रूटीन प्रक्रिया का हिस्सा था रेडः** इस दौरान मौजूद एसडीएम अविनाश कुमार ने बताया कि यह छापेमारी अभियान पूरी तरह से एक रूटीन प्रक्रिया का हिस्सा था। इसका उद्देश्य जेल के अंदर अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाते रहेंगे, ताकि किसी भी अवैध गतिविधि पर समय रहते रोक लगाई जा सके। प्रशासन की इस कार्रवाई को कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# ट्रक और ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर, हादसे में ड्राइवर की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में ट्रक और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक की पहचान चांदी थाना क्षेत्र के तापा जलपुरा निवासी दयाल राम के पुत्र मुखदेव राम उर्फ विक्की(28) के तौर पर हुई है। ईंट भट्ठा पर गाड़ी चलाता था। घटना संदेश थाना क्षेत्र की है। मृतक के बड़े भाई सुइयां देव राम ने बताया कि ट्रैक्टर पर ईंट लोड करके चेला गांव गया था। अनलोड करके वापस गांव लौट रहा था। रास्ते में ब्रह्मदेव बाबा के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहरामः** पोस्टमार्टम के बाद पुलसि ने परिजनों को शव सौंप दिया है। परिवार में पत्नी प्रियंका कुमारी और दो पुत्री मुटुर, लालसा है। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शिव गुरु हैं, बिना किसी दीक्षा के संसार का एक-एक व्यक्ति उनका शिष्य हो सकता है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता






**बक्सर।** हवाई अड्डा के समीप एक निजी सभागार में गुरुवार को शिव शिष्यों और शिष्याओं ने शिव गुरू संगोष्ठी का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से एक-एक व्यक्ति का शिष्य के रूप में जुड़ाव हो सके, इसी उद्देश्य के निमित्त किया गया।

कालखंड के प्रथम शिव शिष्य साहब हरीन्द्रानन्द जी के संदेश को लेकर पटना से आईं शिव शिष्या अनुनीता आनंद ने कहा कि शिव जगत गुरु हैं, गुरुओं के गुरु हैं। संपूर्ण मानवी सृष्टि उन्हें अपना शिष्य भाव अर्पित कर सकती है। शिव केवल नाम के नहीं अपितु काम के गुरू हैं। शिव के औढरदानी स्वरूप से धन, धान्य, संतान, सम्पदा आदि प्राप्त करने का व्यापक प्रचलन है तो उनके गुरु स्वरूप से ज्ञान भी क्यों नहीं प्राप्त किया जाय? किसी संपत्ति या संपदा का उपयोग ज्ञान के अभाव में घातक हो सकता है।

कोई भी व्यक्ति शिव को अपना गुरु बना सकता है जगत का एक-एक व्यक्ति चाहे वह किसी धर्म, जाति, संप्रदाय, लिंग का हो शिव को अपना गुरू बना सकता है। शिव का शिष्य होने के लिए किसी पारम्परिक औपचारिकता अथवा दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। केवल यह विचार कि "शिव मेरे गुरु हैं" शिव की शिष्यता की स्वमेव शुरूआत करता है। आप सभी को ज्ञात है कि शिव शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने सन् 1974 में शिव को अपना गुरु माना। 1980 के दशक से संपूर्ण मानव को शिव गुरु के स्वरूप से जोड़ने का सिलसिला अनवरत चल रहा है। डॉ अमित कुमार ने कहा- भगवान शिव आदि एवं जगतगुरु हैं पटना से ही आए डॉक्टर अमित कुमार ने कहा कि यह अवधारणा पूर्णतः आध्यात्मिक है, जो भगवान शिव के गुरु स्वरूप से एक एक व्यक्ति के जुड़ाव से संबंधित है। उन्होंने कहा कि शिव के शिष्य एवं शिष्याएं अपने सभी आयोजन "शिव गुरु हैं और संसार का एक-एक व्यक्ति उनका शिष्य हो सकता है", इसी प्रयोजन से करते हैं। "शिव गुरु हैं" यह कथ्य बहुत पुराना है। भारत भूखंड के अधिकांश लोग इस बात को जानते हैं कि भगवान शिव गुरु हैं, आदिगुरु एवं जगतगुरु हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बेल तोड़ने के प्रयास में 12 वर्षीय छात्र की पिटाई, वैशाली में एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार



**हाजीपुर।** वैशाली में बेल तोड़ने के प्रयास में एक 12 वर्षीय छात्र की पिटाई की गई। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा फरार है। यह घटना बेलसर थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव की है। घायल छात्र की पहचान रेहान अली (12) के रूप में हुई है। आरोप है कि रेहान ने गांव के प्रेम मिश्रा के बेल के पेड़ से ढेला फेंककर फल तोड़ने का प्रयास किया था। आरोप है कि प्रेम मिश्रा और सन्नी मिश्रा ने मिलकर रेहान को पकड़ा और डंडे से उसकी पिटाई की। पिटाई के कारण बच्चा बेहोश हो गया और उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घायल रेहान को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चे की मां रुबैदा खातून ने घर लौटने पर बेटे की हालत देखी और उसे लेकर थाने पहुंचीं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी प्रेम मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा आरोपी सन्नी मिश्रा अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। घायल छात्र रेहान अली ने बताया कि प्रेम मिश्रा और उसके परिवार के सन्नी मिश्रा ने मेरी डंडे से पिटाई की है। एक मुझे पकड़े हुए था, दूसरा मुझे पीट रहा था। मेरा कसूर बस इतना है कि मैंने उसके बेल के पौधे पर बेल तोड़ने के लिए ढेला फेंक दिया था। छात्र के मां जुबैदा खातून ने बताया कि प्रेम मिश्रा दबंग प्रवृत्ति के लोग हैं। मेरा लड़का कल दोपहर बेल के पेड़ पर ढेला फेंक दिया था। इसी बात पर गुस्सा होकर प्रेम मिश्रा और सन्नी मिश्रा ने कुत्ते की तरह दौड़ा-दौड़ाकर डंडे से मेरी बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर दी। मुझे मेरी बड़ी बेटी ने फोन कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद इलाज के लिए उसे बेलसर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन वहां से सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि रेहान के सिर पर चोट है। साथ ही उसके पूरे पीठ पर डंडे के काले-काले निशान है। जिसकी वजह से उसे सोने तक में दिक्कत हो रही है। इलाज कराने के बाद मैं अपने बेटे को लेकर थाने गई। इस पर प्रेम मिश्रा ने मुझे धमकी दी कि केस करोगी तो तुम्हें भी पीटेंगे। रेहान की मां ने बताया कि आरोपी का भाई फौज में है, जिसको लेकर वो धमकी देता है कि जब मन करेगा तब तुम्हें पीटेंगे।

### मुजफ्फरपुर में सड़क हादसे में महिला टीचर की मौत, स्कूटी से जा रही थी स्कूल, अज्ञात वाहन ने रौंदा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूल जा रही महिला टीचर की मौत हो गई। मृतका की पहचान शिक्षिका बबीता कुमारी (41) के तौर पर हुई है। के अकुराहा खरगी मध्य विद्यालय में पोस्टिंग थी। घटना कांटी थाना क्षेत्र के एनएच-27 स्थित नेता चौक के पास की है। जानकारी के मुताबिक हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका के पति मुन्ना कुमार जमालपुर रेलवे में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। उनके दो पुत्र हैं। बबीता कुमारी मूल रूप से ढेवहा गांव की रहने वाली थी। वर्तमान में मुजफ्फरपुर के भगवानपुर स्थित किराए के मकान में रह रही थीं। साल 2005 में उनकी नियुक्ति हुई थी। भाई आकाश कुमार ने बताया कि उनकी बड़ी बहन रोजाना स्कूटी से स्कूल जाती थी। रास्ते में अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उनकी जान चली गई। वहीं, स्कूल की शिक्षिकाओं ने बताया कि बबीता कुमारी एक सरल और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका थीं, जिनकी असमय मौत से विद्यालय परिवार स्तब्ध है। इधर, कांटी थानाध्यक्ष रविकांत पाठक ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मुजफ्फरपुर सेंट्रल जेल में छापेमारी, पुलिस टीम ने चप्पे-चप्पे को खंगाला, बैरक-टॉयलेट में तलाशी

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में सम्राट चौधरी के सीएम बनने के बाद पुलिस एक्शन मोड में हैं। शुक्रवार सुबह नालंदा, मुजफ्फरपुर, औरंगाबाद समेत कई जिलों के मंडल कारा में छापेमारी की गई। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राज्य की जेलों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। मुजफ्फरपुर स्थित शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में शुक्रवार सुबह जिलाधिकारी (DM) सुब्रत कुमार सेन और वरीय पुलिस अधीक्षक (SSP) कांतेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी की गई। यह तलाशी अभियान सुबह करीब 4:30 बजे शुरू हुआ। डीएम और एसएसपी के साथ दर्जनों थानों की पुलिस और पुलिस लाइन के बड़ी संख्या में जवानों ने जेल परिसर को चारों ओर से घेर लिया। अधिकारियों ने जेल के सभी वार्डों की बारीकी से जांच की। सर्च ऑपरेशन के दौरान जेल में बंद कई कुख्यात अपराधियों के हाई सिक्योरिटी वार्ड पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस टीम ने कैदियों के बिस्तरों, शौचालयों और वार्ड के हर कोने की तलाशी ली। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जेल के भीतर से संचालित होने वाले संभावित आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त करना और मोबाइल फोन, सिम कार्ड या मादक पदार्थों जैसी आपत्तिजनक सामग्री बरामद करना था। करीब 3 घंटे चली इस सघन तलाशी के बावजूद जेल के अंदर से कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह कार्रवाई नियमित सुरक्षा समीक्षा और पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के तहत की गई थी। जिसमें सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, सभी एसडीपीओ और कई थानों की पुलिस के साथ-साथ पुलिस लाइन से अतिरिक्त बल तैनात किया गया था। SSP ने बताया कि करीब 3 घंटे तक चली इस सघन तलाशी के बावजूद जेल के अंदर से कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है। उन्होंने जेल प्रशासन के सहयोग की भी सराहना की और कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए इस तरह के औचक निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेंगे।

### मुजफ्फरपुर में गोल्ड कारोबारी की कार बरामद, देर रात हथियार के बल पर अपराधियों ने लूटी थी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पुलिस ने लूट के कुछ ही घंटों के बाद गोल्ड कारोबारी की कार बरामद कर ली है। पुलिस अब अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी कर रही है। बोचहां मार्केट में आभूषण की दुकान चलाने वाले शेखर कुमार गुरुवार रात दुकान बंद करके 10 साल के भांजे के साथ घर लौट रहे थे। उनसर काली चौक के पास सड़क किनारे खड़े कुछ लोगों ने टॉर्च जलाकर उन्हें रुकने का इशारा किया। शेखर को लगा कि पुलिस चेकिंग चल रही है। जैसे ही उन्होंने कार रोकी, अपराधियों ने खिड़की के पास पहुंचकर कनपटी पर पिस्तौल सटा दी। बच्चे को जान से मारने की धमकी देकर गाड़ी से नीचे उतार दिया। इसके बाद कार लेकर फरार हो गए। लूट की सूचना मिलते ही एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने तत्काल अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। इस टीम का नेतृत्व ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर और एसडीपीओ पूर्वी-1 अलय वत्स को सौंपा गया। पुलिस ने तुरंत पूरे इलाके की नाकेबंदी की। तकनीकी सर्विलांस की मदद से लूटी गई कार की लोकेशन और अपराधियों के भागने के रास्ते को ट्रैक करना शुरू किया। पुलिस के पकड़े जाने के डर से अपराधी लूटी गई कार को गायघाट थाना क्षेत्र के मुनि कल्याण टोला के पास छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। वहीं, इस संबंध में एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि पुलिस ने प्रोफेशनल तरीके से काम करते हुए कुछ ही घंटों के अंदर लूटी गई कार को बरामद कर लिया है। इस घटना में शामिल अपराधियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 लागू, बिहार में जागरूकता बढ़ाने को प्रशिक्षण अभियान तेज

## पटना-जहानाबाद के 1335 प्रतिनिधियों को मिला प्रशिक्षण, मई में ग्राम सभाओं के जरिए जनभागीदारी बढ़ाने की तैयारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** देशभर में 1 अप्रैल 2026 से लागू ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बिहार में जागरूकता और सहभागिता बढ़ाने की दिशा में व्यापक पहल शुरू हो गई है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा इस संबंध में चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि पंचायत स्तर तक सभी हितधारकों को नई नियमावली की जानकारी दी जा सके और उसके अनुपालन को सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में प्रशिक्षण के दूसरे चरण के तहत पटना और जहानाबाद जिलों के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पंचायत स्तर के मुखिया, प्रखंड समन्वयक और अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में कुल 1335 प्रतिभागियों ने भाग लेकर नई व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष डॉ. डी.के. शुक्ला ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026, वर्ष 2016 की नियमावली का स्थान लेते हुए एक अधिक सशक्त और जवाबदेह व्यवस्था के रूप में लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि यह नई प्रणाली पारंपरिक कचरा संग्रहण से आगे बढ़कर डेटा आधारित निगरानी और सख्त कानूनी जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव लाती है। इसका मुख्य उद्देश्य कचरे को संसाधन में बदलते हुए चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। नई नियमावली के




तहत कचरे का स्रोत स्तर पर ही चार श्रेणियों में पृथक्करण अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही बड़े स्तर पर कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों की जिम्मेदारी भी तय की गई है। ऐसे संस्थानों को अपने यहां उत्पन्न होने वाले 100 प्रतिशत गीले कचरे का स्थल पर ही प्रसंस्करण करना होगा, अन्यथा उन्हें विस्तारित उत्पादक दायित्व (EPR) के तहत प्रमाणन प्राप्त करना पड़ेगा।

पर्षद् के अनुसार, जिन संस्थानों का फ्लोर एरिया 20,000 वर्गमीटर से अधिक है, जो प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक कचरा उत्पन्न करते हैं या 40,000 लीटर से अधिक जल का उपयोग करते हैं, उन्हें थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में रखा गया है और उन पर विशेष प्रावधान लागू होंगे। प्रशिक्षण के दौरान पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिला पंचायत एवं ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारियों को विस्तार से समझाया गया। इसके अलावा नई व्यवस्था के तहत किसी भी आयोजन या सभा में 100 से अधिक लोगों के एकत्र होने पर आयोजकों के लिए तीन दिन पूर्व स्थानीय निकाय को सूचना देना और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करना अनिवार्य किया गया है।

कचरा प्रबंधन की निगरानी के लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल भी संचालित किया जाएगा, जिससे राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा सकेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में सख्त रुख अपनाते हुए अपने आदेश (सिविल अपील संख्या- 6174/2023, दिनांक 19 फरवरी 2026) में स्पष्ट किया है कि इन नियमों का पालन नहीं करना केवल प्रशासनिक चूक नहीं माना जाएगा, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। पर्षद् द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों में चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है। साथ ही मई माह में विशेष ग्राम सभाओं के आयोजन की योजना बनाई गई है, ताकि आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वच्छ एवं सतत कचरा प्रबंधन प्रणाली को जमीन पर उतारा जा सके।

# बाढ़ में दोस्त के कमरे में युवक की संदिग्ध मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नाथचक मोहल्ले में 35 वर्षीय पप्पू यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह दलिसमन चक गांव का निवासी था। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**दोस्त के कमरे में मिला शव:** जानकारी के अनुसार, जानकारी के अनुसार, पप्पू यादव बीती रात अपने दोस्त सत्येंद्र कुमार के किराए के कमरे पर आया था, जो नाथचक मोहल्ले में रहता है। सुबह जब पप्पू नहीं जागा तो सत्येंद्र ने उसे जगाने की कोशिश की। जब वह नहीं उठा तो सत्येंद्र ने उसके परिजनों को सूचना दी।

**परिजनों ने जताया हत्या का शक:** परिजनों के मौके पर पहुंचने पर पप्पू मृत पाया गया। परिजनों ने इस घटना को हत्या करार देते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के चचेरे भाई मंटू कुमार ने बताया कि पप्पू ने नौकरी दिलाने के नाम पर किसी व्यक्ति को करीब 10 लाख



**❏ सुबह नहीं जागा तो पुलिस को दी सूचना, परिजनों ने जताया हत्या का शक**

रुपए दिए थे, जिसके कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है।

**पुलिस ने दोस्त को लिया हिरासत में:** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सत्येंद्र कुमार को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। पप्पू यादव शादीशुदा था और खेती-बाड़ी का काम करता था।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार:** पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और विस्तृत जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

# पटना में महिला सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, विशेषज्ञों ने रखे महत्वपूर्ण विचार

## नीति, शिक्षा और सामाजिक पहल पर जोर, शोध और संवाद के जरिए समाधान की दिशा तय

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** "महिला सशक्तिकरण: बिहार के विशेष संदर्भ में" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार को सोसाइटी फॉर एम्पावरमेंट के तत्वावधान में ए. एन. सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना में किया गया। इस संगोष्ठी में प्रख्यात शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं और सामाजिक चिंतकों ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. ए. के. पांडेय (सेवानिवृत्त आईएएस) ने अपने स्वागत भाषण में महिलाओं के समावेशी और सतत सशक्तिकरण के लिए शिक्षा और संस्थागत सहयोग को अत्यंत आवश्यक बताया। वहीं प्रो. एस. नारायण, अध्यक्ष, सोसाइटी फॉर एम्पावरमेंट ने संस्था की गतिविधियों और सामाजिक विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

प्रो. अनिल के. प्रसाद ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए महिला




सशक्तिकरण को मानवाधिकार के दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता बताई। डॉ. राजीव के. कुमार, ए. एन. सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना ने संगोष्ठी के अपेक्षित परिणामों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता श्री विजय प्रकाश (सेवानिवृत्त आईएएस), अध्यक्ष, बिहार विद्यापीठ ने महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए जमीनी स्तर पर पहल और नीतिगत समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।

उद्घाटन सत्र का एक प्रमुख आकर्षण प्रोफेसर सचिंद्र नारायण द्वारा लिखित पुस्तक "बिहार के आदिम जनजातीय समूहों की स्थिति" का लोकार्पण रहा, जिसने संगोष्ठी को अकादमिक दृष्टि से और समृद्ध बनाया।

इस अवसर पर डॉ. शोभा कुजूर, प्रोफेसर, चैत्रा कॉलेज द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और समाज में महिलाओं की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

तकनीकी सत्र में विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. ज्योत्सना प्रसाद ने बिहार में महिला सशक्तिकरण की यात्रा पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रियंका कुमारी और कैप्टन निकिता सहाय ने महिलाओं में आत्मबल और नेतृत्व क्षमता के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. संजय कुमार ने ग्रामीण बिहार में कृषि के स्त्रीकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. राम गुलाम रज़दान ने "मध्य प्रदेश की ग्रामीण महिलाएं: अतीत, वर्तमान और भविष्य" विषय पर महत्वपूर्ण प्रस्तुति देते हुए ग्रामीण महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया।

अन्य वक्ताओं में डॉ. स्मृति एस. सिंह, डॉ. राजेन्द्र के. मलिक, डॉ. राजीव के. कुमार, डॉ. श्वेता सागर, श्री तन्मय, डॉ. रंजीत कुमार और सुश्री धंश्री रामदास शामिल रहे, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण की चुनौतियों और संभावनाओं पर अपने शोध आधारित विचार प्रस्तुत किए।

समापन सत्र में डॉ. एन. एन. पांडेय (सेवानिवृत्त आईएएस) ने लैंगिक समानता, आर्थिक समावेशन और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए ठोस और समन्वित प्रयासों का आह्वान किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शिवानी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# मानसून से पहले सफाई व्यवस्था के लिए तय हुई जवाबदेही, 85 चिन्हित कचरा प्वॉइंट्स हुआ साफ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना को गार्बेज वल्नरेबल प्वॉइंट्स (कचरा स्थलों) से मुक्त रखने, नाला उड़ाही के दौरान निकले सिल्ट का समय पर उठाव सुनिश्चित करने और निर्माण-विध्वंस के कचरे की प्रोसेसिंग के लिए नगर निगम ने अपने सभी 19 जोनों में जोनल निरीक्षकों को जवाबदेही की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत शहर के 85 चिन्हित कचरा प्वॉइंट्स को स्वच्छ किया गया है। पटना नगर निगम मानसून में जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम में लगी हुई है।

नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने सभी जोनल निरीक्षकों को स्पष्ट



निर्देश दिए हैं कि वे प्रतिदिन प्रत्येक वार्ड में एक मुख्य सड़क और उससे जुड़ी सड़कों को चिन्हित कर कचरे का शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित करें। संबंधित स्थलों की GPS युक्त तस्वीरें ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड की जाए और रात्रिकालीन विशेष अभियान चलाकर निर्माण और विध्वंस सामग्री हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहे। इसके साथ ही, जोनल निरीक्षकों को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि उनके क्षेत्र में कोई भी गार्बेज वल्नरेबल प्वॉइंट विकसित न हो।

**निगम ने 85 कचरा प्वॉइंट्स को किया गया स्वच्छ:** पटना नगर निगम द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत शहर के 85 चिन्हित कचरा प्वॉइंट्स की व्यापक साफ-सफाई कर उनका कायाकल्प किया गया है।

पटना नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर सेवा के अंतर्गत आवासीय परिसरों से तथा रोड-टू-रोड सेवा के अंतर्गत गैर-आवासीय परिसरों से प्रतिदिन कचरा उठाव किया जाता है। इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा खुले प्लॉट, सड़क किनारे तथा खुले नालों में कचरा फेंक दिया जाता है, जिससे गंदगी फैलती है और नालों के जाम होने से जल निकासी बाधित होती है।

# बिहार में सुबह-सुबह कई जेलों में एक साथ छापेमारी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार में नई सरकार के गठन के साथ ही शासन और प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेश के सभी जेलों में एक साथ सघन तलाशी अभियान (सर्च ऑपरेशन) चलाया गया। उत्तर बिहार की सबसे महत्वपूर्ण जेलों में शुमार मुजफ्फरपुर स्थित शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में शुक्रवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब जिले के आलाधिकारी भारी पुलिस बल के साथ छापेमारी करने पहुंचे। जेल में यह छापेमारी अहले सुबह करीब 4:30 बजे शुरू हुई। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों थानों की पुलिस और भारी संख्या में पुलिस लाइन के जवानों ने जेल परिसर को चारों तरफ से घेर लिया।

अचानक हुई इस कार्रवाई से जेल प्रशासन और कैदियों के बीच हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने एक-एक कर जेल के सभी वार्डों की बारीकी से तलाशी ली।

# पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक का व्यापक निरीक्षण, डीडीयू से डगमगपुर तक लिया जायजा

## मालवाहक गलियारा कनेक्टिविटी, विश्राम कक्ष और क्रू लॉबी की व्यवस्थाओं की भी हुई समीक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने शुक्रवार को पटना–डीडीयू रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने श्रमजीवी एक्सप्रेस से यात्रा करते हुए विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से पूरे रेलखंड का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मध्यवर्ती स्टेशनों, रेल पुलों, पटरियों तथा संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों को सुरक्षा के प्रति हमेशा सतर्क रहने का निर्देश दिया। इसके बाद महाप्रबंधक ने डीडीयू जंक्शन से विशेष निरीक्षण यान द्वारा चल निरीक्षण शुरू किया। उन्होंने डीडीयू जंक्शन से चुनार तक पारंपरिक रेलमार्ग का





निरीक्षण किया, जबकि चुनार से न्यू डगमगपुर स्टेशन तक पूर्वी समर्पित मालवाहक गलियारा रेलखंड का जायजा लिया। वापसी के दौरान भी उन्होंने मालवाहक गलियारा लाइन से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रेल अवसंरचना, पटरियों, सिग्नल व्यवस्था और परिचालन प्रणाली की स्थिति का बारीकी से आकलन किया गया। साथ ही डीडीयू क्षेत्र में भारतीय रेल और समर्पित मालवाहक गलियारे के बीच कनेक्टिविटी, लिंक व्यवस्था और समन्वित परिचालन से जुड़े बिंदुओं की समीक्षा की गई। पटना दिशा की ओर प्रस्तावित तीसरी और चौथी रेल लाइन के एलाइनमेंट और उससे जुड़े कार्यों का भी निरीक्षण किया गया।इसके उपरांत महाप्रबंधक ने न्यू डीडीयू जंक्शन स्थित समर्पित मालवाहक गलियारे के नवनिर्मित रनिंग रूम का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने रनिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध विश्राम कक्ष, स्वच्छ आवासीय व्यवस्था, भोजन कक्ष और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही क्रू लॉबी का निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली का भी मूल्यांकन किया।

निरीक्षण के अंतिम चरण में महाप्रबंधक ने न्यू डीडीयू जंक्शन से न्यू गंजख्वाजा तक मालवाहक गलियारा लाइन से निरीक्षण किया और वहां से पारंपरिक ट्रैक के जरिए पुनः डीडीयू जंक्शन तक रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान डीडीयू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे और निरीक्षण कार्य में सहयोग किया।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आरोप में पंचायत समिति सदस्य पर कार्रवाई की मांग



**पूर्वी सिंहभूम।** बीरसा सेना का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को उपायुक्त से मिलकर एमजीएम थाना क्षेत्र के छोटा बांकी स्थित पंचायत समिति सदस्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान सेना कार्यालय के बाहर प्रदर्शन भी किया। प्रतिनिधिमंडल में संयोजक संजय हेंब्रम के साथ राजेश पूर्ति, दीपक तिर्की, मंगल सोरेन और अजय लोहरा शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भरत राम लोहरा ने पलाशबानी पंचायत से अनुसूचित जनजाति (एसटी) आरक्षित सीट पर चुनाव जीतकर पद प्राप्त किया,जबकि वे इस श्रेणी के पात्र नहीं हैं। शिकायत में कहा गया है कि भरत राम लोहरा स्थानीय मूल खतियानधारी नहीं हैं। उनके पिता स्वर्गीय हुरदा लोहरा को केवल सरकारी भूमि का बंदोबस्त मिला था,जिसके आधार पर मानगो अंचल कार्यालय से जाति प्रमाण-पत्र जारी किया गया। प्रतिनिधिमंडल का दावा है कि यह प्रक्रिया राज्य सरकार के नियमों के विरुद्ध है,जिनके अनुसार एसटी आरक्षण का लाभ उन्हीं को मिल सकता है जो 6 सितंबर 1950 से पूर्व उस क्षेत्र के स्थायी निवासी हों या 1964 के खतियान में उनका नाम दर्ज हो। आरोप में यह भी कहा गया कि भरत राम लोहरा के दादा बुद्धदेव लोहरा उर्फ बुधू कमार मूल रूप से पश्चिम सिंहभूम जिले के मंझारी अंचल के पिल्का गांव के निवासी थे,जहां उनके परिवार का खतियान 'कमार' जाति में दर्ज है, जो ईबीसी-1 श्रेणी के अंतर्गत आती है। बीरसा सेना ने उपायुक्त से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए संबंधित पंचायत समिति सदस्य को पद से हटाने,फर्जी दस्तावेज के आधार पर चुनाव लड़ने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने और विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

### चेकडैम में डूबने से बच्ची की मौत



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत रवगंदा गांव में गुरुवार को नहाने के दौरान चेकडैम में डूबने से 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीणों ने पानी में बच्ची का शव उतराता देखा, तब लोगों की भीड जुटी। मृत बच्ची की पहचान सोमरा मिंज की पुत्री रुपनी मिंज के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रुपनी गुरुवार को गांव के पास स्थित चेकडैम में नहाने के लिए गई थी। वह अक्सर वहां अन्य बच्चों के साथ नहाने जाया करती थी, लेकिन इस बार वह वापस घर नहीं लौटी। शाम ढलने तक जब रुपनी घर नहीं पहुंची तो परिवार वालों की चिंता बढ़ने लगी। पूरी रात परिवार वाले बेचैनी में गुजारते रहे। शुक्रवार सुबह गांव के कुछ लोग जब उसी चेकडैम पर नहाने पहुंचे तो उन्होंने किनारे पर बच्ची के कपड़े पड़ा देखा। संदेह होने पर जब उन्होंने पानी में नजर डाली तो रुपनी का शव पानी के ऊपर तैरता दिखाई दिया। यह दृश्य देखते ही ग्रामीणों ने शोर मचाया और थोड़ी ही देर में बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना तत्काल जराईकेला थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया।

### उपायुक्त ने जेल सुरक्षा को मजबूत करने का दिया निर्देश



**खूंटी।** उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप-कारा, खूंटी की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने और परिसर में अनुशासन सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने उप-कारा में स्थापित सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए उनके सुचारु संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक की संभावना न रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जेल में अनुशासन बनाए रखने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी-सह-अधीक्षक उप-कारा दिपेश कुमारी, डीएसपी मुख्यालय अखिल कुजूर, प्रोबेशन पदाधिकारी शांति भूषण सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बीटेक छात्र ने की खुदकुशी, शेयर बाजार में नुकसान से था तनाव में



**पूर्वी सिंहभूम।** कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर रोड नंबर-7 में रहने वाले एक युवक ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना गुरुवार की बताई जा रही है। मृतक की पहचान अंकित शर्मा (23) के रूप में हुई है, जो बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, अंकित अपनी बहन के साथ कदमा स्थित घर में रहता था। उसकी मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उनका इलाज रांची में चल रहा है। परिवार पहले से ही कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा था। गुरुवार शाम जब उसकी बहन उसे खाना खाने के लिए बुलाने गई, तो काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। आशंका होने पर उसने खिड़की से झांककर देखा, जहां अंकित कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अंकित पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। उसकी बहन ने पुलिस को बताया कि वह शेयर बाजार में निवेश करता था और हाल के दिनों में उसे करीब 4 से 5 लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ था। इसी आर्थिक दबाव और तनाव के कारण उसने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही कदमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, ट्रक जब्त



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के झींकपानी थाना क्षेत्र के जोड़ापोखर चौक पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बुजुर्ग चंद्र मोहन बारी (64) की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, चंद्र मोहन बारी अपने गांव चढ़ाबासा से जोड़ापोखर पेट्रोल लेने आए थे। इसी दौरान जब वे जोड़ापोखर चौक के पास पहुंचे, तभी तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने मानवता दिखाते हुए उन्हें उठाया और इलाज के लिए सदर अस्पताल चाईबासा ले जाने की व्यवस्था की। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही झींकपानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया है। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। झींकपानी थाना प्रभारी रवि रंजन मिश्रा ने बताया कि वाहन को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं का खुलासा किया जाएगा।

# राज्यपाल से प्रथम खेलो इंडिया जनजातीय खेल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने की मुलाकात

**एजेंसी। रांची**



झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर स्थित सरगुजा गांधी स्टेडियम में आयोजित'प्रथम खेलो इंडिया जनजातीय खेल–2026' में भाग लेने वाले झारखंड के खिलाड़ियों ने रांची के लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर झारखंड राज्य मलखम्ब एसोसिएशन के महासचिव डॉ० अजय झा ने राज्यपाल को अवगत कराया कि झारखंड के खिलाड़ियों ने बालक एवं बालिका—दोनों वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल रैंकिंग में कांस्य पदक अर्जित किया है। राज्यपाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के लोगों में खेलों के प्रति गहरी अभिरुचि है तथा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा,परिश्रम एवं अनुशासन के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का गौरव बढ़ा रहे हैं,जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास,समर्पण एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उल्लेखनीय है कि इस आयोजन का आधिकारिक शुभंकर 'मोरवीर' था।

## सहायक आचार्य परीक्षा नॉर्मलाइजेशन से जुड़े मामलों में उच्च न्यायालय ने जेएसएसी से मांगा जवाब




**एजेंसी। रांची**

सहायक आचार्य परीक्षा नॉर्मलाइजेशन से संबंधित मामलों में झारखंड उच्च न्यायालय में शुक्रवार को आंशिक सुनवाई हुई। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने सभी संबंधित मामलों को 13 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। साथ ही, झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमिशन (जेएसएससी) को यह निर्देश दिया गया है कि वह निर्धारित तिथि से पूर्व अपना जवाब (काउंटर एफिडेविट) दाखिल करें। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता चंचल जैन, अमृतांश वत्स और शुभम मिश्रा न्यायालय में उपस्थित हुए और उन्होंने वादियों का पक्ष अदालत के समक्ष रखा। प्रार्थियों ने याचिका दाखिल कर कहा है कि जेएसएससी ने सहायक आचार्य परीक्षा (विज्ञापन संख्या 13/2023) में गलत तरीके से मार्क्स का नॉर्मलाइजेशन किया है। उनकी ओर से अदालत से आग्रह किया गया है कि उक्त परीक्षा के परिणाम में जेएसएससी को सही तरीके से नॉर्मलाइजेशन करने का आदेश दिया जाए।

## झारखंड में मौसम में उतार-चढ़ाव जारी, चक्रधरपुर में 37 मिमी बारिश तो पलामू में 41 डिग्री गर्मी

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची सहित राज्य भर में इन दोनों तापमान में काफी उतार चढ़ाव देखा जा रहा है। यही वजह की आजकल राज्य के कुछ जिले में बारिश तो कुछ जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान चक्रधरपुर में 37.4 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई, जबकि दूसरी ओर डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान बढ़कर 41.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम की यह स्थिति आने वाले दिनों में भी बनी रहेगी। मौसम विभाग ने 21 अप्रैल तक राज्य के कई जिलों में प्रचंड गर्मी के कारण लू चलने की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 41.8 डिग्री और सबसे कम तापमान कोडरमा में 20.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इधर, शुक्रवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में आंशिक बादल छाए रहे, लेकिन बाद में मौसम साफ हो गया और भीषण गर्मी महसूस की गई। यही वजह है कि पिछले एक दो दिनों में राजधानी रांची में अधिकतम तापमान बढ़कर 37 डिग्री के पार पहुंच गया है। वहीं, रांची में अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री और न्यूनतम 23.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि जमशेदपुर में अधिकतम 37.1 डिग्री और न्यूनतम 26.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 41.8 और न्यूनतम 24.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.5 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## उत्पाद सिपाही परीक्षा पेपर लीक मामले में 28 आरोपितों की जमानत पर सुनवाई, कोर्ट ने मांगी केस डायरी

**एजेंसी। रांची**




उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा से जुड़े पेपर लीक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए 28 आरोपितों की जमानत याचिका पर अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने केस डायरी मांगी है। अब अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी।जिन 28 आरोपितों ने जमानत याचिका दाखिल की है, उनमें अनिल कुमार यादव, विवेक कुमार सिंह, आकाश कुमार, शिवम सिंह, ममता कुमारी, मणिशंकर भगत, संजीत कुमार, संदीप कुमार, श्रीमती कुमारी, मोहम्मद मुख्तार अंसारी सहित अन्य शामिल हैं। इससे पहले बुधवार को भी 20 आरोपितों ने जमानत याचिका दाखिल की थी। सभी ने अदालत में दलील दी थी कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है। उन पर आपराधिक मुकदमा न चलाया जाए, नहीं तो उनका शैक्षणिक करियर समाप्त हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रड़गांव में एक अर्धनिर्मित स्थान पर 159 अभ्यर्थियों का जमावड़ा लगा है। सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी दल ने 11 अप्रैल की देर रात छापा मारा था। जिसमें 164 को गिरफ्तार किया गया था।इनमें 152 पुरुष अभ्यर्थी, 7 महिला अभ्यर्थी, 5 गैंग सरगना एवं अन्य शामिल थे। पुलिस की टीम के पहुंचने पर लोग इधर-उधर भागने लगे। इनमें अंतराज्यीय पेपर लीक और पेपर सॉल्वर गिरोह सरगना के पांच आरोपित अतुल वत्स, विकास कुमार, शेर सिंह, आशीष कुमार और योगेश प्रसाद भी शामिल थे। पुलिस के अनुसार गैंग के एजेंटों ने तमाड़ के रड़गांव में अभ्यर्थियों को रखा था और उन्हें प्रश्न का उत्तर (आसंर) रटाया जा रहा था। गैंग ने अभ्यर्थियों के मोबाइल और एडमिट कार्ड अपने पास रख लिए थे। अभ्यर्थियों से 15-15 लाख में सौदा हुआ था। कुछ अभ्यर्थियों ने गैंग के सदस्यों के नाम पर बैंक चेक भी दिया था। मामले में तमाड़ थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 21/2026 दर्ज की गई है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच 19 को होगी जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा




**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

जिले में 19 अप्रैल 2026 (रविवार) को आयोजित होने वाली झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने सभी संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस वर्ष जिले में कुल 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें चाईबासा अनुमंडल में 18 और चक्रधरपुर अनुमंडल में 09 केंद्र शामिल हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 03 बजे से शाम 05 बजे तक होगी। परीक्षा में कुल 11,023 अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है, जिसके मद्देनजर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उपायुक्त चंदन कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी केंद्रों पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी लगातार की जाएगी। परीक्षा सामग्री की सुरक्षित प्राप्ति, स्ट्रॉन्ग रूम में भंडारण और समय पर वितरण के लिए भी सख्त प्रोटोकॉल तय किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की सघन जांच की जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला पुलिसकर्मी ही करेंगी। बिना जांच किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा सभी केंद्रों पर मेटल डिटेक्टर और हैंड हेल्ड डिटेक्टर लगाए गए हैं, ताकि किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या संदिग्ध वस्तु को अंदर ले जाने से रोका जा सके। बैठक में अपर उपायुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला गोपनीय प्रभारी सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# तेज रफ्तार स्कूटी से गिरकर पिता की मौत, बेटी घायल

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**




पश्चिमी सिंहभूम जिले के तांतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोकचो गांव के रहने वाले बुधराम सांडिल की शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उनकी पुत्री घायल हो गई। परिजनों के अनुसार, बुधराम सांडिल(54) सुबह करीब साढ़े 10 बजे किसी जरूरी काम से अपनी बेटी के साथ घर से निकले थे। दोनों स्कूटी से चाईबासा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बरकुंडीय मोड़ के पास अचानक स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि स्कूटी की रफ्तार तेज थी, जिससे चालक नियंत्रण नहीं रख पायीं और हादसा हो गया। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर दोनों को उठाया और इलाज के लिए चाईबासा सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद बुधराम सांडिल को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी पुत्री को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, हालांकि उसे हल्की चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना का मामला है और जांच की जा रही है।

## बिजली दर वृद्धि के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन

**पूर्वी सिंहभूम।** बिजली दरों में हालिया बढ़ोतरी के विरोध में शुक्रवार को कदमा स्थित बिजली विभाग के जीएम कार्यालय का भाजपा कार्यकर्ताओं ने घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सरकार से तत्काल बढ़ी हुई दरें वापस लेने की मांग की।


## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

### आम सूचना

एतद् द्वारा नगर परिषद, गढ़वा क्षेत्रांतर्गत सभी होल्डिंग टैक्स धारकों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 5–10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। यह लाभ वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रथम तिमाही (30 जून 2026 तक) में होल्डिंग टैक्स जमा करने पर होल्डिंग टैक्स धारकों को दी जायेगी। इसमें सभी होल्डिंग धारी को आवासीय व कॉर्मशियल भवन पर 5 प्रतिशत और आवासीय भवन के महिला, वरिष्ट नागरिकों, दिव्यांग, ट्रांस जेन्डर एवं आर्मी होल्डिंग धारकों को 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में होल्डिंग टैक्स जमा नही करने वाले होल्डिंग धारी को 01 अप्रैल 2026 से बकाया होल्डिंग के साथ 12 प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना राशि जमा करना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गढ़वा

PR 377723 Urban Development and Housing (26-27)_D



## न्यायालय :– अनुमण्डल दण्डाधिकारी, श्री बंशीधर नगर, गढ़वा

**श्री बंशीधर नगर अनुमण्डल अन्तर्गत झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा(सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा–2025 के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की दूरी तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अन्तर्गत सामान्य निषेधाज्ञा आदेश।**

सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची के पत्रांक–1133(अनु) दिनांक 04.04.2026 एवं उपायुक्त, गढ़वा के संयुक्त आदेश ज्ञापांक 148/गो0, दिनांक 16.04.2026 के आलोक में श्री बंशीधर नगर अनुमण्डल अन्तर्गत नीचे वर्णित परीक्षा केन्द्रों पर झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची द्वारा झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा(सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा–2025 का आयोजन **दिनांक 19.04.2026 को प्रथम पाली पूर्वा0 10:00 बजे से मध्या0 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक दो पालियों** में होगा।

| क्र0सं0 | परीक्षा केन्द्र कोड | परीक्षा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|
| 01 | 1190 | राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, मेन रोड़ नगर उंटारी, गढ़वा। |
| 02 | 1191 | राजकीयकृत अम्बालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय, नगर उंटारी, गढ़वा। |
| 03 | 1192 | आर0के0 पब्लिक स्कूल, अधौरा, श्री बंशीधर नगर। |
| 04 | 1193 | मिलेनियम पब्लिक स्कूल, बिशुनपुर, नगर उंटारी, गढ़वा। |
| 05 | 1194 | पी0एम0 श्री राजकीय मध्य विद्यालय, सिलीदाग–01, रमना, गढ़वा। |
| 06 | 1195 | बोकारो स्टील माईन्स कॉलेज, भवनाथपुर, गढ़वा। |
| 07 | 1196 | डी0ए0वी0 शताब्दी पब्लिक स्कूल (सेल) भवनाथपुर टाउनशिप, गढ़वा। |
| 08 | 1197 | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भवनाथपुर टाउनशिप (भारतीय स्टेट बैंक के पीछे) |

उक्त के आलोक में **मैं प्रभाकर मिर्धा, अनुमंडल दण्डाधिकारी, श्री बंशीधर नगर** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचार मुक्त एवं परीक्षा केन्द्र के आस–पास अवांछनीय तत्व एकत्र न हो, के लिए श्री बंशीधर नगर अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत उक्त परीक्षा के निमित्त **उपरवर्णित परीक्षा केन्द्र के चहारदिवारी से 100 मीटर की चतुर्दिक दूरी तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू करता हूँ।** यह निषेधाज्ञा परीक्षा की **तिथि 19.04.2026 को पूर्वा0 06:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक** निम्न रूप से लागू रहेगी :–

1. परीक्षा केन्द्रों के चहारदिवारी से 100 मीटर की चतुर्दिक दूरी में कहीं भी 05 या 05 से अधिक व्यक्तियों का समूह किसी भी परिस्थिति में एकत्र नहीं रहेंगे।
2. परीक्षा केन्द्रों के आस–पास शोरगुल की अनुमति नही होगी।
3. परीक्षा केन्द्रों के आस–पास लाउडस्पीकर/डी0जे0 का उपयोग वर्जित रहेगा। किसी भी प्रकार का प्रचार–प्रसार एवं किसी तरह के ढ़ोल–नगाड़ा आदि वाद्य् यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा।
4. परीक्षा केन्द्रों के आसपास किसी भी प्रकार का हथियार, आग्नेयास्त्र/ज्वलनशील पदार्थ (पटाखे, बारूद आदि) लाना सर्वथा वर्जित होगा।
5. परीक्षा केन्द्रों के अंदर परीक्षार्थी को मोबाईल फोन/पेजर/कैलकुलेटर आदि इलेक्ट्रोनिक यंत्र लाना पूर्णतया वर्जित होगा।(परीक्षा कार्य में लगे सरकारी सेवक को छोड़कर)
6. यह निषेद्याज्ञा परीक्षा संचालन एवं विधि–व्यवस्था संधारण में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों/पुलिस बलों पर लागू नहीं होगी।
7. उपरोक्त शर्तों का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुकूल कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**चूँकि संबंधित व्यक्तियों को तत्काल रूप से नोटिस तामिला करना संभव नहीं है, अतः यह आदेश एक पक्षीय (Ex-parte) पारित किया जाता है।**

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ यह आदेश आज **दिनांक 17.04.2026** को जारी किया गया। सभी संबंधित को आदेश की प्रति अनुपालनार्थ प्रेषित किया जाए एवं प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

(प्रभाकर मिर्धा)
अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
श्री बंशीधर नगर, गढ़वा

PR 377749 (District)26-27*D

## तमिलनाडु चुनाव 2026 के बीच जब्ती 800 करोड़ के पार, 2021 के मुकाबले लगभग दोगुनी

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में चल रहे चुनावी माहौल के अब तक करीब 800 करोड़ रुपए की नकदी, कीमती सामान और अवैध वस्तुएं जब्त की जा चुकी हैं। यह आंकड़ा 2021 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले लगभग दोगुना है। चुनाव विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, 2021 के चुनाव में 446.28 करोड़ रुपए के उपहार और कीमती धातुएं बिना वैध दस्तावेज के जब्त की गई थीं। इसके अलावा 236.70 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी भी पकड़ी गई थी। खास बात यह रही कि जब्त किए गए सामान में से




50 प्रतिशत से ज्यादा बाद में सही दस्तावेज दिखाने पर लोगों को वापस लौटा दिए गए थे। उस समय कुल जब्ती में केवल सोने की हिस्सेदारी ही 173.19 करोड़ रुपए की थी। वहीं, इस बार स्थिति और ज्यादा सख्त नजर आ रही है। बुधवार तक करीब 800 करोड़ रुपए की जब्ती हो चुकी है, जिसमें नकदी, आभूषण, नशीले पदार्थ और शराब शामिल हैं। अब तक 126.64 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी भी जब्त की गई है, जिसके पास वैध कागजात नहीं थे। यह पूरी कार्रवाई राज्यभर में तैनात फ्लाइंग स्क्वॉड, स्थिर निगरानी टीमों और आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

## गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में बड़ा फर्जीवाड़ा, चोरी पकड़ने वाले जेई को गंवानी पड़ी थी नौकरी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) में चल रहे फीस धांधली, प्रोफेसर व



कर्मचारियों की नियुक्ति के मामले में रोजाना नए-नए फर्जीवाड़े सामने आ रहे हैं। एक ऐसा मामले सामने है जिसमें सूत्रों ने बताया कि चोरी पकड़वाने वाले इलेक्ट्रिशियन जेई को ही विश्वविद्यालय प्रशासन के दबाव में नौकरी छोड़नी पड़ गई थी और उसे दो साल बाद वेतन मिल पाया था। वहीं चोरी के मामले में आरोपित को प्रमोशन दे दिया गया था। बता दें कि जीबीयू के कुलपति रहे प्रो. रविंद्र कुमार सिन्हा के कार्यकाल में इलेक्ट्रिशियन जेई रहे कर्मचारी ने बताया कि उनके अंडर में पिंटू सेंगर नाम का एक कर्मचारी काम करता था, जिसने रविवार के दिन विभाग से स्क्रैप में बैट्री, तार के अलावा अन्य सामान बेच दिए थे। मामले की जानकारी उन्हें सोमवार को हुई तो उन्होंने उसकी जानकारी कुलपति प्रो. रविंद्र कुमार सिन्हा और कुलसचिव रहे डा. विश्वास त्रिपाठी से शिकायत की। शिकायत के बाद माल भी बरामद किया गया, लेकिन पिंटू सेंगर के खिलाफ उस वक्त कोई कार्रवाई किए जाने की बजाय उनके ऊपर ही उल्टा दबाव बनाया गया और उनको संविदा से आउटसोर्सिंग से कर दिया गया। वहीं पिंटू सेंगर को आउटसोर्सिंग से प्रमोशन देकर संविदा से कर दिया गया। उनके ऊपर विश्वविद्यालय प्रबंधन से काफी दबाव बनाया जाने लगा और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। इससे उन्होंने परेशान आकर नौकरी छोड़ दी थी। इस दौरान उन्हें वेतन भी नहीं मिला। काफी प्रयासों के बाद उनको दो वर्ष बाद वेतन मिल पाया था। सूत्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने करीब दो वर्ष बाद एक दूसरे मामले में पकड़े जाने पर नौकरी से बाहर कर दिया गया था।

# अयोध्या में सुगम और विशिष्ट पास धारकों के लिए सप्त मंडपम के दर्शन का इंतजार बढ़ा

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के सभी मंदिरों में दर्शन शुरू हो गया है। बीते दिनों की इस व्यवस्था में उत्तर के अलग-अलग दो प्रवेश द्वारों तथा रंगमहल बैरियर व राम गुलेला-अमावां राम मंदिर में विशिष्ट एवं सुगम पास धारकों का प्रवेश हो रहा है। सुगम व विशिष्ट पास धारकों के पास के लिए फिलहाल किसी नये साफ्टवेयर का प्रयोग नहीं हो रहा है बल्कि पुराने साफ्टवेयर से पास जारी किया जा रहा है। यही वजह है कि सुगम व विशिष्ट पास पर रामलला व राम परिवार दर्शन ही लिखा जा रहा है। यह अलग बात है कि 13 अप्रैल से सभी मंदिरों में दर्शन खोले जाने के बाद सुगम व विशिष्ट पास धारकों को परकोटे के सभी छह मंदिरों में अतिरिक्त रूप से दर्शन की अनुमति ऐच्छिक रुप से दे दी गयी है। फिर भी इन पास धारकों को शेषावतार, सप्त मंडपम व कुबेर नवरत्न टीला में कुबेरेश्वर महादेव के दर्शन का नाम तो कोई रास्ता निर्धारित किया गया है और न ही उन्हें इन स्थानों पर जाने की इजाजत है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा जिन्हें विशेष अनुमति दी जाती है, उन्हें ट्रस्ट के कार्यकर्ता गोल्फ कार्ट से राम मंदिर



के पश्चिम रास्ते से ले जाकर शेषावतार मंदिर पहुंचाते हैं। पुनः उन्हें पैदल घुमाकर दर्शन कराया जाता है। यह सुविधा सीमित वीवीआईपी के लिए ही है। शेष श्रद्धालु इससे वंचित हैं। खास बात यह है कि सुगम व विशिष्ट दर्शन पास की सुविधा भी आनलाइन है लेकिन यहां पास की संख्या काफी कम है जिसके कारण अधिकांश पास रेफरल होते हैं। जो कि ट्रस्ट के किसी पदाधिकारी की संस्तुति पर ही बनाए जा सकते हैं क्योंकि इन सभी रेफरल पास पर संस्तुति करने वाले पदाधिकारी के आईडी का विशेष कोड अंकित किया जाता है। तीर्थ क्षेत्र ने सामान्य दर्शन पास धारकों को आद्य गुरु रामानंदाचार्य प्रवेश द्वार से इंट्री के बाद बैगेज स्कैनर तक वीआईपी रास्ते का प्रयोग करने की अनुमति है। पुनः वह सभी आम श्रद्धालुओं के दर्शन मार्ग से ही रामलला का दर्शन करते हैं। यहां से दक्षिणी द्वार से उन्हें अपर प्लिंथ पर लाकर दक्षिणी तरफ बनाई गयी सीढ़ियों से राम परिवार का दर्शन कराया जाता है। इसके बाद उनकी वापसी भी आम श्रद्धालुओं के निर्धारित मार्ग से होती है। परकोटे के बाहर आने पर पास धारकों को दाहिने रास्ते से शेषावतार मंदिर व सप्त मंडपम समेत कुबेर नवरत्न टीला पर स्थित कुबेरेश्वर महादेव के दर्शन करने की अनुमति दी जाती है।

## पश्चिम एशिया युद्ध की आंच गाजियाबाद तक... 195 सड़कों का काम प्रभावित

**गाजियाबाद, एजेंसी।** पश्चिम एशिया युद्ध की आंच में नगर निगम और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की 195 सड़कों का काम प्रभावित हुआ है। नगर निगम का कहना है कि तारकोल (बिटुमेन) मिलना मुश्किल हो गया है। जो मिल रहा है वह महंगा है। कई सड़कों पर गड्ढों की वजह से परेशानी हो रही है। नगर निगम ने जब्त की गई पालिथीन से सड़कों पर पेंच वर्क करने की योजना बना रहा है। जिससे लोगों गड्ढामुक्त सड़कें मिल सकें। हालांकि इससे अभी सड़कों को बनाना संभव नहीं है। नगर निगम ने 85 सड़कों पर काम कराने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। इन सड़कों की लंबाई लगभग 112 किलोमीटर है। इनमें सड़कों को गड्ढामुक्त, चौड़ीकरण और नये सिरे से बनाने का काम शामिल है। ठेकेदारों को पता नहीं था कि युद्ध की आंच सड़कों के निर्माण कार्य पर भी आ जाएगी। ऐसे में युद्ध शुरू होने के दौरान भी कई ठेकेदारों ने निगम से टेंडर ले लिए थे।

# मासूमों की मौत पर दहला मणिपुर! हाथों में मशालें लिए सड़कों पर उतरे हजारों लोग, तीखी झड़प

### रैली की शुरुआत और मुख्य मांगें

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में हुए बम हमले के विरोध में हजारों लोगों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए एक विशाल मशाल रैली निकाली। इस बम विस्फोट में दो बच्चों की जान चली गई थी। अधिकारियों के अनुसार, इस विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प देखने को मिली।



गुरुवार शाम करीब 7 बजे सिंगजामेई इलाके से हजारों की संख्या में लोगों ने हाथों में मशालें लेकर अपना मार्च शुरू किया। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि 7 अप्रैल को बिष्णुपुर जिले के त्रोंग्लाओबी में हुए बम ब्लास्ट के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि रैली के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वहां तैनात जवानों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार भी किया। लगभग 2 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद यह रैली चिंगमथाक पहुंची, जो मुख्यमंत्री आवास, पुलिस मुख्यालय और लोक भवन से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर है। चूंकि इलाके में निषेधाज्ञा लागू थी, इसलिए वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को वापस लौटने के लिए कहा। हालांकि, भारी भीड़ के आगे सुरक्षा बल संख्या में काफी कम थे, जिसके चलते दोनों पक्षों में टकराव शुरू हो गया। जैसे ही स्थिति तनावपूर्ण हुई, सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले दागे और लाठीचार्ज का सहारा लिया। इसके जवाब में कुछ युवाओं ने सुरक्षा बलों पर कथित तौर पर पथराव किया, जिससे हालात और ज्यादा बिगड़ गए। इस हिंसक झड़प में कई लोगों के घायल होने की खबर है। आंसू गैस के धुएं के कारण सांस लेने में तकलीफ और मामूली चोटों के चलते कम से कम पांच लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना पर एक अधिकारी ने बयान देते हुए कहा कि कुछ तत्व राज्य की मौजूदा स्थिति का फायदा उठाकर सरकार और सुरक्षा बलों के खिलाफ अपना एजेंडा चलाने की कोशिश कर रहे हैं। आपको बता दें कि त्रोंग्लाओबी बम हमले के बाद भड़की हिंसा के मद्देनजर इलाके में पहले से ही सख्त पाबंदियां लागू हैं। शाम 5 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक लोगों के घरों से बाहर निकलने पर पूरी तरह से रोक (कर्फ्यू) जारी है। इस बीच मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में गोलीबारी की घटना में शामिल होने के आरोप में सुरक्षा बलों ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

### सपा सरकार ने पिछड़े मुस्लिमों को ओबीसी का लाभ नहीं दिया

# महिला आरक्षण पर बीएसपी चीफ मायावती ने कांग्रेस और सपा पर जमकर साधा निशाना

**लखनऊ, एजेंसी।** महिला आरक्षण अधिनियम लागू होने के बाद सियासत तेज हो गई है। इसी कड़ी में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबा पोस्ट लिखकर भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस को 'गिरगिट' तक करार देते हुए उस पर दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के मुद्दों पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। मायावती ने कहा कि देश के एससी, एसटी, ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों के मामले में कांग्रेस का रिकॉर्ड भरोसेमंद नहीं रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, तब इन वर्गों को आरक्षण का पूरा लाभ दिलाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। आज महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस इन वर्गों की बात कर रही है, लेकिन यह उसकी राजनीतिक मजबूरी है।

उन्होंने आगे कहा कि ओबीसी समाज को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण वीपी सिंह की सरकार में लागू हुआ, जो बसपा के प्रयासों का परिणाम था। मायावती ने समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि 1994 में पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आने के बावजूद सपा सरकार ने पिछड़े



मुस्लिमों को हक्क्ष्ट का लाभ देने का निर्णय लागू नहीं किया था। बाद में बसपा सरकार बनने पर इसे लागू किया गया।

### सपा पर दोहरी राजनीति का आरोप

समाजवादी पार्टी पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी सत्ता में रहते हुए अलग और विपक्ष में रहते हुए अलग रवैया अपनाती है। उन्होंने इसे 'दोहरे चरित्र' की राजनीति बताते हुए जनता को ऐसी पार्टियों से सावधान रहने की सलाह दी। महिला आरक्षण के क्रियान्वयन को लेकर मायावती ने कहा कि यदि इसे जल्द लागू करना है तो 2011 की जनगणना के आधार पर ही परिसीमन किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि वर्तमान में कांग्रेस सत्ता में होती तो वह भी भारतीय जनता पार्टी की तरह ही निर्णय लेती।

### किसी के बहकावे में न आए बहुजन समाज- मायावती

अंत में मायावती ने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम समाज के वास्तविक हितों को लेकर कोई भी राजनीतिक दल पूरी तरह गंभीर नहीं रहा है। ऐसे में इन वर्गों को महिला आरक्षण के तहत जो लाभ मिल रहा है, उसे फिलहाल स्वीकार करना चाहिए और किसी के बहकावे में आने से बचना चाहिए। उन्होंने समाज को आत्मनिर्भर और मजबूत बनने की सलाह भी दी।

# 60 करोड़ से बदलेगी नूंह की सूरत, 4 परियोजनाओं के लिए बजट मंजूर

**नूंह, एजेंसी।** हरियाणा के नूंह जिले को अब विकास के पंख लगेंगे। जिले की चार विकास परियोजनाओं के लिए बजट मंजूर किया गया है। करीब 60 करोड़ रुपये की लागत से ये योजनाएं लागू होंगी। इनमें स्टेडियम निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में जिन योजनाओं को स्वीकृति मिली है, उनमें एक भव्य सभागार और संग्रहालय परिसर का निर्माण प्रमुख है। यह परिसर पुराने कार्यालयों वाली सड़क पर विकसित किया जाएगा, जिससे सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को एक आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी।

खेल सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पलवल टी-पॉइंट के पास मेवात मॉडल स्कूल के नजदीक



उपलब्ध भूमि पर स्टेडियम बनाया जाएगा। इससे युवाओं को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। शहर की सड़कों के सौंदर्यीकरण के तहत पलवल टी-पॉइंट से झंडा चौक तक बीच की पट्टी को विकसित किया जाएगा।

नगर परिषद कार्यालय भवन के विस्तार की योजना भी शामिल है। मौजूदा भवन के साथ नई इमारत बनाई जाएगी, जिससे प्रशासनिक कामकाज को अधिक सुचारु ढंग से संचालित किया जा सकेगा और लोगों को सेवाएं आसानी से मिलेंगी। नगर परिषद ने शहर में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नई योजना लागू करनी शुरू कर दी है। नई योजना के तहत अब विकास कार्यों के दौरान सड़कों को पक्का करने या दोबारा कंक्रीट डालने के साथ-साथ बरसाती पानी की निकासी के लिए अलग से लाइन बिछाई जा रही है।

यह लाइन सीवर सिस्टम की तर्ज पर गटर के रूप में तैयार की जा रही है, जिससे बारिश के पानी के साथ बहकर आने वाला कूड़ा-कचरा भी आसानी से निकल सके।

## बंधवाड़ी लैंडफिल में 28 घंटे बाद भी नहीं बुझी आग, कई जगहों से अभी भी धुआं निकल रहा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी लैंडफिल में लगी आग 28 घंटे बाद भी पूरी तरह नहीं बुझ सकी। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे कूड़े के ढेरों में लगी आग पर बृहस्पतिवार शाम सात बजे तक करीब 80 प्रतिशत काबू पा लिया गया, लेकिन कई स्थानों से धुआं लगातार सुलगता रहा। आग की तीव्रता भले कम हुई हो, लेकिन प्रदूषण और स्वास्थ्य पर खतरा बरकरार है। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की करीब दस गाड़ियां दिन-रात मौके पर डटी रहीं और लगातार पानी का छिड़काव किया गया। इसके साथ ही कूड़े के ढेरों को हटाने और अंदर सुलग रही आग तक पहुंचने के लिए भारी मशीनों का भी इस्तेमाल किया गया। नगर निगम के एक्सईएन संदीप सिहाग ने बताया कि आग पर लगभग काबू पा लिया गया है, लेकिन जहां-जहां धुआं निकल रहा है, उसे पूरी तरह खत्म करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि कचरा निस्तारण कर रही एजेंसियों को टेंडर शर्तों के अनुसार आग से बचाव के सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। बंधवाड़ी लैंडफिल लंबे समय से पर्यावरणीय चिंताओं का केंद्र बना हुआ है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर निगम पर अब तक 6.3 करोड़ रुपये का पर्यावरण मुआवजा तय किया है।

# बापू की कुटी में महामहिम: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेवाग्राम में सूत कातकर दिया आत्मनिर्भरता का संदेश!

**वर्धा, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को वर्धा स्थित ऐतिहासिक सेवाग्राम आश्रम का दौरा किया, जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कई वर्षों तक निवास किया था। इस दौरान राष्ट्रपति ने आश्रम की विरासत को करीब से समझा और गांधीवादी मूल्यों को नमन किया। आश्रम पहुंचने पर राष्ट्रपति का स्वागत आश्रम प्रतिष्ठान के सचिव विजय तांबे और विश्वस्त चंदनपाल द्वारा किया गया।

इसके बाद उन्होंने आश्रम परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले बापू के प्रारंभिक निवास स्थान 'आदि निवास' का दौरा किया, जो अब ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित है। इसके साथ ही उन्होंने 'बापू कुटी' का भी निरीक्षण किया, जहां महात्मा गांधी लंबे समय तक रहे।

राष्ट्रपति ने 'बा निवास' का भी दौरा किया, जो कस्तूरबा गांधी का निवास स्थान रहा है। इसके अलावा उन्होंने बापू के तत्कालीन कार्यालय का निरीक्षण कर वहां से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त की। आश्रम प्रतिष्ठान के सचिव विजय तांबे ने उन्हें बापू के जीवन और उनसे जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण घटनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने आश्रम में आयोजित प्रार्थना सभा में भाग लिया और



शांति, सत्य तथा अहिंसा के संदेश को आत्मसात किया। उन्होंने स्वयं चरखे पर बैठकर सूत कताई भी की, जो गांधीजी के स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के विचारों का प्रतीक है।

इस दौरान राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, राज्यमंत्री व पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी वान्मथी सी., विशेष पुलिस महानिरीक्षक संदीप पाटिल, जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग सोमण, पुलिस अधीक्षक सौरभकुमार अग्रवाल तथा आश्रम प्रतिष्ठान के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। आश्रम भ्रमण के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बापू कुटी परिसर में बेल प्रजाति के वृक्ष का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह दौरा न केवल ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, बल्कि गांधीवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का भी एक सशक्त संदेश देता है।

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्‌वान किया कि वे अपनी व्यक्तिगत प्रगति के साथ-साथ देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित बनाने में योगदान दें। राष्ट्रपति वर्धा स्थित महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं।

इस अवसर पर राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर तथा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा उपस्थित थीं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि वर्धा वह ऐतिहासिक भूमि है, जहां महात्मा गांधी ने निवास किया और विकसित भारत का सपना देखा। उस सपने को साकार करने में आज के विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# ट्रेंकुलाइज के 20 दिन बाद ही फरार हुआ चीता; मध्यप्रदेश से चंबल पार कर पहुंचा राजस्थान

**जयपुर, एजेंसी।** जंगल का ये मेहमान अब राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच जैसे अपना रास्ता तय कर चुका है। मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से निकला चीता केपी-2 एक बार फिर चंबल नदी पार कर राजस्थान की सीमा में दाखिल हो गया। गुरुवार सुबह कोटा जिले के पालीघाट क्षेत्र के अजीतपुरा गांव में जब लोग नींद से जाग रहे थे, तब गांव की सड़कों पर एक चीता आराम से टहलता नजर आया।

गांववालों के लिए ये नजारा हैरान करने वाला था- सड़क पर बिना किसी जल्दबाजी के घूमता चीता, जैसे किसी शहरी इलाके का निरीक्षण कर रहा हो। कुछ देर बाद वह खेतों की ओर निकल गया और फिर नजरों से ओझल हो गया। चीते के गांव में आने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीमें तुरंत हरकत में आ गईं। सुबह करीब 5 बजे से ही पालीघाट और फलौदी रेंज की टीमें मौके पर पहुंचकर उसकी मॉनिटरिंग में जुट गईं।

रणथम्भौर क्षेत्र के अधिकारियों ने तुरंत रणथम्भौर टाइगर रिजर्व प्रशासन को अलर्ट किया और साथ ही कूनो नेशनल पार्क की टीम को भी सूचना दी।

कूनो से विशेष टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है और जीपीएस व अन्य तकनीकों की मदद से चीते की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश जारी है। फिलहाल चीता खेतों और झाड़ियों के बीच मूवमेंट करता हुआ देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार रात यह चीता चंबल नदी पार कर पहले कोटा जिले की सीमा में आया। लेकिन यहीं नहीं रुका-रात के अंधेरे में उसने फिर से चंबल पार की और सवाई माधोपुर जिले की तरफ बढ़ गया। वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि यह मूवमेंट चीते के



प्राकृतिक व्यवहार का हिस्सा है, जहां वह नए इलाकों की तलाश में लंबी दूरी तय करता है। लेकिन बार-बार आबादी वाले क्षेत्रों में आना चिंता का विषय बनता जा रहा है। यह वही चीता केपी-2 है, जिसे 27 मार्च को कोटा जिले के पीपल्दा समेल गांव में ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा गया था। उस समय भी यह आबादी वाले इलाके में पहुंच गया था, जिसके बाद कूनो नेशनल पार्क की टीम इसे वापस ले गई थी।

लेकिन महज 20 दिन के भीतर ही इसने फिर वही रास्ता पकड़ लिया और राजस्थान लौट आया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## होर्मुज की अमेरिकी नाकेबंदी से नई जटिलता खड़ी होगी

होर्मुज जलमार्ग के पूरी तरह बंद होने के बाद भारत सहित दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में संकट गहरा सकता है। इसके अलावा, अगर रूस और चीन भी इस संकट की जद में आते हैं, तो एक नई जटिलता खड़ी होगी।करीब डेढ़ महीने बाद बहुत मुश्किल से पहले युद्धविराम और फिर शांति की राह तैयार करने के मकसद से ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता की गुंजाइश बनी थी। अतीत से लेकर वर्तमान तक दोनों देशों के बीच जैसे संबंध रहे हैं, उसमें अचानक ही सब कुछ पटरी पर आ जाने की बहुत ज्यादा उम्मीद तो नहीं थी, लेकिन कम से कम युद्ध रुकने और दीर्घकालिक हल निकालने के लिए संवाद कायम रखने की गुंजाइश जरूर बनी थी।अफसोस की बात यह है कि पाकिस्तान के इस्लामाबाद में वार्ता के विफल होने के बाद बातचीत के जरिए शांति की संभावना तैयार करने के बजाय एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से टकराव की भाषा का सहारा लेना शुरू कर दिया है, तो दूसरी ओर ईरान ने भी अपने ऊपर होने वाले हमलों का जवाब देने की बात कही है।इस बीच युद्धविराम लागू होने के बावजूद इजरायल ने लेबनान पर अपने हमले जारी रखे। ऐसी स्थिति में यह समझना मुश्किल नहीं है कि शांति प्रयासों के लिए होने वाली कवायदों और स्थायी हल निकालने की कोशिशों के सामने कैसी चुनौती खड़ी हो सकती है।गौरतलब है कि ईरान के साथ वार्ता के विफल होने के बाद ट्रंप ने बेहद तल्ख जुबान में कहा कि ईरान होर्मुज जलमार्ग को खोल दे, नहीं तो अमेरिका समूचे इलाके की नाकेबंदी कर देगा। इसके जवाब में ईरान की ओर से कहा गया कि फारस की खाड़ी और ओमान सागर में सुरक्षा या तो सभी के लिए होगी या किसी के लिए भी नहीं।ईरान का कहना है कि अगर उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई, तो इस क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। सवाल है कि अगर दोनों ही अपनी धमकियों पर अड़े रहते हैं, तो इसका हासिल क्या होगा। युद्ध को खत्म करने के लिए जहां नए रास्तों की तलाश की जानी चाहिए थी, वहीं पहली बैठक में मिली नाकामी के बाद दोनों ओर से हमलावर रुख का प्रदर्शन किया जा रहा है।एक आशंका यह भी पैदा हो रही है।

## श्रमिकों में असंतोष की आग! न्यूनतम वेतन के भुगतान की व्यवस्था पूरी तरह लागू की जाए

सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि श्रमिकों को न्यूनतम वेतन के भुगतान की व्यवस्था पूरी तरह लागू की जाए। साथ ही वक्त के साथ बढ़ती महंगाई के मद्देनजर कामगारों की बुनियादी जरूरतें और गरिमा के साथ जीने का अधिकार बाधित न हों।देश में हर नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। यह अपनी मांगों को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन के समक्ष रखने का एक तरीका हो सकता है। मगर उत्तर प्रदेश के नोएडा में सोमवार को अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे श्रमिकों का प्रदर्शन जिस तरह हिंसा और आगजनी में तब्दील हो गया, वह वास्तव में चिंताजनक है। कई इलाकों में यातायात ठप हो गया, वाहनों में तोड़फोड़ कर उन्हें आग के हवाले कर दिया गया और कुछ जगह पुलिस से झड़प के दौरान पत्थरबाजी भी गई।अराजकता की राह निश्चित रूप से लोकतंत्र में बाधक है, लेकिन सवाल है कि यह स्थिति क्यों और कैसे उत्पन्न हुई तथा इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सरकार और जिला प्रशासन की ओर से समय रहते श्रमिकों को भरोसे में लेकर समाधान खोजने के कारगर प्रयास क्यों नहीं किए गए?गौरतलब है कि गौतम बुद्ध नगर जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक बीते चार दिन से धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतन की गारंटी, समय पर पूरा वेतन, अतिरिक्त समय में काम करने पर दोगुना भुगतान तथा असंगठित एवं घरों पर सामान पहुंचाने वाले श्रमिकों को भी सामाजिक एवं रोजगार सुरक्षा के दायरे में लाना शामिल हैं।खबरों के मुताबिक, प्रदेश सरकार की ओर से इनमें से कुछ मांगों को लेकर सहमति व्यक्त की गई थी, लेकिन प्रदर्शनकारी श्रमिक इससे संतुष्ट नहीं थे। इसमें दोराय नहीं है कि आए दिन महंगाई जिस तरह से बढ़ रही है, उससे श्रमिक वर्ग के लिए परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में कम वेतन और उसका भी समय पर भुगतान न होने से उनकी दिक्कतें और बढ़ जाती हैं।

*रसोई गैस पर दी जाने वाली सबसिडी का एक हिस्सा बिजली आधारित उपकरणों को बढ़ावा देने के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा सस्ती और उन्नत तकनीक वाले उपकरणों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। नए घरों और शहरी विकास योजनाओं में बिजली आधारित रसोई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।*

## ऊर्जा सुरक्षा की नई चुनौती, आयातित गैस की निर्भरता और इलेक्ट्रिक कुकिंग का विकल्प

**(देवेंद्रराज सुतार)**

भारत में रसोई गैस का प्रसार पिछले एक दशक में तेजी से हुआ है। वर्ष 2015 में जहां देश में लगभग 15 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन थे, वहीं वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़ कर 33 करोड़ से अधिक हो गई। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के सैन्य हमले के बाद रसोई गैस की आपूर्ति में आई बाधाओं ने भारत की ऊर्जा व्यवस्था में संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर कर दिया है। देश प्रतिवर्ष रसोई गैस के आयात पर लगभग 26.4 अरब डालर खर्च करता है। इस आयात का बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से होकर ऐसे समुद्री मार्गों से आता है जो भू-राजनीतिक तनावों के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। होर्मुज जलमार्ग पर किसी भी प्रकार की अस्थिरता का सीधा असर भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ता है। हालिया वैश्विक परिस्थितियों ने स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा के लिए बाहरी निर्भरता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक जोखिम भी है। इस पृष्ठभूमि में जब घरेलू स्तर पर गैस की उपलब्धता प्रभावित होती है या कीमतों में तेजी आती है, तो इसका सबसे अधिक असर उन परिवारों पर पड़ता है, जिनके लिए रसोई गैस दैनिक जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। इस संकट ने यह प्रश्न खड़ा किया है कि क्या भारत को अपनी ऊर्जा संरचना में व्यापक परिवर्तन की आवश्यकता है? भारत में रसोई गैस का प्रसार पिछले एक दशक में तेजी से हुआ है। वर्ष 2015 में जहां देश में लगभग 15 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन थे, वहीं वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़ कर 33 करोड़ से अधिक हो गई। यह वृद्धि मुख्यतः सरकारी योजनाओं के कारण संभव हुई, जिनका उद्देश्य स्वच्छ ईंधन को गरीब और ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाना था। इसके बावजूद वास्तविकता यह है कि देश के लगभग 37 फीसद परिवार अब भी पारंपरिक ईंधन जैसे लकड़ी, उपले और कोयले पर निर्भर हैं। इसका एक प्रमुख कारण रसोई गैस की बढ़ती लागत है। जब एक सिलेंडर की कीमत घरेलू आय के अनुपात में अधिक हो जाती है, तो गरीब परिवार पारंपरिक ईंधन की ओर लौट जाते हैं। इससे न केवल प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी पैदा होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, घरेलू वायु प्रदूषण से हर वर्ष लाखों लोगों की मृत्यु होती है। भारत की ऊर्जा संरचना में एक बड़ी चुनौती इसकी आयात निर्भरता है। देश अपनी लगभग साठ फीसद रसोई गैस और लगभग आधी प्राकृतिक गैस की आवश्यकता आयात से पूरी करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में रसोई गैस और प्राकृतिक गैस का कुल आयात बिल 26.4 अरब डालर तक पहुंच गया, जो छह वर्ष पहले की तुलना में लगभग 50 फीसद अधिक है। यह वृद्धि वैश्विक बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव और मांग में वृद्धि के कारण हुई है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका सीधा असर घरेलू कीमतों पर पड़ता है। सरकार की ओर से दी जाने वाली सबसिडी इस प्रभाव को कुछ हद तक कम कर सकती है, परंतु बढ़ते वित्तीय दबाव के कारण इसे लंबे समय तक बनाए रखना कठिन हो जाता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। इस स्थिति ने वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की खोज को अनिवार्य बना दिया है। इस समय बिजली आधारित खाना पकाने का विकल्प एक महत्त्वपूर्ण समाधान के रूप में उभर रहा है। हाल के अध्ययनों से यह संकेत मिला है कि शहरी क्षेत्रों में बिजली से खाना बनाना रसोई गैस की तुलना में सस्ता पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में चार सदस्यों वाले एक परिवार के लिए बिजली आधारित चूल्हे से खाना पकाना रसोई गैस की तुलना में लगभग 37 फीसद सस्ता पाया गया, जबकि पाइप गैस की तुलना में यह लगभग 14 फीसद सस्ती है। ऊर्जा दक्षता के दृष्टिकोण से भी बिजली आधारित उपकरण अधिक प्रभावी होते हैं। इंडक्शन चूल्हे में लगभग 85 फीसद ऊर्जा सीधे बर्तन तक पहुंचती है, जबकि गैस बर्नर में यह केवल चालीस फीसद के आसपास होती है और शेष ऊर्जा वातावरण में नष्ट हो जाती है। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक प्रेशर कुकर जैसे उपकरण ऊर्जा की खपत को और कम कर देते हैं। हालांकि, इस परिवर्तन के मार्ग में कई चुनौतियां भी हैं। भारतीय रसोई की संरचना और खाना पकाने की शैली विविध और जटिल है। यहां एक ही समय में कई व्यंजन तैयार किए जाते हैं, जिसके लिए कई बर्नर की आवश्यकता होती है। वर्तमान में बिजली से चलने वाले अधिकांश चूल्हे एकल प्लेट वाले होते हैं, जो इस आवश्यकता को पूरा नहीं कर पाते। इसके अलावा कई पारंपरिक व्यंजन उच्च तापमान और खुली आंच की मांग करते हैं, जो गैस के माध्यम से अधिक सहजता से प्राप्त होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि तकनीकी नवाचार के माध्यम से ऐसे उपकरण विकसित किए जाएं जो भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल हों। यदि यह अनुकूलन नहीं किया गया, तो उपभोक्ताओं के लिए इस परिवर्तन को अपनाना कठिन रहेगा। बिजली आधारित चूल्हे के विस्तार का एक बड़ा असर बिजली की मांग पर पड़ता है। गौरतलब है कि भारत में बिजली की अधिकतम मांग वर्ष 2014 में लगभग 148 गीगावाट थी, जो वर्ष 2025 तक बढ़ कर 240 गीगावाट से अधिक हो गई है। यह वृद्धि मुख्यतः शहरीकरण, औद्योगीकरण और तापमान में वृद्धि के कारण हुई है। यदि बड़ी संख्या में परिवार खाना पकाने के लिए बिजली का उपयोग करने लगते हैं, तो यह मांग और अधिक बढ़ सकती है। विशेषकर शाम के समय, जब अधिकांश घरों में खाना पकाया जाता है। इस चुनौती से निपटने के लिए उन्नत तकनीकों का उपयोग आवश्यक है। स्मार्ट ग्रिड और मांग प्रबंधन प्रणाली इस दिशा में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। 'ओपनएडीआर' जैसी प्रणाली बिजली की मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन स्थापित करने में सहायक है। इसके माध्यम से उपकरणों को इस प्रकार नियंत्रित किया जा सकता है कि वे आवश्यकता अनुसार अपनी ऊर्जा खपत को समायोजित करें। भारत में इसके प्रारंभिक उपयोगों में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जहां अत्यधिक मांग को कम करने में सफलता मिली है। सौर ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण इस परिवर्तन को और अधिक व्यावहारिक बना सकते हैं। भारत में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं और छतों पर सौर पैनल लगाने की प्रवृत्ति धीरे-धीरे बढ़ रही है। यदि घरों में दिन के समय उत्पन्न ऊर्जा को बैटरी में जमा कर रखी जाए और शाम के समय खाना पकाने में उपयोग किया जाए, तो मांग पर दबाव कम किया जा सकता है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर ऊर्जा का आदान-प्रदान भी एक समाधान हो सकता है, जिसमें पड़ोसी एक-दूसरे के साथ अतिरिक्त बिजली साझा करते हैं। इस प्रकार की ऊर्जा प्रणाली न केवल अधिक लचीली होती है, बल्कि यह ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देती है। नीतिगत स्तर पर भी कई सुधारों की आवश्यकता है।

## शिष्टाचार की आड़ में वैचारिक गुलामी

**(एकता कानूनगो बक्षी)**

विनम्रता की आड़ में हर बात में मौन सहमति, सहनशीलता और हर अच्छे-बुरे काम में सिर झुकाकर सहयोग, यह सब व्यक्ति को कुछ लोगों का पसंदीदा जरूर बना देता है, पर क्या इस तरह से वह खुद के प्रति ईमानदार रह पाता है? समाज में अक्सर अधिकारों और कर्तव्यों की व्यवस्था को बनाए रखने के लिए, तो कभी किसी खास व्यक्ति या वर्ग की सहूलियत के लिए कई तौर-तरीके अलिखित रूप से शिष्टाचार का रूप लेकर लंबे समय से बने हुए हैं। भले ही ये नियम वर्तमान परिस्थिति के अनुरूप न भी हों, पर इन्हें मनुष्य की सोच के भीतर इस तरह से बैठा दिया गया है कि उन पर विचार-विमर्श या सवाल करने का साहस आम इंसान के जेहन में नहीं आ पाता। अक्सर पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्थानांतरित होते रहे तौर-तरीकों का लंबे समय से रहा अस्तित्व और जनसमर्थन ऐसा स्वीकार भाव लाता है, जो श्रद्धा और आस्था का रूप लेने लगता है। आस्था के सामने हम केवल भावनात्मक रूप से ही सोच रहे होते हैं, हमारी तर्क शक्ति पूरी तरह से खत्म-सी हो जाती है। हम परिस्थितियों के आगे समर्पण कर देते हैं।यह नहीं भूलना चाहिए कि किसी भी तरह के आचरण के नियम उस समय की परिस्थिति के अनुसार बनाए जाते रहे हैं, जिनका समय के साथ संशोधन होते रहना स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है। आज के परिवेश में उनका आकलन जरूर करना चाहिए और देखना चाहिए कि क्या आज भी वे उतने ही सटीक हैं और क्या वे सबके हितों की रक्षा कर पा रहे हैं, क्या वे न्यायपरक हैं। मनुष्य की समझ का दायरा जब समय के साथ विकसित होता रहा है, तो पुराने तौर-तरीके, शिष्टाचार के नियमों पर भी समय-समय पर प्रकाश डाल लेना तर्कसंगत होगा। ऐसा ही शिष्टाचार का एक नियम, जिसने अपनी जड़ें बहुत गहराई से जीवन के हर पक्ष में जमा रखी हैं। वह है हर बात में हां में हां मिलाने की दुर्बलता। अक्सर किसी खास वर्ग के हर निर्णय पर हमारी मौन स्वीकृति हमारे सभ्य होने को रेखांकित कर देती है। यह एक व्यापक रूप से समाज में फैली दुर्बलता है, जो सबको एक-सा व्यवहार करते रहने को बाध्य करती है।सही को सही और गलत को गलत कहने जैसी स्वाभाविक प्रतिक्रिया को व्यक्त करना भी हमें साहस का काम लगने लगता है। किसी ताकतवर व्यक्ति के करीबी बनने की चाह, तो कभी समाज में सबके पसंदीदा बने रहने की आस में अक्सर मनुष्य अपने उसूलों, विवेक और आत्मसम्मान तक को ताक पर रख देता है। बेहद सुंदर शब्दों का सहारा लेकर इस गुलामी को बनावटी आस्था, नकली श्रद्धा, नैतिकता का रूप देकर अपना लिया जाता रहा है। कभी वह दास्य भाव का रूप लेकर सेवा भाव से खुद को संतुष्ट महसूस कराने लगता है, तो कभी आज्ञाकारी होकर सामने दिए गए हर निर्देश का बिना सवाल के पालन करने लगता है। विनम्रता की आड़ में हर बात में मौन सहमति, सहनशीलता और हर अच्छे-बुरे काम में सिर झुकाकर सहयोग, यह सब व्यक्ति को कुछ लोगों का पसंदीदा जरूर बना देता है, पर क्या इस तरह से वह खुद के प्रति ईमानदार रह पाता है? अक्सर इस तरह के मौन सम्मान, सहयोग का जन्म हमारे डर का परिणाम होता है जो मात्र किसी और के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा होता है, जिसका उद्देश्य किसी भी तरह की बेहतरी से संबंधित नहीं होता है। इस तरह के आदर और सम्मान की ओट में डर का माहौल हमेशा बना रहता है, जो अच्छे-खासे इंसान को हमेशा झुककर रहने को मजबूर कर देता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज किस्मत आपको एक बड़ा संकेत दे रही है। प्रॉपर्टी से जुड़ा अटका काम अचानक सुलझ सकता है और समाज में आपकी पहचान चमक सकती है। दिल कह रहा है कुछ बड़ा करो और आप वही करने वाले हैं। लेकिन प्रेम में थोड़ी सावधानी जरूरी है, साथी को नजरअंदाज किया तो दूरी बढ़ सकती है। मां की सेहत चिंता दे सकती है, भागदौड़ बढ़ेगी।

### वृष

सुबह की शुरुआत ही खुशखबरी लेकर आएगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। पुराने झगड़े खत्म होंगे और काम की रफ्तार तेज होगी। जिम्मेदारियों को समय पर निभाकर आप सबका दिल जीत लेंगे। प्रमोशन की बात भी आगे बढ़ सकती है।

### मिथुन

आज आत्मविश्वास आपका सबसे बड़ा हथियार है, लेकिन मन में चल रही उलझनें आपको थोड़ा परेशान कर सकती हैं। प्लानिंग के साथ काम करेंगे तो जीत आपकी होगी। सेहत खासकर शुगर और बीपी को नजरअंदाज ना करें। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन खास है।

### तुला

भागदौड़ भरा दिन है, लेकिन राहत की बात कि मदद खुद चलकर आएगी। खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी है, नहीं तो बजट बिगड़ सकता है। अपने काम खुद करें, दूसरों पर भरोसा भारी पड़ सकता है। बच्चों पर नजर रखें, उनकी दिशा सही रखना आपकी जिम्मेदारी है। सरकारी काम में जल्दबाजी नहीं, सोच-समझकर कदम बढ़ाएं।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए मौके लेकर आया है। कोई नई खरीदारी दिल खुश कर देगी और परिवार में रिश्ते पहले से मजबूत होंगे। घर में नई शुरुआत चाहे वाहन हो या मरम्मत। शुभ संकेत दे रही है। लंबे समय से अटकी डील फाइनल हो सकती है। लेकिन सेहत को हल्के में लिया तो परेशानी बढ़ सकती है। इच्छा पूरी होगी। पर मन फिर भी कुछ अधूरा महसूस करेगा।

### धनु

आज का दिन परीक्षा ले सकता है, लेकिन आप संभाल लेंगे। काम में फोकस बढ़ेगा और बॉस की नजर में आपकी वैल्यू भी। दिल में सहयोग की भावना रहेगी, जो आपको आगे बढ़ाएगी। छोटी-छोटी बातों का तनाव रहेगा, लेकिन परिवार के विवादों से राहत मिलेगी। लाइफस्टाइल में पॉजिटिव बदलाव दिखेगा।

### कर्क

आज धैर्य ही आपकी असली ताकत है। मीठी वाणी से आप हर मुश्किल आसान कर सकते हैं। प्रॉपर्टी मामले में भाइयों से बात आगे बढ़ेगी। विद्यार्थियों के लिए सफलता के दरवाजे खुल सकते हैं। स्कॉलरशिप तक मिल सकती है, लेकिन वाहन चलाते समय सावधानी जरूरी है, वरना परेशानी हो सकती है।

### सिंह

आज रिश्तों में पारदर्शिता जरूरी है। जीवनसाथी से कुछ भी छुपाना भारी पड़ सकता है। डूबा हुआ पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। राजनीति या नए काम में हाथ आजमाने का मन बनेगा। बिजनेस में ग्रोथ दिखेगी और पेंडिंग काम पूरे होंगे। पिता से बहस से बचें, नहीं तो बात बिगड़ सकती है।

### कन्या

आज सेहत पर बिल्कुल भी लापरवाही मत कीजिए। पेट से जुड़ी परेशानी आपको परेशान कर सकती है। नौकरी की तलाश खत्म हो सकती है। बुलावा आ सकता है, लेकिन जल्दबाजी नुकसान दे सकती है। अपने राज किसी से शेयर ना करें, कोई फायदा उठा सकता है।

### मकर

आज नौकरी वालों के लिए खुशखबरी है। नया पद या प्रमोशन मिल सकता है। लक्ष्य पर फोकस रखेंगे तो सफलता तय है। प्लानिंग के साथ काम करेंगे तो हर काम समय पर पूरा होगा। लेकिन सेहत को नजरअंदाज किया तो बड़ी समस्या बन सकती है। दिनचर्या सुधारेंगे तो लाइफ बैलेंस में आ जाएगी। नौकरी की तलाश खत्म हो सकती है।

### कुंभ

आज का दिन आपको मुस्कुराने की वजह देगा। समस्याओं का हल मिलेगा और आर्थिक स्थिति सुधरेगी। नौकरी की तलाश खत्म हो सकती है। कोई अच्छी खबर मिलेगी। नया वाहन लेने का सपना भी पूरा हो सकता है। कुल मिलाकर आज फायदा ही फायदा लेकिन एक शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। दिनचर्या सुधारेंगे तो लाइफ बैलेंस में आ जाएगी।

### मीन

आज थोड़ा संभलकर चलना होगा। खर्चे बढ़ सकते हैं, इसलिए कंट्रोल जरूरी है। आपके काम आपको नई पहचान दिलाएंगे। बच्चे आपकी तरफ उम्मीद भरी नजरों से देखेंगे। अनजान लोगों की बातों में आकर फैसला लेना नुकसान दे सकता है। लेकिन एक शुभ समाचार आपका दिन बना देगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-6065

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 7 | 4 | | | |
| | 1 | | | | | 4 | | |
| 6 | 7 | | 9 | | 5 | | | |
| | 8 | | 2 | | 6 | | | |
| | 6 | | 8 | 4 | 7 | | 2 | |
| | | | 5 | | 1 | | 8 | |
| | | | 7 | | 8 | | 9 | 2 |
| | | 6 | | | | | 1 | |
| | | | 4 | 1 | | | 5 | 8 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6064

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 |

## वर्ग पहेली 6065

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | 9 | | | |
| | ■ | 10 | | | ■ | | ■ |
| 11 | 12 | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| 16 | | ■ | 17 | | | 18 | ■ |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 |
| ■ | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | ■ | |
| ■ | ■ | 27 | | | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. इस देश की महिलाओं को 26 अगस्त 1920 में मताधिकार मिला (4)
4. किसी विशेष अवसर पर माथे या ललाट पर किसी दूसरे हाथ से लगाया जाने वाला टीका या तिलक (3)
7. आग की लपट, ज्वाला, लौ (2)
8. स्मरण करना, स्मृति में होना (5)
10. स्वयं का, निज का, निजी (3)
11. एक सोमवंशीह राजा जिसके वंश में पांडु और धृतराष्ट्र उत्पन्न हुए थे (2)
13. भारयुक्त होना, भारी वस्तु का दूसरी पर बोझ के रूप में रखा जाना (3)
15. पदार्थ, द्रव्य (1)
16. नाप, किसी वस्तु को नापने से प्राप्त परिणाम (2)
17. अधिक धूप लगने या मानसिक तनाव से सिरदर्द होना (4)
19. आवाज, शब्द, शोरगुल (2)
20. उग्र, प्रचंड, प्रबल (2)
22. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोक गायिका (5)
27. स्मृति चिन्ह, निशानी (उर्दू)(4)

**ऊपर से नीचे**

1. फिल्म इंडस्ट्री में यह अभिनेता दादामुनी के नाम से भी जाने जाते थे (6)
2. उत्सव, देवदर्शन आदि शुभ अवसर पर एकत्र भीड़ (2)
3. एक शरीर को छोड़कर दूसर शरीर धारण करना (5)
4. मनाही, निषेध, रोकने का भाव (2)
5. ये एक आयुर्वेदिक विशारद के रूप में विख्यात है, वे कुषाण राज्य के राजवैद्य थे (3)
6. विविध, अनेक प्रकार के, मातामह (2)
9. अविरामत, दन-दन शब्द करते हुए (4)
12. रूपवाली, रूपवान (4)
14. नासिका, शरीर का एक संवेदी अंग (2)
18. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
21. किसी पदार्थ आदि में आग पकड़ना (3)
23. इस अभिनेत्री कीपहली फिल्म सरगम (1979) थी (सिर्फ आरंभिक नाम) (2)
24. नदी का पुल्लिगवाची शब्द (2)
25. क्लर्क, लिपिक
26. मुस्लिम धर्म के मानने वालों का प्रसिद्ध त्यौहार (2)

### वर्ग पहेली 6064 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | लं | का | ■ | स | व्य | सा | ची |
| ग | ब | न | ■ | ब | ■ | म | न |
| णे | ■ | पु | ल | क | ना | ■ | ■ |
| शा | य | र | ■ | सि | प | हि | या |
| य | म | ■ | सि | खा | ना | ■ | ता |
| न | ज | ला | ■ | ना | ■ | मा | या |
| मः | ■ | व | ज्ञ | ■ | ग | ल | त |
| ■ | पु | ण्य | ■ | फ | त | वा | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : soneversshavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# 'टीम इंडिया में जल्द दिखेगा जलवा', वैभव की फैन हुईं शेफाली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट में उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी को लेकर चर्चा तेज हो गई है। मशहूर एंकर शेफाली बग्गा ने उनके प्रदर्शन की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि वह जल्द ही भारत की टी20 टीम में जगह बना सकते हैं। आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद वैभव ने क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है और अब उन्हें टीम इंडिया के संभावित खिलाड़ियों में देखा जा रहा है।

### आत्मविश्वास बनाता है खास'

शेफाली बग्गा ने वैभव की बल्लेबाजी शैली की तारीफ करते हुए कहा, 'वह बहुत क्लास के साथ खेलते हैं और गेंदबाजों पर हावी रहते हैं। हमने पिछले साल देखा कि उन्होंने शतक बनाकर सभी को प्रभावित किया।' उन्होंने यह भी बताया कि इतनी कम उम्र में जिस तरह वैभव बड़े गेंदबाजों का सामना कर रहे हैं, वह उनकी खासियत को दर्शाता है।



### रिकॉर्ड्स से भरा करियर

बिहार से आने वाले वैभव ने बहुत कम उम्र में रणजी डेब्यू किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ 58 गेंदों में शतक जड़ा और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए सबसे युवा खिलाड़ी और सबसे युवा शतकवीर बनने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। साथ ही, अंडर-19 वर्ल्ड कप में उन्होंने फाइनल में 175 रन की शानदार पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता।

### आईपीएल तक का शानदार सफर

वैभव सूर्यवंशी ने कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अंडर-19 स्तर पर उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। यहां तक कि उन्होंने जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज के खिलाफ भी बेखौफ बल्लेबाजी की, जो उनके आत्मविश्वास को दिखाता है।

### आईपीएल बना प्रतिभाओं का मंच

शेफाली बग्गा ने आईपीएल को युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच बताते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट लगातार नए सितारों को मौका दे रहा है। उन्होंने आयुष म्हात्रे, प्रफुल्ल हिंगे और प्रियांश आर्या जैसे खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जिन्होंने घरेलू क्रिकेट से निकलकर बड़ा मंच हासिल किया।

### टी20 टीम में जगह बनाना तय

बग्गा ने दावा करते हुए कहा, 'वैभव सूरयवंशी जैसे कई खिलाड़ी हैं, लेकिन उसे खास बनाता है उसका माइंडसेट। मुझे लगता है कि इतनी कम उम्र में ही वह भारतीय टी20 टीम में जरूर नजर आएगा।'



## अगले हफ्ते धोनी आईपीएल में वापसी कर सकते हैं

**वानखेड़े या चेपॉक में खेल सकते हैं; अभी काफ इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं**



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अगले हफ्ते आईपीएल में वापसी कर सकते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया ने टीम सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि उनकी चोट में तेजी से सुधार हो रहा है और वह आने वाले बड़े मुकाबलों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। धोनी को आईपीएल शुरू होने से करीब एक हफ्ते पहले प्रैक्टिस सेशन के दौरान पिंडली में खिंचाव आ गया था। इसी वजह से वह टूर्नामेंट के शुरुआती तीन हफ्तों में नहीं खेल पाए। अब उनकी वापसी को लेकर कयास तेज हो गए हैं। संभावना है कि धोनी 23 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतर सकते हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो वह 26 अप्रैल को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ चेपॉक स्टेडियम में खेलते नजर आ सकते हैं।

### इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर हो सकता है इस्तेमाल

धोनी की वापसी के बाद सीएसके उन्हें किस भूमिका में रखेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। वर्तमान में संजू सैमसन विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और संभावना है कि वे ही इसे जारी रखेंगे। ऐसे में टीम धोनी को 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर इस्तेमाल कर सकती है। इससे धोनी पर विकेटकीपिंग और दौड़ने का अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा और टीम उनकी पावर-हिटिंग का फायदा उठा सकेगी।

**सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे** - चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मुकाबला शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद से होना है। हालांकि, इस मैच में धोनी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे। टीम मैनेजमेंट उनकी फिटनेस को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता। सीएसके के सूत्रों ने कहा, धोनी अभी रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। हम उनकी फिटनेस के साथ कोई जोखिम नहीं लेना चाहते, इसलिए उन्हें पूरी तरह फिट होने का समय दिया जा रहा है।
**प्रैक्टिस सेशन में की लंबी बल्लेबाजी, रेंज हिटिंग पर फोकस** - भले ही धोनी मैच नहीं खेल रहे हैं, लेकिन वे नेट प्रैक्टिस में लगातार पसीना बहा रहे हैं। धोनी ने हाल ही में नेट्स पर लंबी बल्लेबाजी की है। इस दौरान उन्होंने अपनी रेंज हिटिंगपर खास काम किया। नेट सेशन के दौरान धोनी पुराने अंदाज में लंबे छक्के लगाते दिखे, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि वे अपनी लय हासिल कर चुके हैं।

## निहाल नें जीता मेनोर्का मास्टर्स रैपिड शतरंज का खिताब

**मेनोर्का, स्पेन (एजेंसी)।** भारतीय शतरंज ग्रैंड मास्टर निहाल सरीन नें पाँचवें मेनोर्का मास्टर्स शतरंज का खिताब अपने नाम कर लिया है , उन्होंने छह खिलाड़ियों के बीच हुए 10 राउंड के दोहरे राउंड रोबिन मुक़ाबले में 6 अंक बनाते हुए पहला स्थान हासिल किया वहीं विश्व चैंपियन डी गुकेश अंतिम चार बाज़ियों में 3 हार के चलते 4.5 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहे । निहाल नें 10 बाज़ियों के दौरान चार




बाजियाँ जीती जिसमें उन्होंने गुकेश के ख़िलाफ़ दोनों बाजियाँ जीती जबकि हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट और भारत के पेंटाला हरिकृष्णा के ख़िलाफ़ उन्होंने एक एक बाजी जीती , चार बाजियाँ ड्रा रही जबकि दो बाज़ियों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा । यूक्रेन के रुसलान पोनोमारियोव और हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट 5.5 अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर क्रमश : दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे , गुकेश नें चौंथे राउंड में हरिकृष्णा , छठे राउंड में डोमिंगेज के ख़िलाफ़ जीतकर रफ़्तार पकड़ी थी पर वह उसे बरकरार नहीं रख पाये हालांकि नौवे राउंड में उन्होंने हरिकृष्णा को मात देकर तीसरी जीत दर्ज की थी , गुकेश नें कुछ दिन पहले क्लासिकल शतरंज से थोड़ा ब्रेक लेने का निर्णय लिया था और इस साल के अंत में उन्हें अब उज़्बेकिस्तान के जवोखीर सिंदारोव के खिलाफ़ अपने खिताब की रक्षा करने के लिए उतरना है।

## लगातार चौथी हार के बाद हार्दिक पांड्या ने दिया बड़ा बयान

**कुछ कड़े फैसले लेने की जरूरत है**

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार चौथी हार के बाद अपनी बात खुलकर रखते हुए कहा कि अब कुछ कड़े फैसले लेने का समय आ गया है और उनके खिलाड़ियों को टीम के खराब प्रदर्शन की



जिम्मेदारी लेनी होगी। मुंबई इंडियंस को अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा और वह केवल दो अंकों के साथ तालिका में नौवें स्थान पर है। पांड्या ने मैच के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे पास कहने के लिए अधिक कुछ नहीं है। हमें बैठकर विचार करने की जरूरत है कि हम कहां पिछड़ रहे हैं। चाहे वह व्यक्तिगत खिलाड़ी हों, टीम हो, या हमारी रणनीति और काम करने का तरीका हो। इसे फिर से ठीक करना होगा। इस तरह से पांड्या ने अप्रत्यक्ष रूप से सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन की तरफ इशारा किया। उन्होंने कहा, अब हमें यह देखना होगा कि क्या हमें कुछ कड़े फैसले लेने की जरूरत है या फिर हमें इसी तरह आगे बढ़ते हुए हालात को पलटने की कोशिश करनी चाहिए। हमें अपनी जिम्मेदारी खुद लेनी होगी। सूर्यकुमार ने अब तक एक अर्धशतक बनाया है, लेकिन उनके अन्य स्कोर 16, 06, 33 और 00 रहे हैं, जबकि तिलक वर्मा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

**आईपीएल में अबतक दिखा ये ट्रेंड**

# धीमी गेंदों को हथियार बना रहे गेंदबाज पावरप्ले में अधिक रन बनाने पर ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 का पहला चरण शुरू हुए अब समय हो गया है और दो टीमों को छोड़कर अन्य टीमों ने पांच-पांच मुकाबले खेल लिए हैं। लीग चरण में 70 मैच खेले जाने हैं और टूर्नामेंट काफी लंबा है। टी20 एक ऐसा प्रारूप है जिसमें हर पल मैच का रुख बदलता रहता है। आईपीएल 2026 में अब तक 24 मुकाबले खेले जा चुके हैं और टीमों की रणनीति भी स्पष्ट नजर आ रही है।

### सबसे सफल टीमों का बुरा हाल

आईपीएल की तीन सबसे सफल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), इन तीन टीमों का हाल इस सीजन बेहाल है। अंक तालिका में ये तीन टीमें क्रमशः आठवें, नौवें और 10वें स्थान पर मौजूद हैं। केकेआर का तो पांच मैचों के बाद भी खाता नहीं खुल सका है, जबकि मुंबई की टीम पहला मैच जीतने के बाद लगातार चार मुकाबले गंवा चुकी है। सीएसके ने हालांकि, अपने पिछले दो मैच जीते हैं, लेकिन उसका प्रदर्शन अपेक्षा के अनुसार नहीं रहा है।

### ये तीन टीमें दिख रहीं मजबूत

अब तक खेले गए मुकाबले के हिसाब से गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), पंजाब किंग्स और



राजस्थान रॉयल्स की टीमें बेहद मजबूत दिख रही हैं। पंजाब अब तक अजेय बनी हुई है और उसने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया है। पंजाब की टीम पांच मैचों में नौ अंक लेकर शीर्ष पर मौजूद है, जबकि आरसीबी की टीम आठ अंकों के साथ दूसरे और राजस्थान भी इतने अंक लेकर तीसरे नंबर पर है। सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटंस, लखनऊ सुपर जाएंट्स और सीएसके की टीमों के एक समान चार-चार अंक हैं। लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण सनराइजर्स चौथे स्थान पर है।

### सीजन के पहले 25 मैचों में दिखा है ये रुझान

- अब तक खेले गए मैचों में जो ट्रेंड सामने आए हैं, उनसे स्पष्ट है कि टीमों का ध्यान पावरप्ले में ज्यादा से ज्यादा रन बनाने पर है तो धीमी पिचों पर गेंदबाजों ने धीमी गेंद को ही अपना हथियार बनाया है।
- पावरप्ले में ज्यादा से ज्यादा रन की रणनीति ने कई पुराने रिकॉर्ड तोड़े हैं।
- मध्य ओवरों में भी टीमें अब पावरप्ले की तरह ही धुआंधार खेल रही हैं।
- पहले चरण में टीमों के 200+ स्कोर बनाने के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं।
- तेज गेंदबाज पेस-ऑफ बॉल्स (धीमी गेंद) का इस्तेमाल ज्यादा कर रहे हैं।
- रन बनाने की तेजी में 7 से 10 ओवरों के बीच ज्यादा विकेट गिर रहे हैं।

## निहाल नें जीता मेनोर्का मास्टर्स रैपिड शतरंज का खिताब

**मेनोर्का।** भारतीय शतरंज ग्रैंड मास्टर निहाल सरीन नें पाँचवें मेनोर्का मास्टर्स शतरंज का खिताब अपने नाम कर लिया है , उन्होंने छह खिलाड़ियों के बीच हुए 10 राउंड के दोहरे राउंड रोबिन मुक़ाबले में 6 अंक बनाते हुए पहला स्थान हासिल किया वहीं विश्व चैंपियन डी गुकेश अंतिम चार बाज़ियों में 3 हार के चलते 4.5 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहे । निहाल नें 10 बाज़ियों के दौरान चार बाजियाँ जीती जिसमें उन्होंने गुकेश के ख़िलाफ़ दोनों बाजियाँ जीती जबकि हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट और भारत के पेंटाला हरिकृष्णा के खिलाफ उन्होंने एक एक बाजी जीती , चार बाजियाँ ड्रा रही जबकि दो बाज़ियों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा । यूक्रेन के रुसलान पोनोमारियोव और हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट 5.5 अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे , गुकेश नें चौंथे राउंड में हरिकृष्णा , छठे राउंड में डोमिंगेज के खिलाफ जीतकर रफ़्तार पकड़ी थी।

## वीर चोटरानी हैम्बर्ग स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, अभय-रमित और जोशना हुए बाहर

**नई दिल्ली।** वीर चोटरानी ने पुरुषों के दूसरे राउंड में जर्मनी के आठवें सीड राफेल कंदरा को 3-0 से हराकर हैम्बर्ग ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। यह पीएसए कांस्य पदक स्तर का इवेंट है। इस भारतीय खिलाड़ी ने शुरू से आखिर तक मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। उन्हें 11-8, 11-7, 11-7 से जीत हासिल करने और आखिरी आठ में पहुंचने में सिर्फ 30 मिनट लगे। चोटरानी ने कंदरा को सीधे गेम में हराकर बड़ा उलटफेर किया। हालांकि, चोटरानी के हमवतन और पांचवें वरीयता प्राप्त अभय सिंह और सातवें वरीय रमित टंडन दूसरे राउंड में बाहर हो गए। सिंह इंग्लैंड के सैम टॉड से 9-11, 11-7, 4-11, 2-11 हारे। टंडन को हंगरी के बालाज फार्कास ने 10-12, 11-4, 5-11, 9-11 से हराया। सैम टॉड ने सिंह को हराने के लिए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टॉड ने




कहा, मुझे पता है कि अभय हाल ही में अच्छी फॉर्म में है, क्योंकि एल गौना में उसके कुछ अच्छे परिणाम आए थे और उसने इंडियन ओपन जीता था। मुझे पता था कि आज का मैच मुश्किल होगा और मैंने उसके साथ पोंटेफ्रैक्ट में जो मेरा क्लब है कुछ बार ट्रेनिंग की है, इसलिए मैं उसका गेम अच्छी तरह जानता हूं क्योंकि हम कुछ बार साथ में खेले हैं।

# विपराज ने कहा-स्टेट लीग के अनुभव ने बढ़ाया मेरा कॉन्फिडेंस

**आईपीएल जैसे हाई-प्रेशर टूर्नामेंट में तैयारी के लिए मिलता है बहुत कम समय**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल जैसी दुनिया की सबसे तेज और हाई-प्रेशर लीग में खेलने के लिए यंग प्लेयर्स को मानसिक रूप से मजबूत होना पड़ता है। 21 साल के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी विपराज ने बताया कि इस लेवल पर परफॉर्म करने के लिए स्टेट लीग का अनुभव और प्रैक्टिस कैंप की प्लानिंग सबसे ज्यादा काम आती है। दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर विपराज निगम ने आईपीएल 2026 के राइवलरी वीक के दौरान गुरुवार को जियोस्टार प्रेस रुम में मीडिया से बात की।

### प्रैक्टिस सेशन में ही मैच की प्लानिंग

विपराज ने कहा, आईपीएल एक बहुत ही फास्ट लीग है, जहां खिलाड़ियों को अपनी तैयारी और खेल के बारे में सोचने के लिए बहुत कम समय मिलता है। इसी वजह से वे अपने प्रैक्टिस सेशन्स और कैंप्स के दौरान ही यह तय कर लेते हैं कि मैच में किस तरह का प्रदर्शन करना है। वे अपनी प्लानिंग के अनुसार ही प्रैक्टिस सेशन में खुद को ढालते हैं।इसके अलावा विपराज ने अपनी सफलता में स्टेट लीग की भूमिका को अहम बताया।

### कौन हैं विपराज निगम?

विपराज निगम का जन्म 28 जुलाई, साल 2004 में उत्तर प्रदेश में हुआ था। आईपीएल 2025 के लिए हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स की फ्रेंचाइजी ने उन्हें 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा था। विपराज दाहिने हाथ से बल्लेबाजी के साथ-साथ लेगब्रेक गेंदबाजी करने में माहिर हैं।

### डेब्यू पर सुर्खियां बटोरीं

विपराज का डेब्यू शानदार रहा था। उन्होंने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए डेब्यू करते हुए रुस्त्र के खिलाफ मैच में 15 गेंदों में 39 रन की विस्फोटक पारी और एक विकेट (ऐडन मार्करम) लेकर सुर्खियां बटोरीं। विपराज ने यह पारी तब खेली जब दिल्ली कैपिटल्स 13वें ओवर में 113/6 पर थी और 210 के टारगेट का पीछा कर रही थी।

### विपराज का घरेलू करियर

विपराज ने करियर की शुरुआत बतौर बैटिंग-ऑलराउंडर की थी। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अब तक 6 मैच खेले हैं। इस बीच उनको 10 पारियों में 20 विकेट लिए हैं। इसके अलावा लिस्ट में 16 मैच में 19, जबकि 31 टी-20 33 विकेट चटकाए हैं। फर्स्ट क्लास की 9 पारियों में 135, लिस्ट ए की 7 पारियों में 48 और टी-20 में 241 रन बनाए हैं।

## क्रिकेट कनाडा में करप्शन को लेकर आईसीसी की जांच

**टी-20 वर्ल्डकप में न्यूजीलैंड और कनाडा का मैच भी शक के दायरे में**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी की एंटी-करप्शन यूनिट (एसीयू) क्रिकेट कनाडा से जुड़े भ्रष्टाचार के दो मामलों की जांच कर रही है। इस जांच के दायरे में हाल ही में भारत और श्रीलंका में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप का एक मैच भी शामिल है। इसके अलावा, इंटरनेशनल और घरेलू लेवल पर एंटी-करप्शन कोड के संभावित उल्लंघनों की भी पड़ताल की जा रही है। आईसीसी ने यह जांच कनाडा के पब्लिक ब्रॉडकास्टर सीबीसी के कार्यक्रम में प्रसारित डॉक्यूमेंट्री 'करप्शन, क्राइम एंड क्रिकेट' में लगाए गए आरोपों के बाद शुरू की। 43 मिनट की इस फिल्म में कनाडा क्रिकेट के प्रशासन और उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच का एक ओवर शक के घेरे में** - डॉक्यूमेंट्री में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान कनाडा और न्यूजीलैंड के बीच हुए मैच का जिक्र किया गया है।

## न्यूज बाइट्स

### होटलों एवं अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर जिले में व्यापक स्तर पर अग्नि सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। निदेशक-सह-राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, बिहार, पटना के निर्देशानुसार आयोजित इन कार्यक्रमों के तहत आम नागरिकों को आग से बचाव, सतर्कता और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में अनुमंडल अग्निशामालय, औरंगाबाद द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। हाईवे हॉस्पिटल, मधु पार्क होटल, एम.जी. रोड तथा गंगा रेजिडेंशियल परिसर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान सहायक अग्निशमन पदाधिकारी रामाकांत सिंह के नेतृत्व में अग्निकर्मियों की टीम ने उपस्थित प्रबंधकों और कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग, आग लगने की स्थिति में प्राथमिक बचाव उपाय और आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में प्रशिक्षण दिया।

# औरंगाबाद मंडल कारा में एक घंटे की सघन छापेमारी, आपत्तिजनक सामान बरामद

## डीएम और एसपी के नेतृत्व में 250 पुलिसकर्मियों की टीम ने लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

- पुरुष व महिला वार्ड, बैरक, रसोईघर और अस्पताल की जांच

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



नई सरकार के गठन के बाद प्रशासनिक सख्ती अब जमीनी स्तर पर भी साफ दिखाई देने लगी है। इसी कड़ी में शुक्रवार की सुबह औरंगाबाद मंडल कारा में जिला प्रशासन द्वारा औचक छापेमारी की गई। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल के संयुक्त नेतृत्व में हुए इस अभियान से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। करीब एक घंटे तक चली इस सघन तलाशी अभियान में पुरुष एवं महिला वार्डों के साथ-साथ बैरकों, रसोईघर, कारा अस्पताल और पूरे जेल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लाइन डीएसपी, ट्रैफिक डीएसपी सहित लगभग 230 से अधिक पुलिस बल के जवान मौजूद रहे, जिससे पूरा जेल परिसर सुरक्षा घेरे में रहा। छापेमारी के दौरान बैरकों से पिलास, दो पेंचकस, लोहे का छोटा टुकड़ा, खाली चुनौटी और टीन का टुकड़ा बरामद किया गया। इन आपत्तिजनक सामग्रियों की बरामदगी ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बरामद सभी वस्तुओं को जब्त कर संबंधित अधिकारियों को आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान मंडल कारा अधीक्षक दीपक कुमार, प्रभारी उपाधीक्षक संजीव कुमार समेत अन्य कारा कर्मी भी मौजूद रहे और जांच में सहयोग किया।

निरीक्षण के बाद डीएम और एसपी ने जेल प्रशासन को स्पष्ट और कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमित अंतराल पर सघन तलाशी अभियान चलाने, निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने और बंदियों की गतिविधियों पर सतत नजर रखने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बंदियों के लिए स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मंडल कारा, औरंगाबाद में विधि-व्यवस्था और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस औचक छापेमारी के बाद जेल परिसर में सतर्कता बढ़ा दी गई है और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है।

# एक मई तक करें स्व-गणना, 33 सवालों के जवाब देकर ऑनलाइन भरें पारिवारिक जानकारी : डीएम

- दो मई से घर-घर पहुंचेगी गणनाकर्मी टीम
- परिवार से जुड़े 33 प्रश्नों के देने होंगे जवाब
- सभी जानकारियां गोपनीय और सुरक्षित रखने का आश्वासन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




जिले में आगामी जनगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं और आम नागरिकों को स्व-गणना के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे 1 मई तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी पारिवारिक जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए se.census.gov.in पोर्टल पर 17 अप्रैल से ही सुविधा शुरू कर दी गई है, जिससे लोग आसानी से घर बैठे इस प्रक्रिया में भाग ले सकें। प्रशासन के अनुसार इस बार जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे, जो 2 मई से 31 मई तक चलेगा। इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या गणना की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे पहले नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प दिया गया है, ताकि वे अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर प्रक्रिया को सरल और सुगम बना सकें। स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया को बेहद आसान बनाया गया है। इसमें परिवार का कोई भी सदस्य पोर्टल पर अपने राज्य का चयन कर मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी के जरिए लॉगिन कर सकता है। इसके बाद जिला और क्षेत्र का चयन कर डिजिटल मैप पर अपने घर को चिह्नित करना होगा। इसके पश्चात परिवार से जुड़े कुल 33 प्रश्नों के उत्तर ऑनलाइन भरने होंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक स्व-गणना आईडी (एसई आईडी) जारी की जाएगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 2 मई से जब गणनाकर्मी घर-घर पहुंचेंगे, तब नागरिकों को यह एसई आईडी दिखानी होगी, जिससे डेटा का सत्यापन तेजी और आसानी से किया जा सकेगा। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति स्व-गणना नहीं कर पाता है, तो उसे चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि गणनाकर्मी उनके घर पहुंचकर आवश्यक जानकारी एकत्र कर लेंगे। मुख्य सचिव, बिहार के निर्देश पर इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे लोगों के बीच जागरूकता फैलाएं, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस डिजिटल सुविधा का लाभ उठा सकें। जिला प्रशासन ने यह भी भरोसा दिलाया है कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रखी जाएंगी। डीएम अभिलाषा शर्मा ने इसे एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य बताते हुए सभी लोगों से इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

### पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने लोगों से की अपील

# जनगणना 2027: आपकी भागीदारी देश के विकास की आधारशिला

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



भारत की जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए जनजागरूकता अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने जिलेवासियों से स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश के विकास की दिशा तय करने वाली एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। पूर्व सांसद ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि इस बार जनगणना में डिजिटल माध्यम से स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे आगे बढ़कर इस सुविधा का लाभ उठाएं और सही व सटीक जानकारी दर्ज करें, ताकि सरकार को योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में मदद मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े ही भविष्य की नीतियों, विकास योजनाओं और संसाधनों के बेहतर वितरण का आधार बनते हैं।

# मैट्रिक-इंटर के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित, डीएम ने बढ़ाया हौसला

**एसवीवी संवादात | औरंगाबाद**




बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वार्षिक मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को गुरुवार को समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में सम्मानित किया गया। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी टॉपर्स को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र और पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छात्रों और उनके अभिभावकों में खासा उत्साह देखा गया। मैट्रिक परीक्षा 2026 में औरंगाबाद जिले के 14 छात्रों ने राज्य स्तरीय टॉप-10 सूची में स्थान बनाकर जिले का गौरव बढ़ाया। इनमें ऋतु कुमारी, रोहित कुमार चौधरी और कुणाल किशोर ने 485 अंक प्राप्त कर राज्य में छठा स्थान हासिल किया। वहीं रिया सिंह, अमन कुमार और आकाश कुमार ने 483 अंक के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया। रीना कुमारी, प्रिंस कुमार, शिवम कुमार, आयुष कुमार, दिव्यांशु कुमार और संजीत कुमार ने 482 अंक के साथ नौवां स्थान पाया, जबकि सलोनी कुमारी और शिव कुमार ने 481 अंक लाकर दसवां स्थान प्राप्त किया।

इंटरमीडिएट परीक्षा में भी जिले के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय में मदनपुर कॉलेज के संजीत कुमार ने 474 अंक के साथ जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया, जबकि प्रिंस कुमार 472 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। संजय शेखर और चांदनी कुमारी ने 468 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। कला संकाय में सुजाता वर्मा और सृष्टि भारती ने 470 अंक के साथ संयुक्त रूप से जिला टॉप किया। दिव्या कुमारी 465 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि रोहित यादव और अभिषेक कुमार सिंह ने 463 अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में जिज्ञासा कुमारी ने 453 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया और रौशन कुमार सिंह ने 447 अंक हासिल किए। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डीएम अभिलाषा शर्मा ने कहा कि सफलता निरंतर प्रयास, अनुशासन और सकारात्मक सोच का परिणाम होती है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें और नियमित अध्ययन को अपनी आदत बनाएं। उन्होंने सभी मेधावियों को जिले का ब्रांड एंबेसडर बताते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया।

# ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत, हत्या की आशंका भी जताई

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां गोरडीहा गुमटी के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है, हालांकि स्थानीय लोग इस घटना को लेकर हत्या की आशंका भी जता रहे हैं। घटना रफीगंज स्टेशन के समीप पोल संख्या 506/3-5 के बीच की है, जहां सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर एक युवक का शव पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि शव जिस स्थिति में मिला है, उससे यह केवल ट्रेन हादसा प्रतीत नहीं होता। उनका आरोप है कि युवक की पहले हत्या की गई और बाद में शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया गया। वहीं, पुलिस फिलहाल मामले को संदेहास्पद मानते हुए हर पहलू से जांच कर रही है। थाना प्रभारी शंभू कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन दुर्घटना का प्रतीत होता है, क्योंकि शव के पीठ और पैरों पर घसीटे जाने के निशान पाए गए हैं।

### उग्र प्रदर्शन : उत्तर कोयल नहर परियोजना का लाभ नहीं मिलने पर फूटा आक्रोश

# 11 प्रखंडों के किसानों ने निकाला प्रतिवाद मार्च, जल संसाधन विभाग को सौंपा ज्ञापन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




उत्तर कोयल नहर परियोजना से अपेक्षित लाभ नहीं मिलने और सिंचाई की पुरानी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर औरंगाबाद तथा गया जिले के किसानों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को 11 प्रखंडों के किसानों ने एकजुट होकर प्रतिवाद मार्च निकाला और अपनी मांगों को सरकार एवं प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास किया। यह मार्च उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष नंदलाल यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्रतिवाद मार्च गांधी मैदान से शुरू होकर जल संसाधन विभाग तक पहुंचा, जहां किसानों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई। किसानों का कहना है कि उत्तर कोयल नहर परियोजना का लाभ अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे औरंगाबाद और गया जिले के हजारों किसान प्रभावित हो रहे हैं और उन्हें सिंचाई के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कई अहम मांगें उठाईं। उन्होंने नहर के मुख्य शाखा में 211 आरडी पर सीआर गेट में फाटक लगाने तथा नहर में बने अवैध अवरोधों को हटाने की मांग की। किसानों का कहना है कि इन बाधाओं के कारण पानी का प्रवाह बाधित होता है और अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पाता, जिससे बड़ी संख्या में किसान सिंचाई से वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा चेई नवादा, कोटवारा और अंगरा कैनाल की शीघ्र सफाई कराने की भी मांग की गई, ताकि आगामी खरीफ फसल 2026 के दौरान किसानों को पर्याप्त पानी मिल सके। किसानों ने अंगरा शाखा नहर के इस्माइलपुर तथा कोटवारा शाखा नहर के देव रोड हॉल्ट के पास रेल पुल निर्माण की भी मांग उठाई। उनका कहना है कि इन स्थानों पर पुल बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि सिंचाई व्यवस्था भी बेहतर हो सकेगी। इसके साथ ही कुटकू डैम में फाटक लगाने और भूमि अधिग्रहण के मामलों में 2013 के कानून का पालन सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। किसानों ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से अपनी समस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन, पत्राचार और वार्ता करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। हालांकि इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का ध्यान जरूर गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार अब भी नजर नहीं आ रहा है। मोर्चा के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसानों ने सभी वर्गों से एकजुट होकर इस आंदोलन में भाग लेने की अपील की है। साथ ही यह भी घोषणा की गई कि 22 अप्रैल को गया में भी इसी तरह का प्रतिवाद मार्च आयोजित किया जाएगा, जिससे इस आंदोलन को और व्यापक बनाया जा सके।

# 20 अप्रैल से मॉर्निंग शिफ्ट में चलेंगे कोर्ट

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** भीषण गर्मी को देखते हुए जिले में न्यायिक कार्यप्रणाली में अस्थायी बदलाव किया गया है। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद तथा अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर में 20 अप्रैल 2026 से मॉर्निंग कोर्ट की व्यवस्था लागू की जाएगी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार के आदेश पर दोनों न्यायालयों में सुनवाई सुबह 7:30 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:00 बजे तक चलेगी, जबकि कार्यालय कार्य सुबह 7:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक संचालित होंगे। इस संबंध में अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद तथा अनुमंडलीय विधिज्ञ संघ दाउदनगर के अनुरोध पर यह निर्णय लिया गया है। गर्मी के मौसम में दोपहर के समय अत्यधिक तापमान के कारण वादकारियों, अधिवक्ताओं और न्यायिक कर्मियों को काफी परेशानी होती है, जिसे देखते हुए हर वर्ष की तरह इस बार भी समय परिवर्तन किया गया है। नई समय-सारिणी 20 अप्रैल से 27 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी और इस अवधि में दोनों न्यायालयों में सभी कार्य इसी अनुसार संपन्न होंगे।

# जनता दरबार में सुनी गईं जनसमस्याएं

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिला प्रशासन द्वारा आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित जनता दरबार में शुक्रवार को बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में "सात निश्चय-3" के अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत इस जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे डीएम के समक्ष रखीं। जनता दरबार के दौरान कुल 70 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, भूमि विवाद, नाली-गली निर्माण, सड़क, आंगनबाड़ी, जमाबंदी, आवास योजना, भूमि मापी समेत अन्य जनहित से जुड़े मामले प्रमुख रहे। जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

# धुरिया में सात दिवसीय देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं भागवत कथा का हुआ भव्य समापन

- हवन-पूजन और महाआरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

**निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)**



बारुण प्रखंड के ग्राम धुरिया में आयोजित सात दिवसीय देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया। कार्यक्रम का समापन हवन-पूजन, महाआरती और भंडारा के साथ भव्य तरीके से किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर महाप्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत 11 अप्रैल को जलभरी के साथ हुई थी, जिसके तहत पूरे गांव में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम संचालित किया गया। सात दिनों तक यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष सह पिपरा पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम चलता रहा। इस दौरान श्रीराम प्रपन्नाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान किया, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। समापन के अवसर पर विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और कर्मकांड के साथ ग्राम देवी की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

इसके साथ ही संकट मोचन हनुमान जी की मूर्ति की भी स्थापना की गई, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। आयोजन के दौरान यज्ञ फेरी के छठे दिन डिंपल कुमारी और शिल्पी कुमारी ने लगातार 12 घंटे तक यज्ञ की परिक्रमा कर श्रद्धा और भक्ति का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

